>

Title: Combined discussion on Demands for Supplementary Grants (Railways), 2007-08 and Resolution regarding approval of recommendations in sixth report of Railway Convention Committee (2004).

MR. CHAIRMAN: Now, the House shall take up Items 29 and 30 together. Shri Lalu Prasad.

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI): Sir, before you call the hon. Minister, I have to inform the House that today we may have to be prepared to sit late in the evening to participate in this discussion. We have arranged dinner for the Members, Secretariat staff of the Parliament and also the staff of the Lok Sabha Secretariat. We have to complete the entire discussion today. I have talked to the Speaker also. Tomorrow, immediately after the Question Hour, the hon. Minister will reply.

रेल मंत्री (श्री लालू प्रसाद) : इसे आज ही पारित करवा दीजिए। It should be passed today.

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI: If you want to pass it today, we have no problem.

SHRI LALU PRASAD: I have no problem.

MR. CHAIRMAN: Okay, it is approved by the House.

The hon. Member may now move the Resolution please.

SHRI LALU PRASAD: I beg to move the following Resolution:-

"That this House approves the recommendations contained in Paras 54, 55, 56, 57, 58, 59, 60 and 61 of the Sixth Report of Railway Convention Committee (2004) appointed to review the rate of dividend payable by the Railway Undertaking to General Revenues etc., which was presented to the Lok Sabha on 26th April, 2007."

---

*Moved with the recommendation of the President.

MR. CHAIRMAN: Motions moved:

"That the supplementary sums not exceeding the amounts shown in the third column of the Order Paper be granted to the President of India, out of the Consolidated Fund of India, to defray the charges that will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 2008, in respect of the head of Demand entered in the second column thereof against Demand No. 16. "

"That this House approves the recommendations contained in Paras 54, 55, 56, 57, 58, 59, 60 and 61 of the Sixth Report of Railway Convention Committee (2004) appointed to review the rate of dividend payable by the Railway Undertaking to General Revenues etc., which was presented to the Lok Sabha on 26th April, 2007."

डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर) : सभापति महोदय, हम रेलवे की अनुदानों की पूरक मांगों पर चर्चा करने जा रहे हैं। यह सही है कि पिछले दिनों रेलवे ने जो प्रगति की है और जिस प्रकार उसका वित्त उपस्थित हुआ है, उसके कारण सभी को प्रसन्नता हुई है, लेकिन रेलवे में अभी भी बहुत किया जाना बाकी है। इन अनुदानों की मांगों में कतिपय कुछ ऐसी बातों का उल्लेख किया गया है जिनकी पहले भी चर्चा की गयी है, विशेष तौर पर पश्चिम रेलवे के उन क्षेत्रों में जहां पर गुड्स शेड्स की आवश्यकता थी, देवास में, लक्ष्मीबाई नगर में, मांगलिया में तथा उन क्षेत्रों में जहां और निवेश की आवश्यकता है, उसके बारे में यहां मांग रखी गयी है। इन मांगों के बारे में हम आपका निश्चित रूप से समर्थन करेंगे क्योंकि उक्त मांगें हमने भी रखी थी। लेकिन कुछ अन्य बातों की ओर मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। कुछ बातें अवश्य ऐसी हुई हैं जिससे रेलवे में परिवर्तन लाकर आपने आज इस जगह पर खड़ा कर दिया है, लेकिन आज भी रेलवे में सुप्रबन्ध और सुव्यवस्था की बहुत आवश्यकता है, जिसके अभाव में रेलवे में आपके द्वारा जो अच्छे काम किए गए हैं, उन पर भी पानी फिरता जा रहा है। हम नहीं चाहते हैं कि आपके अच्छे प्रयासों पर इस तरह से पानी फिर जाए, इसलिए मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ कि आपने जो सुविधाएं प्रदान की है, उन सुविधाओं का लाभ न देकर किस तरह से रेलवे में मनमानी चल रही है, उसके दो-तीन उदाहरण मैं आपके सामने रखना चाहता हूँ। रेलवे में एक अच्छी योजना आप लागू करने जा रहे हैं। यह फ्रेट कारीडोर की योजना पश्चिम में भी होगी और पूर्वी क्षेत्र में भी होगी। इससे निश्चित रूप से माल की ढुलाई कम समय में हो सकेगी, गुड्स का आवागमन सुगम हो सकेगा। लेकिन इस योजना पर कितना धन व्यय होगा और उसका प्रबन्ध आपने किस सप्रकार से किया है? क्या इसमें आप जापान से किसी प्रकार से सहयोग लिया जा रहा है? यदि हां, तो जापान से कितना सहयोग लिया जाएगा और किस प्रकार से इस योजना में निजी क्षेत्र से कितना सहयोग आप लेना चाहते हैं? आपने पहले रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण की घोषणा की थी।[R42]

उनके आधुनिकीकरण के लिए आपने जिन रेलवे स्टेशंस का उल्लेख किया है, उनमें मुम्बई, पटना, हावड़ा, भोपाल, अहमदाबाद, अमृतसर, जयपुर हैं,लेकिन इस पर कितना खर्च होगा और उसमें निजी क्षेत्र का हिस्सा कितना होगा तथा रेल विभाग कितना खर्च करेगा, इसका भी ब्यौरा दें? इसी के साथ क्या उसके पूरा करने के लिए आपने समयावधि निश्चित की है कि एक या दो साल में या फिर अगली पंचवर्षीय योजना में उसे पूरा करेंगे, इसका भी उल्लेख अपने जवाब में करने की कृपा करें? फ्रेट कॉरीडोर के बारे में भी आप कितना समय लेंगे और वह किन-किन क्षेत्रों में जाएगी, इस बारे में भी बताएं? यद्यपि आपने योजना का प्रारूप दिया है, लेकिन उसमें विस्तार से जाने की आवश्यकता है, ताकि हमें पूरी जानकारी मिल सके कि उससे कितने क्षेत्र लाभान्वित होंगे और यह कब तक पूरी हो जाएगी।

मैं एक बात और कहना चाहूंगा। समाचार पत्रों में छपा है कि आपने एक योजना लागू की है कि अगर ए.सी. श्रेणी में खाली जगह हो तो उसमें सामान्य स्लीपर वाला भी बैठ सकता है। इसका परिणाम यह हो रहा है कि ए.सी. श्रेणी वाले यात्रियों को धक्का देकर बाहर कर दिया जाता है और उसमें सामान्य श्रेणी वाले लोग बैठ जाते हैं। यह समाचार 'राष्ट्रीय सहारा' के 10 अक्टूबर के अंक में छपा है। उसमें बताया है कि लालू प्रसाद जी के अठन्नी में रुपए की रेलयात्रा का लाभ बड़ी संख्या में रेल यात्रियों को मिल रहा है। कुछ यात्री ऐसे भी हैं जिन्हें टिकट से वास्तविक यात्रा का लाभ नहीं मिल रहा है। वे अपने हक के लिए ट्रेन में टिकट परीक्षक से गुहार करते रहते हैं और बेबस टिकट परीक्षक आरक्षण चार्ट का हवाला देकर उन्हें शांत कर देता है। यह सब हो रहा है, रेल मंत्री जी की टिकट अपग्रेड योजना के तहत। इसलिए मंत्री जी इस पर भी ध्यान देने की कृपा करें कि जिस प्रकार यात्री लाभान्वित होने चाहिए वे क्यों नहीं हो रहे हैं। इससे काफी नुकसान भी हो रहा है।

जिन प्लेटफार्म्स को बढ़ाने की बात आपने कही है, उनके न बढ़ाने के कारण भी काफी नुकसान हो रहा है। आपने यूनीगेज की बात कही है। आप अमान परिवर्तन करने जा रहे हैं। कुछ समय पहले लालू जी जब मेरे क्षेत्र में गए थे, तो इन्होंने रतलाम-नीमच रेल लाइन के अमान परिवर्तन के बाद गाड़ी परिचालन का शुभारम्भ किया था। उसके बाद इन्होंने एक और घोषणा की थी कि रतलाम से अकोला तक का भी अमान परिवर्तन होगा। मैं चाहता हूं कि उसे भी शीघ्र पूरा किया जाए, अन्यथा अजमेर से लेकर रतलाम तक तो अमान परिवर्तन हो गया है, वह एक प्रकार से अधूरा लगता है। अगर रतलाम से अकोला तक का अमान परिवर्तन नहीं किया जाएगा तो दक्षिण भारत से हम नहीं जुड़ पाएंगे। यह बीच का हिस्सा है इसलिए इस कार्य को शीघ्र ही योजना बनाकर कार्यान्वित करने की कृपा करें।

प्रबंधन के बारे में आपने कहा है और कुछ गाड़ियों को अपग्रेड करने की बात कही है। जिस प्रकार से आपने सुपर फास्ट गाड़ियां चलाने के लिए कहा है, उसके लिए सुपर फास्ट का चार्ज भी ले रहे हैं, लेकिन वे गाड़ियां हर स्टेशन पर रुक रही हैं। मैं उदाहरण देना चाहूंगा, इंदौर से निजामुद्दीन के बीच चलने वाली गाड़ी सुपर फास्ट है और उसका सुपर फास्ट का चार्ज भी लिया जाता है।

श्री लालू प्रसाद : आप लिखित में दे दें। हम लोग नाम नोट कर लेंगे, बाकी प्रोसीडिंग में चला जाता है। अगर लिखित में देंगे तो ध्यान देंगे और समय पर काम होगा। इसलिए आप लिखित में सुझाव दे दें।

सभापति महोदय : लिखित में देने से लाभ होगा, तो इसमें कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए।

डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय : मैं लिखित में भी दूंगा। लेकिन मैं आपको कहना चाहता हूं कि आप जो बात कहते हैं, वह आपके रेलवे बोर्ड के अधिकारी नहीं मानते हैं। रेलवे बोर्ड के अधिकारियों को बार-बार कहने के बाद भी काम नहीं होता है। आपने घोषणा की थी कि अमुक रेलगाड़ी अमुक स्टेशन पर रुकनी चाहिए। मैं आपसे मिला भी था। उस समय आपके चेम्बर में राम कृपाल यादव जी भी बैठे हुए थे। आज तक वह रेलगाड़ी उस स्टेशन पर नहीं रुकती है। लगता है रेलवे में लालू जी की चलती नहीं है।

सभापति महोदय: इन्हीं की चलती है, और किसी की नहीं चलती है।

डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय : अगर रेलवे बोर्ड आनाकानी करता है और काम नहीं करता है तो हमें बड़ा आश्चर्य होता है।

श्री लालू प्रसाद : पांडे जी, आप गाड़ी कहां रुकवाना चाहते हैं?

डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय : लालू जी, मैंने आपसे कहा था का मंदसौर में गाड़ी रुकनी चाहिए। उदयपुर से जो गाड़ी बांद्रा जाती है, मंदसौर में पशुपतिनाथ जी का मंदिर है और जावरा में हुसैन टेकरी शरीफ एक बड़ी दरगाह है, वहां गाड़ी रुकनी चाहिए, दोनों स्थानों पर गाड़ी रुके, लेकिन यह काम नहीं हो रहा है। आपने दूसरे स्थानों पर ओवर-ब्रिजेज बनाने की बात कही है, पश्चिमी रेलवे के रतलाम में आपने नया प्लेटफार्म तो बना दिया, लेकिन उसपर ओवरब्रिज नहीं बनाया है। पांच नम्बर के प्लेटफार्म से अगर सात नम्बर प्लेटफार्म पर जाएं तो कैसे जाएं? ओवरब्रिज न होने के कारण यात्रियों को बड़ी परेशानी होती है और एक्सीडेंट होने का खतरा रहता है।

ठीक इसी प्रकार से मंदसौर और नीमच में भी फुट ओवरब्रिजेज नहीं हैं, जिसके कारण वहां भी एक्सीडेंट का खतरा बना रहता है। आप यहां फुट ओवरब्रिजेज बनाने का काम शीघ्रातिशीघ्र करवाएं, आपके बजट में इसके लिए राशि सैंक्शन्ड है, लेकिन कार्य में विलम्ब हो रहा है और विलम्ब होने के कारण वहां पर आठ-दस दिन में एक एक्सीडेंट्स हो ही जाता है। एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर क्रासिंग के लिए यात्री लोग इधर से उधर जाते हैं तब उन्हें बड़ी दिक्कत होती है।

इसके साथ ही रेलवे केटरिंग की ओर मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। जिस प्रकार से रेलवे का अपना केटरिंग है, उस केटरिंग में ठीक से खान-पान की सुविधा नहीं है। आपने जो निजी केटरिंग के ठेके दे रखे हैं, ठेकेदारों के द्वारा काम ठीक से नहीं किया जा रहा है। कृपया इस ओर भी आप अपना ध्यान दे, ताकि खान-पान की सुविधा ठीक हो सके। जैसा आपने कहा, बाकी चीजें मैं आपको लिखकर दे रहा हूं।

मेरे क्षेत्र में लोगों को आमान परिवर्तन की योजनाओं का लाभ तभी मिल पाएगा, जब आप उदयपुर से लेकर चित्तौड़, चित्तौड़ से लेकर रतलाम, चित्तौड़ से लेकर अजमेर लाइनों का दोहरीकरण और विद्युतीकरण शीघ्र करेंगे। दोहरीकरण और विद्युतीकरण जब तक इस लाइन का नहीं होता है तब तक इस लाइन का कोई विशेष लाभ नहीं है। इस लाइन से पैसेंजर्स को वर्तमान में कोई विशेष लाभ नहीं है। वहां पर 10-11 गाड़ियां मीटरगेज पर चलती थीं, आज केवल दो गाड़ियां चल रही हैं, यात्री परेशान हैं। मैं समझता हूं कि यात्री रतलाम से अजमेर-जयपुर होकर सीधे दिल्ली पहुंच सकें, इसकी भी बहुत आवश्यकता है। मैंने कुछ बातों की ओर आपका ध्यान आकर्षित किया है। मैं पहले भी रेलवे प्लेटफार्म के विस्तार के बारे में,यात्रियों की सुविधाओं के बारे में, टायलेट्स के बारे में, नयी गाड़ियां इस रेल खंड पर चलाने के बारे में कह चुका हूं। उदयपुर से लेकर रतलाम और रतलाम से वाया नागदा-इंदौर जाइये तथा वाया नागदा-उज्जैन-भोपाल जाइये, यदि ये गाड़ियां इस प्रकार से जाती हैं तो भोपाल राजधानी है और राजधानी में जाने का लाभ लोगों को मिल जाएगा क्योंकि अभी रतलाम से इंदौर की गाड़ी कोई है ही नहीं, वहां तो मीटर गेज है। वहां कनैक्शन नहीं है। वर्तमान में जो वहां गाड़ियां चल रही हैं, उनमें मीटर गेज और ब्रॉडगेज का भी कनैक्शन नहीं है। एक गाड़ी आ जाती है तो दूसरी गाड़ी तीन घंटे बाद मिलती है। इसलिए इनका कनैक्शन भी ठीक करियेगा। जहां आप दूसरी सुविधाएं लोगों को दे रहे हैं, स्टेशनों का आधुनिकीकरण आप कर रहे हैं, विदेशों की तर्ज पर बड़ी सुविधाएं देने जा रहे हैं लेकिन छोटी-छोटी सुविधाओं का अभाव है। मैं चाहूंगा कि उन सुविधाओं की ओर आप ध्यान दें। शेष बातें जो मेरे निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित हैं, मैं लिखकर दूंगा। अंत में मैं फिर निवेदन करूंगा कि कृपया आप याद रखियेगा, आपने जो आश्वासन दिया है उन्हें पूरा करवा दीजिएगा ताकि गाड़ियां वहां पर रुक जाएं और लोग कहें कि लालू जी की कही हुई बातें ठीक थीं, अन्यथा लोग कहेंगे कि लालू जी द्वारा कही हुई बात पूरी नहीं हो पाती है।

* महोदय, मैं कतिपय अन्य महत्वपूर्ण मांगों या आवश्यकताओं की ओर ध्यान आकर्षित कर रहा हूं। नीमच -रतलाम के मध्य अमान परिवर्तन हुआ है तथा चित्तौड़-अजमेर के मध्य भी किंतु विद्युतीकरण व लाइन का दोहरीकरण के अभाव में वास्तविक लाभ नहीं मिल रहा है। अतः उक्त मार्ग का विद्युतीकरण व दोहरीकरण हो। साथ ही

रतलाम अकोला रेल खण्ड का अमान परिवर्तन हो। रेलवे में सुपूबंध की आवश्यकता है। एसी वालों को बाहर कर दिया जाता है और समान्य श्रेणी के अंदर आ जाते हैं फिर

_____*...* This part of the speech was laid on the Table

निरीक्षक असहाय होता है। पिछले दिनों यात्री डिब्बों के बारे, इंजनों के विषय में तथा माल डिब्बे के निर्माण के बारे में चर्चा हुई । इनका मूर्त रूप हो नये वैगन्स व नये यात्री डिब्बों की जहां आवश्यकता है वहीं इंजिनों की भी इसे शीघ्र पूरा किया जाये।

कतिपय समाचार पत्रों में एसी कोच में यात्रा करने वालों की परेशानियां भी प्रकाश में आयी हैं उन्हें ठीक किया जाना चाहिए इसी तरह रेल यात्रियों को जबरन बाहर फेंक दिया जाता है इसका भी सुपूबंध हो और उनकी सुरक्षा हो। ट्रेनों से यात्रियों को बाहर फेंका गया समाचार पत्रों में विस्तार से आया है फ्रंट कॉरीडोर के बारे में विस्तार से पूरी योजना बनाए क्या विदेशी निवेश भी होगा? कब तक कार्य पूरा होगा? इसी प्रकार स्टेशनों के आधुनिकी करण पर भी निजी निवेश की बात आई है क.पया स्पष्ट करें।

अब मैं निर्वाचन क्षेत्र की कुछ मांगे रख रहा हूं। चित्तौड़, रतलाम के मध्य और गाडियां यात्री सुविधा के लिए चलाई जावे व वर्तमान में चल रही सभी गाडियों का स्टापेज ढोढर, जावरा, मंदसौर पिपलिया, मल्हारगढ़ में हो। नीमच से इंदौर वाया नागदा उज्जैन व भोपाल भी वाया नागदा उज्जैन चलाई जावे। सुपर फास्ट ट्रेन का किराया है लेकिन गाड़ी लोकल की तरह है अतः सुपरफास्ट का किराया या चार्ज न लिया जाये।

मंदसौर जओरा व नीमच में फुट ओवर ब्रिज बनाई जाये व प्लेटफार्म पर शेड हो। मंदसौर में रेक पाइंट सुविधा हो। शामगढ़ (पश्चिम रेलवे) स्टेशन पर जम्मू तवी सुपरफास्ट का ठहराव हो। इसी तरह इंदौर जोधपुर का ठहराव सुवासरा में हो व इंटरसिटी इंदौर निजामुददीन का गरोठ में हो।

मैं चाहूंगा कि यात्री सुविधा अच्छी हो गाड़ियों का परीचालन ठीक हो तो व जंक्शन पर कनैक्शन व्यवस्थित हो।

रेलवे अनुदान की पूरक मांगे 2007-08 के बारे में पुनः दोहराता हूं। कतिपय महत्वपूर्ण मांगें मंदसौर जावरा व मंदसौर में स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज बनाया जाये बांद्रा-उदयपुर का स्टापेज मंदसौर व जावरा स्टेशनों पर हो। उदयपुर से नीमच रतलाम होकर वाया नागदा उज्जैन इन्दौर व भोपाल गाड़िया चलाई जाये। रतलाम-नीमच के मध्य वर्तमान में चल रही गाडियों का कनैक्शन रतलाम में ठीक से समयचक्र तदनुसार बनाया जाये।ओ

सभापति महोदय : जो सदस्य अपना भाषण और सुझाव टेबल पर रखना चाहते हैं वे रख सकते हैं, वह प्रोसीडिंग में चला जाएगा।

श्री जय प्रकाश (हिसार): सभापति महोदय, माननीय रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव जी ने जो अनुपूरक मांगे रखी हैं मैं इनके समर्थन में खड़ा हुआ हूं। हमारे प्रतिपक्ष के साथी भी इस बात को मानते हैं कि रेल का विभाग जो घाटे में था लेकिन माननीय मनमोहन सिंह जी के मार्ग-दर्शन और माननीय लालू प्रसाद जी के हाथों रेलवे को जिस तरीके से लाभ की दिशा में पहुंचाया है, उसके लिए मैं उनको धन्यवाद करता हूं। साथ ही मैं प्रतिपक्ष के अपने साथियों को भी धन्यवाद देता हूं। [r43]इन्होंने इस बात को माना कि रेल बढ़िया चल रही है। पिछले दिनों जो वेक्न्स खरीदी गई थी, उनकी जरूर जांच करायी जाए। मुझे रेल के अधिकारियों से यह पता लगा है कि वेक्न्स ठीक से काम नहीं करती हैं। अगर घटिया सामान खरीदा जाएगा तो उसका रेलवे को लाभ नहीं होगा। रेल भाड़ा न बढ़ाना, दो बड़े-बड़े कॉरिडोर बनाना प्रगतिशील कार्य हैं। आपने पूरे देश में रेलवे ओवर ब्रिज भी बहुत बनाए हैं। इसमें दो-तीन बहुत महत्वपूर्ण हैं - दिल्ली से भटिंडा का जो ट्रैक है, जीन्द एक रेलवे जंक्शन है वहां नेशनल हाईवे नम्बर 71 है, वहां फाटक पर दो-दो घंटे तक जाम लगता है, दो रेलवे लाइनें वहां से क्रॉस करती हैं - एक जीन्द से पानीपत की तरफ जाती है और दूसरी जीन्द से दिल्ली- भटिंडा की है। वहां रेलवे ओवर ब्रिज बनाया जाए। इसी तरह से नरवाना में नेशनल हाई वे नम्बर 65 है। हिसार से चंडीगढ़, सिरसा से चंडीगढ़ का जो ट्रैफिक है, नरवाना में रेलवे फाटक में कई-कई घंटे तक वाहन खड़े रहते हैं, उससे लोगों को दिक्कत आती है। उचाना एक धार्मिक स्थल है। वहां रेलवे ओवर ब्रिज बनाया जाए। उसके एक तरफ मंडी है और दूसरी तरफ गांव है. लोगों को आने-जाने की बड़ी दिक्कत है। आपने पिछली बार घोषणा की थी कि देश में कही भी अनमैंड फाटक नहीं होंगे। मेरे संसदीय क्षेत्र में 3-4 अनमैन्ड फाटक हैं जिस के ऊपर हमारी राज्य सरकार ने सड़कें बनानी हैं। वे सड़कें इसलिए नहीं बन रही हैं कि वहां मैंड फाटक नहीं हैं, मैंड रेलवे क्रॉसिंग नहीं है। जीन्द से भटिंडा को जाते हैं तो जुलानी एक गांव है। वहां शुगर मिल है। वहां रेलवे क्रॉसिंग बनाया जाए। हरियाणा सरकार वहां सड़क बनाने के लिए तैयार है।

इसी तरह से खेड़ी मसानिया में 6-7 गांव पड़ते हैं। वहां भी अनमैंड फाटक हैं। वहां मैंड क्रॉसिंग बनाया जाए। हिसार से भटिंडा जो रेल लाइन है, उसके पास एक नया गांव है। वहां पिछले 25 वर्ष से अनमैंड रेलवे क्रॉसिंग है। वहां दुर्घटनाएं घट जाती हैं। वहां जब तक मैंड क्रॉसिंग नहीं होंगे, प्रदेश सरकार तब तक वहां सड़क नहीं बनाएगी। 30 किलोमीटर दूर गांवों के लोगों को मात्र चार किलोमीटर की बजाय 30 किलोमीटर लंबा रास्ता तय करना पड़ा है। उसी ट्रैक में सटली एक गांव है। वहां मैन्ड क्रॉसिंग लगा देंगे तो हरियाणा सरकार वहां सड़कें बनाने का काम करेगी। माननीय जीएम साहब जीन्द गए थे। जीन्द से पानीपत एक ट्रैक है। वहां सुन्दरपुर गांव में एक हाट बनना है। रेल विभाग द्वारा यह कहा गया कि वहां बिल्डिंग बनेगी। वहां बिल्डिंग बन गई है। रेलवे प्लेटफार्म बना दिया गया लेकिन वहां रेलें नहीं रुकती है। वहां रेलें रोकी जाएं।

हरियाणा के मुख्यमंत्री जी ने रेल विभाग को एक चिट्ठी लिखी है। जीन्द एक रेलवे जंक्शन है।

जीन्द से सोनीपत रेल लाइन बिछाने का काम जल्द से जल्द पूरा किया जाए। हरियाणा पहला प्रदेश है जहां एक रेल लाइन बिछायी गई जिसका काम अभी चल रहा है। रिवाड़ी से रोहतक वाया झज्जर में रेल लाइन बनाने के लिए आधा पैसा प्रदेश सरकार ने दिया है। हिसार स्टील सिटी के नाम से जाना जाता है। उसका दिल्ली से कोई कनैक्शन नहीं है। एनसीआर का भार कम करने के लिए केन्द्र सरकार कई कदम उठा रही है। हांसी से रोहतक एक रेलवे लाइन बना दी जाए। इससे दिल्ली, रोहतक, हांसी और हिसार सीधा कनैक्ट हो जाएगा। अभी लोगों को दायें-बायें चक्कर लगा कर आना पड़ता है। [a44]यदि केंद्र सरकार स्वीकृति दे दे, रेल मंत्रालय स्वीकृति दे दे तो हरियाणा प्रदेश सरकार आधा खर्चा देने के लिए तैयार है। जहां तक रेल चलाने की बात है, मैं हर सेशन में कहता हूं कि जींद हरियाणा प्रदेश का महत्वपूर्ण इलाका और जिला है, इसका इतिहास में नाम है, जींद से चंडीगढ़ तक कोई रेलवे लाईन नहीं बिछानी है, जींद-नरवाणा-कुरुक्षेत्र-अम्बाला-चंडीगढ़ सीधा रेलवे ट्रैक है, एक रेल सुबह जाए और शाम को आए, इस तरह से चला दी जाए तो रेल मंत्री जी की बहुत मेहरबानी होगी।

इसके अलावा एक और रेल दिल्ली से रोहतक जाती है, अगर उसे जींद तक बढ़ा दिया जाए तो जींद के साथ जो एनसीआर का इलाका लगता है, वहां डेली पैसेंजर को आने जाने में सुविधा होगी क्योंकि उनके लिए दिल्ली में रुकना बहुत कठिन है, इससे डेली पैसेंजर, उपभोक्ता और परचेजर जो आते हैं उनको सुविधा होगी। जींद से ब्यास एक

नई रेल चलाई जाए। हमारे साथी श्री अरविंद शर्मा ने जब रेल बजट आया था पिछले सेशन में भी कहा था और मैं अब उनकी तरफ से निवेदन करना चाहूंगा कि शान-ए-पंजाब को करनाल में रुकवा दिया जाए, हिमालय क्वीन को समालका में रुकवा दिया जाए। झेलम एक्सप्रेस पहले घरोंदा में रुकती थी, लेकिन यह कहकर रेलवे विभाग ने उसका स्टॉपेज कैंसल कर दिया कि इससे आमदनी नहीं है। मैं रेल मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि डेमोक्रेसी में सरकार केवल लाभ की बात न कहे क्योंकि कई ऐसे विभाग भी हैं जिन पर जनहित के लिए खर्च किया जाता है। समालका में डेली पैसेंजर्स को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है इसलिए झेलम एक्सप्रेस को घरोंदा में रुकवाया जाए।

मैं रेल मंत्री जी से एक बात कहना चाहता हूं, यहां वेलू जी बैठे हैं कि तीन वर्षों से हरियाणा प्रदेश में रेलवे ट्रैक बिछाना या नई रेलगाड़ी चलाना, जैसे जींद से बठिंडा का इलैक्ट्रिफिकेशन करना बाकी है। सारे देश की जनता रेल विभाग से खुश है लेकिन हरियाणा प्रदेश की जनता रेल विभाग से इसलिए खुश नहीं है कि एक भी अनमैन्ड फाटक को मैन्ड नहीं बनाया इससे हरियाणा का विकास रुका हुआ है। पांच मैन्ड फाटक बनाने हैं, क्योंकि जब रेल एक्सीडेंट होते हैं तो हमारी सरकार उस पर सड़क नहीं बनाती, जब हम प्रदेश सरकार को चिट्ठी लिखते हैं तब जवाब में चिट्ठी आती है कि आप केंद्र सरकार के रेल विभाग से लिखवाकर दीजिए कि यहां मैन्ड क्रॉसिंग बना देंगे ऐसा होने पर हम सड़क बना देंगे। देश का औद्योगीकरण हो रहा है, रास्ते छोटे होंगे और बढ़िया होंगे। यहां शुगर मिल बहुत बड़ी है, अगर जींद के पास दुलाड़ी मैन्ड क्रॉसिंग करा देंगे तो जो किसान को जो बीस किलोमीटर गन्ना ढोना पड़ता है, उसे सस्ता पड़ जाएगा। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा क्योंकि पिछली बार उन्होंने सदन के सामन हां कर दी थी, जैनियों का एक तीर्थ स्थान बड़ौदा जो जींद और उचियाना के बीच में पड़ता है यानी दिल्ली या जींद से जो ट्रैक जाकड़ को जाता है, वहां जैनियों के बहुत बड़े साधु और संत हुए हैं। वहां हाल्ट रेलवे या सरकार बना दे तो हम प्लेटफार्म के लिए काफी खर्चा मांग कर देंगे, वहां बड़ौदा रेल हॉल्ट बनाया जाए। मैं रेल मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि आप ये काम करवा दें चाहे बजट जितना मर्जी रेल में खर्च कर दें। मैं फिर एक बार आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि तीन-चार रेल, मैन्ड फाटक, आरओपी जो हरियाणा प्रदेश में नहीं बने हैं, बनवा दें।

SHRI N.N. KRISHNADAS (PALGHAT): Sir, as everybody knows, the Indian Railways is on its wheels and is running in the right direction under the leadership of [MSOffice45]Shri Lalu Prasad.

While everybody is congratulating the Indian Railways for its good performance, we are deeply concerned over the overall development of Indian Railways, like constructing new rail lines, manufacturing new coaches, providing new facilities to the passengers, etc. While we are deeply concerned over the overall development of Indian Railways, I would like to say that it is indeed the development of Indian Railways which is helping the overall development of our nation itself. That is why everybody, including the Members of Parliament, political parties, is deeply concerned over the overall development of Indian Railways.

While we are discussing the Supplementary Demands for Grants, I think, this is the correct time to examine the progress of the on-going projects of Indian Railways provided in the current Budget. I would like to know from the hon. Minister whether any time limit has been fixed for completing the on-going projects. The reason why I am asking this information is because several ROBs are under construction for the past many years, particularly in my State of Kerala.

In our State, twenty ROBs are under construction over the last ten years. In my constituency, the ROBs LC-49, 50 and 159 are there. More than twenty ROBs are under construction in the State for the last ten years. Still their construction is going on. For the last ten years the construction work is going on. I am pointing out certain examples only. Sir, through you, I would like to ask the hon. Minister whether any time limit has been fixed for completing these construction works.

Coming to doubling of lines, the construction work of doubling of Shoranur-Mangalore was started in 1996, under Palakkad Division of Southern Railway. Even after the completion of twelve years, the construction is still going

on. While we are providing adequate funds and take up projects in a particular Budget, should we not fix a time limit for completing the work? So, I would like to know once again whether any time limit would be fixed for completing these projects. Though I am mentioning only a few projects, I would like to have the information for the country as a whole.

Due to time constraint, I am not going into the details. While participating in the debate on the Railway Budget, an apprehension of the people of Kerala was raised regarding the bifurcation of the existing Palakkad Division and creating a new Division in Salem. Now, that issue has been settled amicably. The hon. Prime Minister intervened in it; and the hon. Minister of Railways, Shri Lalu Prasad, also has taken an inspiring step to settle all these things.[MSOffice46]

Sir, the hon. Prime Minister and the hon. Minister, Shri Lalu Prasad, assured us during that discussion to sort out these issues. While giving the reply on the Railway Budget discussion last time, he assured on the floor of the House itself that a most modern coach factory will be provided in Kerala. Moreover, during the discussion with the hon. Prime Minister, he also assured us and the hon. Minister of Railways also assured us. So, I would like to know from the Ministry of Railways, through you, Sir, what are the steps taken so far to make it a reality.

Sir, I would like to make my third point in this discussion regarding the modernisation of the railway stations. This is also declared in the current Budget itself. Many a time, the hon. Minister, Shri Lalu Prasad, other hon. Ministers of State have mentioned in this august House while replying to a question about the modernization of the railway stations. I would like to know how many railway stations have been taken up and how many railway stations have started its work for the modernization, according to the provisions in the current Budget. So, I would like to ask this important question to the Ministry of Railways.

Sir, I must congratulate the Ministry of Railways that for the first time in the history of Indian Railways, the referendum has taken place under Southern Railways. The referendum took place from 26th to 28th November, 2007 for the approval of the railway unions under the Southern Railways. It was a very long pending demand and somehow now it has been made a reality.

The fourth point I would like to bring to the kind notice of the Ministry of Railways, through you, Sir is regarding the electrification of on-going projects. Once again, from Shoranur junction to Mangalore, the electrification project has not yet been taken up. So, I would urge upon the Ministry of Railways through you, Sir, that in the coming Budget itself, the electrification project may be taken up.

Now, I come to gauge conversion from Pollachi to Palghat. Now, part of this is settled by setting up a new railway division at Salem. Now, Pollachi area is decided to be incorporated with the existing Palghat Division. So, it is very important to fulfil the on-going project, gauge conversion from Pollachi to Palghat.

Sir, there is a very long-pending demand of Kerala regarding setting up of a new Railway Zone centralised in Kerala. We have submitted our demands before the hon. Prime Minister as well as to the Ministry of Railways which includes the existing Trivandrum Division, the newly set up Salem Division, existing Palghat Division and the part of Konkan Railway also. We constituted the Konkan Railway Corporation for its construction only. The construction is over. Now, for the operation, the existing Konkan Railway area should connect with any existing zone. Now, it has been separated from any of the existing zone. Konkan Railway Corporation started its work because it is constituted for the construction only. Now, the construction is over. So, with part of this Konkan Railway area, you incorporate a new zone with Trivandurm Division, Salem Division, Palghat Division. We can set up a new zone centralised at Kerala. [a47]

16.00 hrs.

It should be centralised at Kerala. So, we would urge upon the Government to look into that also.

This one is regarding construction of new railway lines. It is more important. Expansion of the railway facility to new areas is more important. It is more important to consider construction of how many kilometres of the railway line every year is taken up while considering the overall railway development in the country. So, there is a proposal. Surveys are over and everything is ready. Still, we are waiting only for the taking up of the project.

I now come to the new railway line construction from Kollangodu to Trichur. It is only a matter of very few kilometres, round about 50 kilometres is the distance in-between Kollangodu and Trichur. When we construct this railway line in-between Kollangodu and Trichur, the most important pilgrim centres of South India like Guruvayoor, Palani, Madurai will be well connected. So, in the coming Budget itself, I would urge upon the Government, the hon. Minister, through you, Sir, that these projects may be taken up. This new railway line construction from Kollangodu to Trichur should be taken up.

There is also very long pending demand. It is about the Nilambur-Nanjangoodu line. There was a very long-pending proposal from the Railway side itself. There is a proposal for the triangular railway station at Shoranur. The Railway Board itself made a formulation saying that instead of the triangular Railway Station, it is better for making a bulb station. I do not know what is the technicality involved in making out the bulb station. But the proposal came from the railway side itself. Whatever it may be, a triangular station or a bulb station at Shoranur Junction, this should be made out.

One important matter is there regarding certain trains. The hon. Minister of State is very much aware of it. All my colleagues from Tamil Nadu are there. They also may be very much aware of it.

16.03 hrs. (Shri Devendra Prasad Yadav *in the Chair*)

There are two important metropolitan cities in South India. One is Coimbatore and the other one is Kochin. Both are most important popular centres of commerce, trade, industry and everything. So, in-between Coimbatore and Kochin, an inter-city express should be introduced very shortly. The High Speed Passenger corridor from Thiruvananthapuram to Mangalore is a lifeline of Kerala. There is a proposal about the High Speed Passenger Corridor from Thiruvananthapuram to Mangalore. I would urge upon the Government to make it a reality very soon.

Finally, I would like to bring to the kind notice of the hon. Minister that while sorting out the issues when setting up the new Railway Division at Salem, there was an agreement. It was a written agreement. All the Members of Parliament from Tamil Nadu and Kerala, all the Ministers and the Railway Board officials were there. One of the important factors is that there would not be any forceful transfer, not even a single employee, from the existing Palakad Division to the Salem Division. This was an agreement between the Railway Ministry and the Members. It was a written agreement. But unfortunately very recently, a few

days back, a written order arrived at the Palakad Divisional Office to transfer more than 300 of the existing employees from the Palakad Division to the Salem Division. [R48]

Then, we requested the hon. Railway Minister and now somehow, it has been stayed. But, this is actually quite the violation of the understanding. So, I am requesting Minister of State for Railways to take care of this. This was the violation of the understanding. These are things which I would like to point out. I am concluding now, Sir.

DR. PRASANNA KUMAR PATASANI (BHUBANESWAR): Sir,

It is a matter of great regret and concern to putforth a particular demand for timely implementation to suppress the public agitation. Sir, due to constant demand of mine as well as the Hon'ble members of Orissa the Khurda-Bolangir railway line was sanctioned by the Railway department for quick implementation. In spite *of* our regular demand the money which has been placed in railway budget is not sufficient enough to cope-up the working pattern and for which the work has been badly delayed and expectedly it similar working pattern will continue then it will take minimum 20 years to complete the works.

Sir, you know also everybody knows Orissa happens to be the Poorest state in compare to others states of our nation India. The constant and deliberate negligence of political leaders and absence of political whims my state Orissa has been over-looked and side lined in all developing matters. We have been suffocated for a raped development of our states only through assurances. But in actual we are surpressed through deliberate and intentional humiliation by the beaurocrates. Orissa is a such a state where many areas as well as many districts constantly deprived of healthy communication due to lack of financial feasibility. For your information Khordha - Bolangir was decided to implement because these areas are flooded with schedule caste, schedule tribe and other sub tribes those who are very poor and these areas are Bolangir, Kandhamal, Phulbani, and Nayagarh district. For the times of independence to till date the people residing in these areas are deprived of better communication, better health, better education and better economic status. If Khordha-Bolangir rail line will be finished in a quicker time then west will join East, South will join west hence a better communication will start a new age in Orissa. The reach forest affluences and agriculture affluences will be better channelised there by giving a good economic dividend to the growers of these product. Besides this two poor states

* The speech was laid on the Table.
Bihar and Orissa will be joined through this new line and will help in exchange of financial viability through different trade.

Under this Painful circumstances I do urge to put forth my only demand to place more money through this project for quick implementation because the preliminary works such as acquire of public land and private land have been finished. Hence Hon'ble Minister Railway is duly also honestly requested to consider my appeal and a suitable steps may be initiated to place more money in this project.

Sir, my second submission is for the implementation of Railway over bridges near, "BIR SURENDRA SAI LEVEL CROSSING" and "SAHID NAGAR LEVEL CROSSING". Sir, because of constant demand entire capital city was surveyed by the Railway Department for the construction of overbridges in four level CROSSINGS.

i. POONAMA LEVEL CROSSING

ii. MALGODOWN LEVEL CROSSING

iii. SAHID NAGAR LEVEL CROSSING

iv. BIR SURENDRA SIA LEVEL CROSSING

These four level crossings were finalized because of anticipating a larger population and heavy trafficking to managing the situation. Out of these places only No. I and II have be finished but Illrd and IVth is to be implemented by the Railway departments. Inspite of frequent and time and again persuation no action has been taken by the Railway Authorities so far.

Sir, last two areas are thickly populated area due to adequate safety measures few hundreds of innocent lives are being sacrificed between these days. For these pathetic happenings ROAD BLOCKAGE has been a common feature in Bhubaneswar. Hence I do feel it my prime duty to put forth my second demand to place adequate funds for the construction of these overbridges immediately.

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) : माननीय सभापति महोदय, मैं आपका आभारी हूँ कि आपने व◌ान 2007-08 की अनुदानों की अनुपूरक मांगों (रेल) पर बोलने का अवसर प्रदान किया। चूंकि प्रतिव◌ान इसकी डिमांड होती है और जैसा हमारे लोकप्रिय रेल मंत्री श्री लालू प्रसाद यादव जी ने पहले भी बजट में कहा कि हम रेल को एयरलाइन्स से बिल्कुल मिला देंगे और जो सेवाएं एयरलाइन्स नहीं देगी, वह सेवाएं रेलवे से मिलेंगी। यह बड़ी खुशी की बात है। रेल किरायों में जो दस प्रतिशत की कमी की गई है, और साथ ही साथ जो एक तत्काल आरक्षण योजना लागू की थी, जिसमें 200 करोड़ रुपये का फायदा हुआ, इसके लिए मैं रेल मंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूँ और उनको धन्यवाद देता हूँ। वहीं पर यह देखा गया है कि तत्काल आरक्षण में जो हमारे वरिठ नागरिक हैं, उनको रियायत नहीं दी गई है। मैं आपके माध्यम से मांग करना चाहूंगा कि जो हमारे वरिठ नागरिक हैं, उनको भी तत्काल आरक्षण योजना में रियायत देने का कट करें ताकि उनको लाभ मिल सके। जहां तक पूरे देश की जो रिपोर्ट मंडल से आई है, वह बेहतर सेवा की रिपोर्ट आई है। जो रेल की आमदनी बढ़ी है, उसका एक मुख्य कारण यह भी है। 2006-07 में जैसा कि दर्शाया गया है कि पूर्वोत्तर रेलवे में 28 प्रतिशत की आमदनी हुई है, यह बहुत सराहनीय बात है। अभी रेल मंत्री जी ने कुछ माह पहले घो◌ाणा की थी कि फ्रीट कॉरीडोर में भारतीय रेलवे की महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं जिसमें जापान से कर्ज़ लेकर करीब 18200 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना है। मेरे ख्याल से इससे रेल की बेहतर सेवा उपलब्ध हो पाएगी। जो घो◌ाणा माननीय मंत्री जी ने की है, जो माल ढुलाई के लिए अलग से ट्रैक बनेंगे, तो मेरे ख्याल से यह बात एक बहुत अच्छी योजना है क्योंकि रेलवे को जो मुख्य फायदा है, वह मालगाड़ियों से ज्यादा होता है। इसका अलग ट्रैक हो जाएगा तो मेरे ख्याल से अभी जो पैसेन्जर या रेल कुछ लेट होती हैं, वे सही वक्त पर पहुंच जाएंगी। इससे बहुत बड़ा फायदा पैसेन्जर्स को मिलेगा।

वर्ष 2007-08 में 1 अप्रैल से 30 सितम्बर के दौरान कुल 32579 करोड़ 29 लाख रुपये का जो अनुमानित राजस्व लाभ हुआ है, मैं इसके लिए माननीय रेल मंत्री जी को बधाई देना चाहूंगा। उसके साथ साथ रेलटैल का जो दूरसंचार नैटवर्क 06-07 में 33.28 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाने में सफल हुआ है, उसके लिए भी मैं बधाई देना चाहूंगा।

जहां तक रेलवे को और बेहतर सेवा बनाने के लिए जो घो◌ाणा की गई है कि तेज रफ्तार की ट्रेनें चलाई जाएं और उसमें 12 राज्यों में हाई स्पीड पैसेन्जर कारिडोर योजना में आपने 12 राज्यों को इनक्लूड किया है, इसके लिए मैं मंत्री जी को बधाई देना चाहूंगा। उसमें मुम्बई, अहमदाबाद, दिल्ली, अमृतसर की जो रेल सेवा है, इसे तेज रफ्तार करने की जो योजना है, यह बहुत अच्छी योजना है। इससे य़ात्रियों को काफी लाभ मिलेगा। [h49]

सभापति महोदय, मैं दूसरी बात कहना चाहता हूं कि रेलवे की योजनाओं को पूरा करने के लिए निजी क्षेत्र से भी सहयोग लिया जा रहा है, जिसमें 19 शहरों का चयन किया गया है। आपके माध्यम से मैं रेल मंत्री जी से गुजारिश करना चाहूंगा कि उसमें कम से कम उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद को भी जोड़ें, क्योंकि इलाहाबाद विश्व के मानचित्र में है, तो बेहतर होगा।

महोदय, रेल मंत्री जी ने एक और घोषणा की है कि देश के 15 शहरों में विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशन बनाए जाएंगे। इनमें दिल्ली, मुम्बई, हावड़ा, चेन्नै, लखनऊ, पटना, अहमदाबाद, मंगलौर, सिकन्दराबाद, पुणे, भोपाल, त्रिवेन्द्रम, जयपुर, भुवनेश्वर और अमृतसर हैं। इनके साथ यदि आप इलाहाबाद को भी जोड़ लें, तो मेरे ख्याल से बहुत अच्छा होगा। वहां प्रति वर्ष माघ मेला, अर्ध कुम्भ मेला और कुम्भ मेला लगता है और करोड़ों की संख्या में केवल देशी ही नहीं बल्कि विदेशी सैलानी भी आते हैं। इलाहाबाद अपने आप में आजादी का एक केन्द्र बिन्दु रहा है। धार्मिक स्थल भी है और ऐतिहासिक तौर पर उस शहर का महत्व है। मेरे ख्याल से 15 शहरों के अलावा उसमें 16वें शहर के रूप में इलाहाबाद को जोड़ा जाना चाहिए।

महोदय, श्री लालू प्रसाद, रेल मंत्री महोदय ने विनिवेश के लिए राइट्स कंपनी के माध्यम से हरी झंडी दिखाई है और उसकी जो योजना बनाई है, वह बहुत अच्छी है। इससे बहुत बेहतरी होगी और रेलवे में सुधार होगा। मेरे ख्याल से आने वाले फरवरी या मार्च में आप जो बजट प्रस्तुत करेंगे, वह स्वाभाविक रूप से आश्चर्यजनक और चुनावी बजट होगा। इन्हीं बातों के साथ, मैं अब अपने क्षेत्र की तरफ ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा।

सभापति महोदय, मनोहरी, भरवारी, सिराथू और खागा, ये चार रेलवे क्रॉसिंग मेरे पार्लियामेंट्री क्षेत्र में ऐसे हैं, जो मुगलसराय से दिल्ली आने वाली रेल लाइन पर पड़ते हैं। ये रेलवे क्रॉसिंग सीधे, जी.टी. रोड, जो चार लेन की नैशनल हाइवे बना है, उससे जुड़ते हैं। इसलिए आए दिन वहां जाम लगा रहता है। देखा गया है कि आधे-आधे घंटे और पौने-पौने घंटे वहां ट्रैफिक जाम रहता है। इसी के साथ मैं एक और निवेदन करना चाहता हूं कि जहां पर रेलवे के फाटक हैं, वहां अक्सर देखा जाता है कि चार पहिए का ठेला, फलों की दुकान, बस स्टेंड या टैक्सी स्टेंड बना दिए जाते हैं, जिनके कारण आए दिन वहां जाम की समस्या रहती है और एक्सीडेंट होने की संभावना भी बढ़ती है। इसलिए मैं मांग करना चाहूंगा कि कम से कम मनोहरी, भरवारी, सिराथू और खागा, जो रेलवे क्रॉसिंग मेरे उत्तर प्रदेश के पार्लियामेंट्री क्षेत्र में पड़ते हैं, जो जी.टी. रोड से जुड़ते हैं और मैन लाइन पर हैं, उनके ऊपर यदि ब्रिज बनाया जाए, तो मेरे ख्याल से जाम की समस्या दूर होगी और दो राज्यों, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश को जोड़ने का काम भी ये करेंगे। जनपद कौशाम्बी, चूंकि नवसृजित जनपद है और वहां यमुना नदी पर अभी पुल बन रहा है, जिससे मध्य प्रदेश के खजुराहो का पर्यटन स्थल और मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की दूरी भी कम होगी और जाम की समस्या से छुटकारा मिल सकेगा।

महोदय, भरवारी एक रेलवे स्टेशन है। वह क्रॉसिंग है। वह टाउन एरिया भी है और मुख्यालय से नजदीक है। वहां पर राष्ट्रीय समविकास योजना से लगभग 6 करोड़ रुपए ऊपरी पुल बनाने के लिए स्वीकृत हुए हैं। इसमें उत्तर प्रदेश सरकार भी अपनी सहभागिता दे रही है। इसलिए मैं चाहता हूं कि इस पुल की आप परमीशन दे दें, ताकि भरवारी रेलवे क्रॉसिंग पर जो ओवर ब्रिज बनेगा, उससे मुख्यालय का भी गौरव बढ़ेगा और जो दो राज्यों की दूरी है, वह भी कम होगी। जी.टी. रोड और मैन लाइन पर चलने वाले जो लोग हैं, उन्हें भी सुविधा मिल सकेगी।

महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि भरवारी, खागा, सिराथू और मनोहरी, ये जो रेलवे स्टेशन हैं, इनमें खासकर सिराथू और भरवारी स्टेशन, जनपद मुख्यालय से 10-12 किलोमीटर की दूरी पर हैं। चूंकि कौशाम्बी एक बुद्धिस्ट स्थल है, इसलिए जापान, कोरिया, इंडोनेशिया और चायना आदि देशों से बुद्धिस्ट आते हैं, लेकिन वहां जाम की समस्या बनी रहती है। अच्छी-अच्छी रेल गाड़ियों का ठहराव भी इन स्टेशनों पर नहीं है, जिसके कारण विदेशी पर्यटकों को वहां पहुंचने में भारी कठिनाई होती है। यहां इस समय रेल राज्य मंत्री जी बैठे हैं, सभापति जी, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल राज्य मंत्री जी से मांग करना चाहता हूं कि इन दोनों स्टेशनों पर अच्छी-अच्छी ट्रेनों का ठहराव करें, जिससे जो हमारे तमाम विदेशी सैलानी आते हैं, उन्हें सुविधा मिल सके। [r50]

दूसरी बात, जो कि मैं पहले भी कह चुका हूं कि जब हम मुगलसराय से दिल्ली किसी भी ट्रेन से आते हैं तो अक्सर देखा गया है कि गाजियाबाद तक तो ट्रेन राइट टाइम पर आती है लेकिन गाजियाबाद से दिल्ली तक पहुंचने में वह करीब पौना से एक घंटा तक लेती है। आज तक प्रयागराज एक्सप्रैस दिल्ली में राइट टाइम पर पहुंच ही नहीं पाई है। इस वजह से हम कई बार संसद सत्र में भाग लेने के लिए लेट हो जाते हैं। इस पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।

महोदय, उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ है। लेकिन इलाहाबाद में बहुत से केन्द्रीय कार्यालय हैं और हाई कोर्ट भी है। लखनऊ से इलाहाबाद की दूरी यदि आप अपनी व्हीकल से तय करें तो यह तीन घंटे में तय कर लेते हैं, लेकिन सिंगल रेल ट्रैक होने के कारण लखनऊ से इलाहाबाद पहुंचने में छः-सात घंटे का समय लगता है। इसलिए कोई भी ट्रैन से जाना पसंद नहीं करता है। इसलिए मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से मांग करना चाहूंगा कि इस ट्रैक को डबल बनाया जाए और विद्युतीकृत ट्रैन चलाई जाएं।

महोदय, जनपद गाजी, उत्तर प्रदेश में रुऊजा रेलवे ब्रिज के निर्माण की घोषणा माननीय रेल मंत्री जी ने की थी। लेकिन उसका निर्माण अभी तक नहीं हो पाया है। यह एनएच 29 पर स्थित है। इसे गम्भीरता से मंत्री जी लें और अपने सपलीमेंटरी बजट में इसको शामिल करवाएं। मेरे ख्याल से रेल मंत्री जी असत्य नहीं बोलते हैं, जिस कार्य की वे घोषणा करते हैं, वह अवश्य होता है। इन्हीं बातों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री बृज किशोर त्रिपाठी (पुरी) : आपके मंत्री हैं और आपका ही डिपार्टमेन्ट है तो आपको भाषण देने की क्या आवश्यकता है?

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : यहां पर बोलने के लिए सभी लोगों को समान अधिकार प्राप्त है।

सभापति महोदय : त्रिपाठी जी, यहां पर दल के आधार पर नहीं, स्ट्रैंथ के आधार पर माननीय सदस्यों को बोलने के लिए बुलाया जाता है।

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : सभापति महोदय, मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं कि मुझे आपने रेल की अनुपूरक मांगों पर बोलने का समय दिया। मैं इसके समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। निश्चित तौर पर इस सदन को इस पर अविलम्ब अपना समर्थन देना चाहिए। माननीय मंत्री जी ने जो काम किए हैं, साढ़े तीन वर्ष की जो उपलब्धियां रही हैं, वे ऐतिहासिक रही हैं। मैं आदरणीय श्री लालू प्रसाद को इसके लिए बधाई देना चाहता हूं। आजादी के बाद से जितने भी रेल मंत्री हुए हैं, उन्होंने रेल भाड़े में वृद्धि की है, लेकिन जनसुविधाएं पर्याप्त मात्रा में नहीं दी हैं। फिर भी रेल घाटे में जाता रहा है, जिस कारण से रेल भारत सरकार पर एक बोझ बनकर परेशानियां पैदा करता रहा है। भारतीय रेल की अपनी एक महत्ता है और यह आम लोगों की लाइफलाईन है। यदि एक दिन भी रेलवे लाइन बंद हो जाती है या कोई ट्रैन रूक जाती है तो हाहाकार मच जाता है और पूरा जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। मैं किसी पर दोषारोपण नहीं करना चाहता हूं, लेकिन जो व्यवस्था थी, उसके कारण से यह लाइफलाईन, रेल विभाग घाटे में जा रहा था[r51]। मैं समझता हूं कि ऐसा एक विचार आ गया था कि इस रेल डिपार्टमेंट का प्राइवेटाइजेशन कर दिया जाये और इसकी तैयारी भी हो गई थी। एक कमेटी भी पूर्ववर्ती सरकार ने गठित की थी, जिसकी रिपोर्ट भी आई थी कि इसको प्राइवेटाइज़ कर दिया जाये। अगर रेल मंत्री लालू प्रसाद जी नहीं रहे होते और यू.पी.ए. की सरकार नहीं बनी होती तो शायद यह रेल प्राइवेट में चली गई होती। मैं समझता हूं कि बड़ी परेशानियों का सबब आम लोगों के लिए होता, क्योंकि मनमाने ढंग से जो काम करने वाली प्राइवेट कम्पनियां होतीं, वे अपने फायदे के लिए आम लोगों पर बोझ डालने का काम करतीं, इसलिए यह एक बड़ा काम है।

मैं बताऊं कि इन्होंने अपनी कार्यकुशलता से और 14 लाख कर्मचारियों और अधिकारियों के सहयोग से माननीय रेल मंत्री जी ने इसे 20 हजार करोड़ रुपये के मुनाफे में लाने का काम किया, जो एक ऐतिहासिक काम है। मैं आभार व्यक्त करना चाहता हूं, एक से एक कार्य हुए हैं, पूरे देश में जहां एक ओर रेलवे लाइन का जाल बिछाया गया है और उसमें कोई भेदभाव नहीं बरता गया...(व्यवधान)

सभापति महोदय : जब आप बोलें, तब अपनी बात कहिये।

श्री राम कृपाल यादव : जब इनकी सरकार थी तो रेल बेची जा रही थी।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : आप इसमें प्रोवोक मत होइये। आप अपनी बात कहिये। राम कृपाल यादव जी, आप अपनी बात कहिये। आप उससे प्रोवोक क्यों हो जाते हैं, आप अपनी बात कहिये।

श्री राम कृपाल यादव : रेल बेची जा रही थी, रेल समाप्त हो गई होती। ये लोग क्या बोलेंगे। मैं प्रोवोक नहीं हो रहा, मैं इनकी बात का उत्तर दे रहा हूं। ...(व्यवधान)

सभापति महोदय : उसका उत्तर देने की जरूरत नहीं है।

श्री राम कृपाल यादव : एन.डी.ए. वाले लोग रेल को कहां ले गये थे और क्या करने वाले थे, यह देश की जनता जानती है।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : आपको रनिंग कमेंट्री का जवाब देने की जरूरत नहीं है।

श्री राम कृपाल यादव : महोदय, साइनिंग इंडिया का नाम आपने सुना होगा, साइनिंग इंडिया में रेल को ये बर्बाद कर रहे थे। खैर, देश की जनता किसी को बख्शती नहीं है और पिछले चुनाव में इनको भी नहीं बख्शा। आज जनता ने रेल डिपार्टमेंट और रेल मंत्री को जो मौका दिया, उसका परिणाम आज आपके सामने है। मैं समझता हूं कि इस तरह के अनेकों कार्य किये गये हैं।

मैं माननीय मंत्री जी की आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि न सिर्फ देश की जनता का ये ख्याल रखते हैं, बल्कि जो रेल डिपार्टमेंट के लाखों हाथ इसे गति प्रदान करने में लगे हैं, रेलवे डिपार्टमेंट मुनाफा बढ़ाने में लगे हैं, उन 14 लाख कर्मचारियों को भी इन्होंने इग्नोर नहीं किया और शायद पहली बार 70 दिनों का बोनस दिया गया है, यह एक ऐतिहासिक काम हुआ है।

जहां रेल के कारखाने लगाये गये, उसमें सिर्फ बिहार तक सीमित नहीं रहे, बिहार में इन्होंने दिया, क्योंकि आजादी के बाद आज तक बिहार में कोई रेल का कारखाना नहीं लगा था और किसी भी तरह का कारखाना, जो बचा हुआ बिहार था, विभाजित बिहार है, उसमें नहीं लगा था और वहां आवश्यकता थी, वहां उन्होंने रेल का कारखाना दिया, उसके लिए वे धन्यवाद के पात्र हैं ही, मगर भारत की अन्य जगहों पर भी इन्होंने रेल का कारखाना लगाने का काम किया। जैसे बरेली में रेल कोच कारखाना लगाने का काम किया। केरल में भी रेल कोच कारखाना लगाना प्रस्तावित है। उसके लिए केरल सरकार के साथ एम.ओयू. साइन हो चुका है। मैं समझता हूं कि यह एक बड़ी उपलब्धि होगी और देश के अन्य भागों में भी इन्होंने कार्य करने का काम किया है।

मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि ये जो रेल की परियोजनाएं लगती हैं, तो राज्य सरकारों पर निर्भर करना पड़ता है। राज्य सरकार जब तक जमीन उपलब्ध नहीं कराती हैं, तब तक कोई भी केन्द्रीय परियोजनाओं का क्रियान्वयन नहीं हो पाता है। बिहार में भी, जैसा देश के अन्य भागों में रेल परियोजनाएं लगाई गई, उसी

तरह से बिहार में भी माननीय रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव जी के निर्णय से चार विभिन्न बड़ी-बड़ी परियोजनाएं लगाने का निर्णय लिया गया है, मगर मैं आपको बताऊं कि विभिन्न परियोजनाओं में पांच हजार करोड़ रुपये का इन्वैस्टमेंट आ रहा है। मगर आपको यह जानकर तकलीफ होगी, दुख होगा, निश्चित रूप से यह एक चिन्ता का विषय है कि आखिर विकास हो तो कैसे हो। [R52]

राज्य सरकार वहां असहयोग करने का काम कर रही है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि जिन परियोजनाओं का प्रारूप आना है, मगर निर्णय हो चुका है, सब कुछ सैंक्शन हो गया है, राशि आ गयी है, लेकिन वहां जमीन उपलब्ध नहीं करायी जा रही है। न आरओबी की जमीन उपलब्ध करायी जा रही है और न ही विभिन्न परियोजनाओं में जिनके लिए कारखाने की राशि आवंटित की गयी है, उनके लिए भी जमीन उपलब्ध नहीं करायी जा रही है और काम में बाधा पहुंचाने का काम किया जा रहा है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि अगर किसी परियोजना में राज्य सरकार के असहयोग के कारण एक साल देर हो जाता है, अगर कोई काम एक साल पेंडिंग रह गया, तो दस से पच्चीस प्रतिशत तक उसकी राशि बढ़ जाती है। पांच हजार करोड़ रूपए का इन्वेस्टमेंट माननीय रेल मंत्री जी ने बिहार की विभिन्न परियोजनाओं में किया है, मगर वहां राज्य सरकार के असहयोग के कारण, जहां राज्य सरकार जमीन उपलबध नहीं कराने का काम कर रही है, लगभग एक साल से ज्यादा हो चुके हैं, उससे एक हजार करोड़ रूपए की केंद्र की राशि में क्षति हो जाएगी और उसके कुल खर्च में वृद्धि हो जाएगी। कौन एक हजार करोड़ रूपया देगा? केंद्र सरकार को यह रिस्पांसिबिलिटी फिक्स करनी चाहिए कि आपके असहयोग के कारण जो एक हजार करोड़ रूपए का घाटा होगा, जो वृद्धि होगी, उसका दायित्व आपके ऊपर है। किसी भी राज्य सरकार के साथ हो तो ऐसा करना चाहिए। मैं आपके माध्यम से प्रधानमंत्री जी और मंत्री जी से मांग करूंगा कि निश्चित रूप से इसके लिए कानून बनना चाहिए। यह कानून बनना चाहिए कि केंद्र सरकार की जो परियोजनाएं हैं, अगर उसके लिए जमीन अधिग्रहण करने की बात हो, तो स्वयं केंद्र सरकार अपनी योजनाओं को प्रारूप देने के लिए सक्षम हो। उसे मूर्त रूप देने के लिए वह अधिग्रहण कर सकती है, इस पर निश्चित तौर पर विचार करना चाहिए और इस पर कानून बनाने की आवश्यकता है। आपस में डिफरेंसेज तो रहेंगे, पोलिटिकल पार्टीज के लोग हैं, कभी केंद्र सरकार किसी पार्टी की रहेगी और राज्य सरकार किसी पार्टी की रहेगी, अगर राज्य सरकार के असहयोग की वजह से इस तरह का काम होगा, तो प्रदेश का विकास अवरूद्ध हो जाएगा। ऐसी स्थिति में प्रदेश विकसित नहीं हो सकता है।

महोदय, मैं इस सदन के माध्यम से निवेदन करना चाहूंगा कि राज्य सरकार के अपने जो पूर्वाग्रह हैं, जो छोटी राजनीति है, उसे माननीय मुख्यमंत्री बिहार सरकार छोड़ दें। वहां आवाम आपकी भी है और हमारी भी है। जब आवाम रहेगी, तभी कोई राजनीति हो सकती है। विकास में कोई राजनीति की बात आप नहीं कहते रहे हैं, मगर विकास में तो राजनीति आप कर रहे हैं। आप कहते हैं कि हम विकास की धारा बहा देंगे। विकास की धारा कैसे बहेगी? जब राज्य सरकार, केंद्र सरकार को सहयोग नहीं करेगी, रेल परियोजनाओं को कार्यरूप देने के लिए वह असहयोग करने का काम करेगी, तो निश्चित तौर पर राज्य का विकस अवरूद्ध होगा। हमारा प्रदेश पिछड़ा हुआ है। वहां गरीबी और बेरोजगारी है। माननीय रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव जी ने एक बड़ा अवसर प्रदान किया है। रेल विभाग ने ऐतिहासिक काम किया है कि एक नहीं चार-चार कारखाने वहां लगवाने का काम किया है, मगर आप उसमें सहयोग नहीं कर रहे हैं। आप असहयोग कर रहे हैं, ताकि वे अलोकप्रिय हो जाएं और यह योजना पूर्ण नहीं हो। इसके लिए निश्चित तौर पर इस तरह के कानून की व्यवस्था करनी चाहिए कि केंद्र सरकार अपने किसी भी परियोजना को लागू करने के लिए या लगाने के लिए जमीन के अधिग्रहण करने का काम स्वयं कर सकती है। यह चिंता का विषय है। यह राष्ट्रीय क्षति है। यह किसी एक व्यक्ति की क्षति नहीं है। जो भारत सरकार का पैसा है, उसमें क्षति राष्ट्रीय क्षति है।

महोदय, इसी तरह से नवीनगर में एक बहुत बड़ा काम हुआ है। भारतीय रेल तथा एनपीसी के सहयोग से पांच हजार करोड़ रूपए की विद्युत उत्पादन करने की योजना चालू की जा रही है। यह निर्णय हुआ, मगर वहां जमीन नहीं दी जा रही है और पानी की व्यवस्था नहीं की जा रही है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने स्वयं कहा है कि मैं असहयोग करने का काम करूंगा, मैं जमीन और पानी नहीं दूंगा। यह भी एक चिंता का विषय है। इस तरह का असहयोग राज्य सरकार के माध्यम से हो रहा है। बिहार के विकास में बाधा पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। यह निश्चित तौर पर हम लोगों के लिए दुख और शर्म की बात है। विकास में कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। आप विकासपुरूष बन रहे हैं। क्या इस तरह के कामों को करके आप विकासपुरूष बनेंगे? आप अड़ंगा लगाने का करेंगे। रेल परियोजना में ही नहीं और भी केंद्र सरकार की जो दूसरी परियोजनाएं हैं, उनमें राज्य सरकार असहयोग करने का काम कर रही है, उसमें बाधा पहुंचाने का काम कर रही है। इससे ऊपर उठना होगा, तभी किसी प्रदेश का विकास हो सकता है। महोदय, माननीय मंत्री जी को मैं इस बात के लिए बधाई दूंगा और आभार व्यक्त करूंगा और सदन को जानकर खुशी होगी कि माननीय मंत्री जी के प्रयास से भारतीय रेल का आपरेटिंग रेश्यो विश्व में सबसे अच्छा हो गया है। यह रेश्यो 78 प्रतिशत हो गया है। शायद यह घटना पहली बार घटित हुयी है। मैं इसके लिए माननीय रेल मंत्री का आभार व्यक्त करता हूं। इसके लिए उन्हें शील्ड भी प्रदान की गयी है। यह भी एक ऐतिहासिक काम रेल में हुआ। [p53]

कश्मीर जो अछूता था, वहां रेल नहीं थी, वहां बड़ी परियोजनाओं को कार्यरूप देने का काम किया जा रहा है ताकि देश की एकता और अखंडता मजबूत हो। इस तरह के महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी का इस बात के लिए आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि गरीब तबके के लोग, जिन्होंने कभी एसी कोच में सफर नहीं किया था, उनके लिए पिछले साल चार गरीब रथ गाड़ियां चलाई गई और इस बार करीब आठ गरीब रथ गाड़ियां चलाने का निर्णय लिया गया है। यही नहीं, माननीय मंत्री जी की निगाह पूरे देश पर रहती है। मुम्बई सबर्बन के लिए 150 आधुनिक ट्रेन चलाई गई हैं जोकि ऐतिहासिक कदम है। बड़े शहरों की लोकल ट्रेनों में बहुत ज्यादा लोड रहता है, चाहे कोलकाता हो, मुम्बई हो, दिल्ली हो या और कोई शहर हो। ऐसे शहर जो रेल पर डिपैंडैंट हैं, उनके लिए मंत्री जी ने जो कदम उठाए हैं, वे एतिहासिक कदम हैं।

पिछले दिनों माननीय मंत्री जी ने 1857 के शहीदों की याद में बैरकपुर से कानपुर होते हुए झांसी तक प्रथम स्वतंत्रता संग्राम एक्सप्रैस चलाने का निर्णय लिया था जो 24 नवम्बर से प्रारंभ हो गई है। भाई शैलेन्द्र जी ठीक कह रहे थे कि रेल मंत्री जी जो कहते हैं, उसे करने का काम करते हैं, घोषणा घोषणा नहीं रह जाती। निश्चित तौर पर जिसकी कटिबद्धता होगी, वही मंत्री, वही सरकार इस तरह के काम करती है। कहने के लिए लोग बहुत कुछ कहते रहे हैं मगर काम नहीं होता। जब नीयत और नीति ठीक रहेगी तभी अवाम के लिए काम हो सकता है। मैं इसके लिए माननीय मंत्री जी का आभार व्यक्त करना चाहता हूं।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : अब आप कनक्लूड कीजिए।

â€¦(व्यवधान)

श्री राम कृपाल यादव : महोदय, मैं पहला वक्ता हूं।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : आपकी पार्टी के और भी माननीय सदस्य बोलेंगे।

â€¦(व्यवधान)

श्री राम कृपाल यादव : मुझे विश्वास है कि आप हमें अपनी पूरी बात कहने का अवसर प्रदान करेंगे।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : माननीय सदस्य रघुनाथ झा जी लिखित भाषण ले करना चाहते हैं। आप अपना भाषण ले कर सकते हैं।

â€¦(व्यवधान)

श्री राम कृपाल यादव : मुगलसराय से झाझा बहुत महत्वपूर्ण रेल लाइन है। उसमें इतना अधिक लोड बढ़ गया है कि उसी लाइन पर पैसेंजर ट्रेन, एक्सप्रैस ट्रेन और मलगाड़ी चलती है। जब तक किसी तीसरी लाइन की व्यवस्था नहीं होगी, तब तक आम लोगों को सहूलियत नहीं होगी। जब मुगलसराय से झाझा तक तीसरी लाइन का निर्माण हो जाएगा, तब पैसेंजर्स को आसानी होगी, क्योंकि उस लाइन पर स्पैशल पैसेंजर गाड़ी चलेगी। पटना की पौपुलेशन दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। दैनिक पैसेंजर्स की संख्या में दिन-रात बढ़ोतरी हो रही है। पटना कैपिटल टाउन है और वहां बाहर से आने वाले लोग, व्यापार करने वाले लोग, नौकरी करने वाले लोगों की संख्या में वृद्धि हो गई है जिसकी वजह से वहां हमेशा डिस्टर्बैंस रहती है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि वहां के लोगों को राहत देने के लिए पैसेंजर ट्रेन अलग से चलाई जाए क्योंकि एक्सप्रैस ट्रेन में कभी बाधा नहीं पहुंचती। आपको अहसास होता होगा, लोग कहते हैं कि जब बिहार की तरफ गाड़ियां जाती हैं तो उनकी स्पीड कम हो जाती है, वह रुक जाती हैं। उसका मुख्य कारण यह है कि वहां दो लाइन हैं और उन पर काफी लोड है। इसलिए जब तक तीसरी लाइन की व्यवस्था नहीं की जाएगी, तब तक लोड कम नहीं होगा और न पैसेंजर गाड़ी स्मूथ चल पाएगी, न माल भाड़े की गाड़ी और न ही एक्सप्रैस गाड़ी चल पाएगी।

यही नहीं, भागलपुर इलाका बहुत महत्वपूर्ण है। उस इलाके के लोगों को किसी भी काम के लिए कोलकाता जाना पड़ता है। इससे वहां के लोगों को बहुत असुविधा हो रही है। इसलिए मेरा निवेदन है कि भागलपुर में अलग रेल डिवीजन का खंड खोला जाए ताकि लोगों को सहूलियत मिल सके। उस डिवीजन के खुल जाने से बिहार, झारखंड और देवघर तक के इलाके के लोगों को फायदा होगा। आप इस बारे में जरूर गौर करें और निश्चित तौर पर कोई ठोस निर्णय लेने का काम करें।[N54]

सभापति महोदय, भारत वैगन के अन्तर्गत भारी उद्योग मंत्रालय ने दो कल कारखानें चलाये हैं जो वैगन बनाने का काम करते हैं। लेकिन आज वे कारखाने सिक यूनिट हो गये हैं। पिछले दिनों माननीय रेल मंत्री जी ने मुजफ्फरपुर और मोकामा में कल कारखाने के लिए कुछ काम दिया था। इस वजह से वह कारखाना कुछ काम कर पा रहा है। लेकिन वह सिक यूनिट हो गया है। भारी उद्योग मंत्रालय ने एक प्रस्ताव दिया है कि रेल डिपार्टमैंट इस कारखाने को अपने अंडर ले ले क्योंकि वहां रेल का ही काम होता है। हमारा कहना है कि मंत्री जी, आप सक्षम हैं इसलिए आप इस कारखाने को अपने मंत्रालय के अंडर ले लीजिए ताकि वह ढंग से काम कर सके। वह सिक यूनिट जिंदा हो सके और जो लोग वहां रोजगार कर रहे हैं, उनकी रोजी भी चलती रहे। जमालपुर कारखाना वहां पहले से है लेकिन उसका आधुनिकीकरण और विस्तारीकरण नहीं किया गया है। आप पिछले दिनों जब उस इलाके में गये थे तब वहां के लोगों ने आपसे निवेदन किया था कि जमालपुर कारखाने का आधुनिकीकरण और विस्तारीकरण किया जाये। मैं आपसे निवेदन करूंगा कि इस पर आप गौर करके कदम उठाने का काम करें। धनबाद से किऊल तक इंटरसिटी चलाई जाये। इसके साथ-साथ मैं कुछ और मांगें आपके सामने रखना चाहता हूं।

सभापति महोदय, सीतामढ़ी-भीट्ठा मोड़ से जयनगर-लदनियां-लौकहा-लौकही-निर्मली तक नई रेलवे लाइन हेतु सर्वे का कार्य पूरा हो गया है। वहां शीघ्र नयी रेल लाइन बिछाने हेतु आवश्यक राशि का उपबंध नहीं हो सका है। मैं आपके माध्यम से निवेदन करूंगा कि यह महत्वपूर्ण और दो डिस्ट्रिक्ट को जोड़ने वाली योजना है। इससे उस इलाके के लाखों गरीब लोगों का कल्याण हो जायेगा। नेपाल से जुड़े हुए सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों को भी इससे लाभ होगा। मेरा आपसे निवेदन है कि इस महत्वपूर्ण परियोजना जिसका आपने सर्वे कराकर रखा हुआ है, उसमें राशि आवंटित कीजिए ताकि वहां के लोगों का सपना पूरा हो सके। इस रेल लाइन के बिछ जाने से वहां विकास में काफी गति आयेगी।

महोदय, घोघरडीह किसनी पट्टी रेलवे क्रासिंग में भलुआही-कोशी क्षेत्र-भेजा-जमालपुर तक नई रेल लाइन बिछाने का सर्वे करवा कर वहां नई रेल लाइन को स्वीकृति प्रदान करने की दिशा में पहल की जाये। कोसी पीड़ित क्षेत्र का ग्रामीण अंचल का यह जन-उपयोगी रेलवे लाइन होगी। यह हमारी बहुत पुरानी मांग है। मैं निवेदन करूंगा कि इस पर आप गौर करने का काम करे जिससे उत्तरी बिहार का इलाका जो हमेशा बाढ़ से पीड़ित रहता है, वहां हमेशा लोग परेशानियों मे रहते हैं। गरीबी का आलम यह है कि लोगों को दो वक्त की रोटी भी नहीं मिलती। इस रेल लाइन से वहां की बहुत बड़ी मांग पूरी हो जायेगी और उस क्षेत्र के विकास में यह काफी लाभदायक कदम उठाया जायेगा।

महोदय, हमारा एक निवेदन और है कि सकटी-झंझारपुर- निर्मरली छोटी लाइन और झंझारपुर से लौकहा बाजार तक छोटी रेल लाइन में आमान परिवर्तन का कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हुआ है। यह निर्णय हो चुका है और इसमें पैसा भी आ गया है। टेंडर भी हो गया है लेकिन उसका कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हुआ है। 355 करोड़ रुपया इन्हीं दो योजनाओं में दिया गया है मगर अभी तक कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। यह चिंता का विषय है। मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि जब टेंडर और पैसा है, तो आप उस पर काम क्यों नहीं करा रहे हैं? हमारा निवेदन है कि इन योजनाओं पर आप जल्दी काम करवाइये।

महोदय, हम माननीय मंत्री जी का ध्यान अपने क्षेत्र की तरफ भी दिलाना चाहेंगे। पटना-गया लाइन के दोहरीकरण का निर्णय बहुत पहले हुआ है। परसा से नदोल तक का कार्य तो हुआ है मगर उसके आगे दोहरी लाइन का काम नहीं हो रहा है। यह बहुत पापुलर डिमांड है। यह मांग बहुत पहले से चली आ रही है। इसे पूर्ववर्ती सरकार ने स्वीकृत भी किया है मगर आगे लाइन बिछाने का काम नहीं हो रहा है। मैं निवेदन करूंगा कि आप इस पर गौर करें और तुंत कार्रवाई करने का काम करें। हमारे क्षेत्र में धनबाद डिवीजन है वहां बड़ी संख्या में रेल स्टाफ के लोग रहते हैं। उनके लिए आवास की व्यवस्था है, वह ठीक नहीं है। वहां क्वार्टर, पानी, सड़कों की हालत बहुत खराब है। मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि आप कर्मचारियों पर, जो आपके हाथ और पैर हैं जिसकी वजह से आप चल रहे हैं, गति दे रहे हैं, उनकी तरफ भी ध्यान देने की जरूरत है। हमारे क्षेत्र में इतवारपुर रेलवे क्रासिंग बनाने की बात है। वह आज तक नहीं बन पाया है। इस बारे में हमने आपको बहुत बार लिखा है। आपने हमें आश्वासन भी दिया था और अधिकारियों को निर्देश भी दिया था मगर अभी तक कार्रवाई नहीं हो सकी है। मेरा निवेदन यह होगा कि इस पर तुंत कार्रवाई करने का काम करें। जो पैसेंजर ट्रेन है, उसकी स्थिति आज भी ठीक नहीं है। आपके लाख पूयास करने के बाद भी पैसेंजर ट्रेनों में लाइट गायब है, पानी की अव्यवस्था है। उसमें इन तमाम चीजों की आवश्यकता है।[MSOffice55]

महोदय, मैं मंत्री जी का ध्यान खान-पान की व्यवस्था की ओर भी दिलाना चाहूंगा। राजधानी एक्सप्रेस, जो कि हमारी प्राइम ट्रेन है, उसमें भी खान-पान की व्यवस्था ठीक नहीं है। सभापति महोदय, आपको याद होगा कि जब हम दस-बारह सांसद एक साथ यात्रा कर रहे थे, तो उस समय खान-पान की व्यवस्था ठीक नहीं थी, तो आपके नेतृत्व में हम लोगों ने उसके लिए लिखने का काम किया था। ट्रेनों में सफाई की व्यवस्था भी ठीक नहीं है। आम आदमी, गरीब तबके के लोग जिन ट्रेनों में सफर करते हैं, उनमें सफाई की व्यवस्था ठीक नहीं होती है। उन पूरे कोचेज में अगर आप देखिए तो कहीं शीशा टूटा होगा, तो कहीं गेट टूटा होगा। कभी-कभी मुझे लगता है कि बिहार के लिए सबसे रद्दी कोचेज ही दिए जाते हैं। वे कोचेज बहुत खराब हालत में होते हैं, इसलिए मैं निवेदन करूंगा कि आप इस पर गौर करें।

मैं आपसे निवेदन करूंगा कि उत्तरी बिहार में एक विरियाटांड पुल है, पूरे क्षेत्र के लोग उस पुल के माध्यम से आते हैं। वह पुल तो बन गया है, लेकिन उसकी साइड में

सीढ़ी लगाने का भी आपने निर्णय किया है, उस पर आज तक काम नहीं शुरू हो पाया है। वह पुल मेरे घर के बिल्कुल पास स्थित है। इस पुल के साइड में जो फुटब्रिज बनाना है, वह बहुत महत्वपूर्ण काम है, मेरा निवेदन है कि उस पर आप ध्यान देंगे। उसका निर्णय हो चुका है, लेकिन कार्यवाही नहीं हो पाई है, आप इस पर ध्यान दें। आपने बहुत महत्वपूर्ण योगदान दिया है, आपकी नीतियों की वजह से तत्काल आरक्षण सेवा के माध्यम से मैं समझता हूं कि रेलवे को बहुत लाभ हुआ है। आपने आम जनता के लिए कुशन की सीटें लगवाई, महिलाओं के लिए अलग से व्यवस्था की, यह भी बड़े निर्णय हैं जिनके लिए आने वाले समय में स्वर्ण अक्षरों में लिखे जाएंगे।

मैं निवेदन करूंगा कि जयनगर से दिल्ली तक वाया पटना एक गरीब रथ चलाया जाए। यह बहुत पापुलर डिमाण्ड है, इससे उत्तर बिहार में नेपाल की सीमा से लगने वाले क्षेत्रों के लोग लाभान्वित होंगे। उनको राजधानी से जोड़ने का काम होगा। राजधानी में आने की सभी इच्छा होती है, लेकिन उत्तर बिहार के सीमावर्ती के लोगों ने आज तक राजधानी नहीं देखी होगी, इसलिए अगर गरीब रथ शुरू होगा तो गरीब तबके के लोग उससे यात्रा करके अपने इस सपने को पूरा कर सकेंगे। सभी लोगों का सपना पूरा हो सके, यही सरकार की नीति होनी चाहिए।

महोदय, आपने कई ऐसे महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं जिनसे रेलवे को लाभ हुआ है। आपने आरक्षण में जो तत्काल की व्यवस्था शुरू की है, उसकी वजह से 200 करोड़ रूपए एक साल में रेलवे को कमाई हुयी है। ऐसी नीतियों की वजह से ही 20,000 करोड़ रूपए का रेलवे का लाभ हुआ है। आपने फ्रेट कॉरीडोर के लिए स्वीकृति प्रदान की है, इसके लिए हम आपको धन्यवाद देते हैं। रेलवे की मुख्य आमदनी माल भाड़े से ही होती है। इसलिए यह एतिहासिक कदम है, इसके लिए मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी का विशेष तौर पर आभार व्यक्त करना चाहता हूँ और उनके दाएं हाथ एवं बाएं हाथ के रूप में काम करने वाले दोनों राज्यमंत्रियों का भी आभार व्यक्त करते हुए विश्वास के साथ अपनी बात समाप्त करता हूँ कि आज सदन में मैंने जिन विषयों की ओर आपका ध्यान आकर्षित कराया है, उन पर आप कार्यवाही करेंगे और निश्चित रूप से आने वाला बजट भी एतिहासिक बजट होगा। ...(व्यवधान)

सभापति महोदय : माननीय सदस्य आप बैठ जाइए। अब आपका भाषण समाप्त हो गया है।

मैंने श्री मित्रसेन यादव जी को बोलने के लिए आमंत्रित किया है।

श्री राम कृपाल यादव : यह पूरे देश के प्रति आपका एक अच्छा कदम होगा, इसी के साथ मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करते हुए रेल बजट की अनुपूरक मांगों का समर्थन करता हूँ।

SHRI A.K.S. VIJAYAN (NAGAPATTINAM): Sir, I extend my support to the Supplementary Demands for Grants for Railways. First of all I would like to congratulate the Ministry of Railways ably led by Shri Lalu Prasad Yadav and Shri R.Velu for translating in to reality our long dream of creating Salem Division with Salem as its Head Quarters. At this juncture I would like to thank the Hon'ble Chief Minister our leader Dr. Kalaignar Karunanidhi under whose leadership we have been taking up the cause of carving out Salem Division for the past many years.

While welcoming and supporting these Bills to apportion additional grants for the Ministry of Railways, let me bring to your notice some of the important demands pertaining to my constituency and Tamil Nadu.

It is more than one year after your announcing Thiruvaroor-Chennai express train, the train is yet to be introduced. Hence, I urge upon you to operationalise your announcement.

The Mysore train that used to orginate from Nagapattinam is being operated from Mayiladuthurai these days. The purpose of running this train to enable pilgrims visiting Nagore, Velankanni and Nagapattinam will be defeated if early steps are not taken to ensure that this train departs from Nagapattinam. In the interest of travelling public from the neighbouring states also, Railways may initiate measures in this regard.

There was an announcement last year that laying of Thiruvaroor-Nagore-Velankanni railway line would be completed by March, 2007. But the work progresses at a snail's pace. Doubts have also arisen in the minds of the people. Railways may dispel the lingering doubts and may run the trains soon completing the railway line laying works.

The gauge conversion work up to Thiruthuraipoondi and also Nagapattinam to Velankanni, Thirukuvalai to Ettukudi may be started soon.

---

* The speech was laid on the Table

In order to fulfil the long felt demand to provide better rail 3nnectivity in the cauvery Delta region, the linking of Mayiladuthurai with hiruthuraipoondi, Muthupet, Aranthangi and Karaikudi must be taken up. I rge upon the Ministry of Railways to allot funds for the same. You may also kindly take up Thiruthuraipoondi, Agasthiampalli gauge conversion work.

There was just an announcement about the laying of railway lines between Needamangalam, Mannargudi and Pattukkotai. I would like to request you to complete survey work and commence this project soon.

Rock fort Express that used to ply between Tiruchi and Chennai Egmore has been extended up to Thanjavur and Kumbakonam. For want of BG line linking Thiruvarur with Nagapattinam this chord line link potential could not be utilized fully

by the travelling public from our constituency. In order to cater to the needs of the ever increasing pilgrims and tourists this gauge conversion work may be completed soon. This may also help us to run train cars to augment rail services better. At this juncture I would like to impress upon you that you may take up the electrification of railway line between Tiruchirappalli and Nagore a very old railway route right from the British days.

This would greatly benefit both the public from the Southern States of Tamil Nadu and also tourists coming from different parts of the country and also neighbouring states. This would greatly augment the railway's revenue in a big way. Hence you may consider this seriously.

I would like to request the Railways to reconsider its decision to handover to Palghat Division a chunk of railway line linking Pollachi, as the people are greatly agitated about this. You may rescind the move. With this I conclude.

श्री गणेश सिंह (सतना) : महोदय, रेल मंत्री जी द्वारा लगातार यह कहा जा रहा है कि भारत की रेल को विश्व की सबसे बढ़िया रेल बनाया जाएगा, जबकि मुझे यह एक हसीन सपने से अधिक और कुछ दिखाई नहीं देता है। क्योंकि जब तक देश के अंदर रेलवे के इफ्रास्ट्रक्चर को सुधारा नहीं जाएगा, तब तक विश्व की प्रमुख रेल बनने का सपना अधूरा ही रहेगा। यह सही है कि सुधार प्रगति पर हैं, लेकिन यह सुधार कछुए की चाल की ही तरह है। देश में कुछ स्टेशनों को, कुछ रेलवे यात्री गाड़ियों को सुविधा प्रदान कर देने मात्र से ही सम्पूर्ण व्यवस्था में सुधार नहीं हो सकता है। देश के अंदर पांच या छः स्तर के रेलवे स्टेशन हैं, लेकिन विकास मात्र प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के रेलवे स्टेशनों में किया जा रहा है। शेष श्रेणी के रेलवे स्टेशनों की हालत अत्यन्त खराब है। पीने के पानी, बिजली, फुट ओवर ब्रिज, प्लेटफार्म, टिकट घरों की कमी है। ट्रैनों में सुरक्षा का भगवान ही मालिक है। रोज़ छीनाझपटी, चोरी, लूट और मारपीट की खबरें आती रहती हैं।

सुपरफास्ट गाड़ियों का किराया बढ़ाने के लिए उन्हें सुपरफास्ट का नाम तो दे दिया गया है, लेकिन इन गाड़ियों में एक्सपायरी डेट के डिब्बे, जिनकी हालत जीर्ण-शीर्ण है, वह चलाए जाते हैं। महाकौशल एक्सप्रेस, रीवा-नई दिल्ली एक्सप्रेस, गोंडवाना एक्सप्रेस, सारनाथ एक्सप्रेस, हावड़ा-बम्बई एक्सप्रेस, पवन एक्सप्रेस, कामायिनी एक्सप्रेस तथा सम्पर्क क्रान्ति जैसी सैंकड़ों गाड़ियों में घटिया स्तर के डिब्बे लगाए जाते हैं। यदि इन्हें नहीं बदला गया तो कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है। गाड़ियों में जो बेड रोल दिया जाता है, उसमें से अत्यन्त बदबू आती है, लगता है उसे कभी धोया ही नहीं जाता है। गाड़ियों में निम्न स्तर का नाश्ता एवं खाना दिया जाता है। डिब्बों में चूहे, कॉकरोच और खटमल आम तौर पर देखे जा सकते हैं। मैंने खुद महाकौशल एक्सप्रेस, गोंडवाना एक्सप्रेस, रीवा एक्सप्रेस में यात्रा करते समय ऐसी तमाम अनियमितताओं के संबंध में शिकायतें लिखी थीं, लेकिन कोई सुधार नहीं हो पाया है। ऐसा लगता है कि जैसे कोई इन शिकायतों को देखता ही नहीं है। यदि इनको देखा जाता तो सुधार अवश्य होता।

महोदय, रेल मंत्री श्री लालू प्रसाद यादव जी रेलवे में ऊपर की तरफ तो देख रहे हैं, लेकिन नीचे की तरफ उनकी नजर नहीं है। इसीलिए तमाम समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। रेल मंत्री जी रेलवे में असमानता को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने खास तौर से मध्य प्रदेश के पश्चिम मध्य रेलवे की खास उपेक्षा की है। तीन सालों से उस क्षेत्र को कुछ नहीं मिला है जबकि हमारे लोक सभा क्षेत्र से सात हजार करोड़ रूपये व्यापार हर वर्ष रेलवे को मिल रहा है।

---

* The speech was laid on the Table

महोदय, मैंने स्वयं अपने क्षेत्र में चित्रकूट कर्वी, मानिकपुर, मझगवी, चितहरा, खटहा, जैतवार, सगमा, हाटी, कैमा, सकरियां, रामवन, तुर्की, लगरगवां, उचेहरा, मैहर, मदनपुर, धुनवारा, अमदरा, पकरिया, झरेही, खन्ना वंजारी आदि रेलवे स्टेशनों के विकास हेतु मैंने रेल रोको आन्दोलन किया था परन्तु आज तक कोई कारगर निर्णय नहीं लिया गया है। जगह-जगह रेलवे प्लेटफार्म की ऊंचाई एवं लम्बाई बढ़ाने, प्रतिक्षा रूम बनाने, रेलवे फुट ओवर ब्रिज बनाने, पेयजल की व्यवस्था करने की जरूरत है, परन्तु कुछ भी नहीं हुआ है।

महोदय, मैंने लगातार निजामुद्दीन से चलने वाली महाकौशल एक्सप्रेस एवं रीवा से नई दिल्ली चलने वाली गाड़ी के समय में परिवर्तन करते हुए सुबह 9 बजे तक दिल्ली पहुंचने हेतु पिछले तीन वर्षों से मांग करता रहा है, लेकिन आश्वसन देने के बाद भी आज तक समय में परिवर्तन नहीं किया गया है।

राजकोट एक्सप्रेस जो कटनी तक आती है, उसे सतना तक बढ़ाने की, महाकौशल एक्सप्रेस को हजरत निजामुद्दीन से जबलपुर के बजाय सतना तक, मैहर से चित्रकुट धाम कर्वी तक नई शटल गाड़ी चलाए जानने की मांग करता आ रहा हूं, जिस पर आज तक ध्यान नही दिया गया है। कटनी से सतना, मानिकपुर, इलाहाबाद, सतना से रीवा, मानिकपुर से झांसी तक रेलवे लाइन का विद्युतीकरण करने एवं मानिकपुर से झांसी, सतना से रीवा तक लाइन के दोहरीकरण की भी लगातार मांग करने के बाद भी पिछले तीन बजटों में शामिल नहीं किया गया है। सतना से मैहर के बीच लगरगवां स्टेशन के पास गोवराद भरहत मरजत मोड़ में रेलवे फाटक तथा मैहर के पास करिया पानी मोहल्ले के पास पिपरा उमरी के पास रेलवे फाटक बनाए जाने की मांग पर भी अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

सतना रेलवे स्टेशन में खड़ी होने वाली सभी गाड़ियों में प्रथम श्रेणी, वातानुकूलित श्रेणी और स्लीपर में आरक्षित कोटे की लगातार मांग की जा रही है क्योंकि उक्त स्टेशन से हर रोज दस हजार से अधिक लोगों का आना जाना होता है। सतना जिले में मैहर एवं उत्तर प्रदेश के चित्रकूट धाम कर्वी रेलवे स्टेशनों में वर्ष भर में 50 लाख से अधिक लोगों का आना जाना होता है क्योंकि दोनों स्टेशन, मैहर एवं चित्रकूट धार्मिक स्थल हैं।

रेलवे के पास बिना उपयोग की भूमि पड़ी हुई है। सतना रेलवे स्टेशन के दोनों तरफ उपयोगहीन भू खंड है। मैं चाहता हूं कि उक्त भू खंडों को व्यापारिक उपयोग हेतु दिया जाए। सतना में जिला कलैक्ट्रेट के सामने जहां इस वर्ष दशहरे का उत्सव किया गया था, उस स्थल को हमेशा के लिए नगर-निगम या जिला प्रशासन को दे दिया जाए।

रेलवे स्टेशन पर पानी की आपूर्ति के लिए पर्याप्त साधन नहीं हैं। सतना नदी में एक इन्टकवेल तथा स्टॉप डैम बनाया जाए तथा पेयजल आपूर्ति हेतु एक प्लान्ट लगाया जाए।

सतना रेलवे स्टेशन का प्रवेश द्वार संकरा है, उसे चौड़ा किया जाए तथा राजेन्द्र नगर की तरफ नया प्लेटफार्म बनाकर उसे तत्काल चालू कराया जाए क्योंकि वर्तमान में भयंकर भीड़ होती है, जिससे भीड़ डायवर्ट की जा सकती है।

सतना रेलवे स्टेशन में खान पान की क्वालिटी की शिकायत लगातार बनी रहती है, जिस पर तत्काल सुधार की जरूरत है।

सतना से बम्बई के लिए तथा रीवा से इन्दौर तथा दक्षिण की तरफ बंगलौर, हैदराबाद, चेन्नई, कन्याकुमारी के लिए नई गाड़ियां चलाई जाएं।

सतना रेलवे कालोनी में कर्मचारियों के जो कमरे हैं, वे अत्यन्त जीर्ण-शीर्ण हालत में हैं। सड़क, पानी, प्रकाश आदि की गंभीर समस्या है। अतः कर्मचारियों के लिए भी कुछ कार्य कराया जाना आवश्यक है।

मेरी रेल मंत्री जी से मांग है कि अनुदान मांगों से हमारे द्वारा बताई गई समस्याओं के समाधान के लिए बजट में प्रावधान किया जाए।

SHRI SANTASRI CHATTERJEE (SERAMPORE): Sir, I beg to lay the following on the Appropriation Bill for Railways for consideration of the Hon'ble Railway Minister.

To judiciously use the surplus land of the Railways to fetch more revenue. Attention is invited for Konnagore Bazar Rail Coop. Society where the land may be released to them.

As assured to chalk out a pilot project for rehabilitation of the Railway hawkers. To direct the authorities to put a stop of atrocities committed against the hawkers by the RPF. The problems of Railway hawkers in West Bengal merit immediate attention of the authorities.

To expedite the decision to develop Dankuni Railway station as a model one.

To pay special attention to the Railway stations of Bandel, Sheoraphati, Serampore, etc in the Eastern Railway.

To improve the commuters service in Howrah and Sealdah stations.

To improve the passengers amenities.

Regularity to be ensured for all trains particularly of Mail, Express and Superfast trains.

Some ROB projects viz.Kamarkundu, Mogra, Rishra, Baidyabati, Uttarpara in the Eastern Railway be taken up on priority basis.

---

*The speech was laid on the Table

To increase frequency of services in the Howrah-Amta line, construction of road at the Bargachia level crossing discussed on a number of times.

To connect Amta and Bagnan Railway stations in the South Eastern Railway.

To implement Howrah-Seakhara-Champadanga Railway line via Furfurah.

To hold regular meetings of Zonal Users' Committees.

श्री भँवर सिंह डांगावास (नागौर) : महोदय, मैं 2007-08 में रेलवे पर केंद्रीय सरकार के खर्च के लिए अनुदान की पूरक मांगे के संबंध में निवेदन कर रहा हूं कि मेरा क्षेत्र उत्तर पश्चिम रेलवे के खंड में आता है। इस खंड के लिए कोई भी इन मांगों में राशि की पूरक मांग नहीं की गई है। इसका एक कारण प्रतीत होता है कि जो मांगे हमने गत 3 वर्षों में रखी थी उनमें से कोई भी काम प्रारंभ नहीं हुआ अतः पूरक मांग रखने का प्रश्न नहीं उठता।

महोदय, सबसे महत्वपूर्ण मांग जो है वह है, पुष्कर (अजमेर)से मेडता सिटी तक नई रेल लाइन बिछाने की थी। इस संबंध में मैं रेल मंत्री महोदय, श्री लालू प्रसाद यादव जी से दो बार रेल भवन जाकर मिल चुका हूं और आखिरी बार जो भेंट हुई उन्होंने श्री पी.के.सांगी, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर (वर्क्स) से मिलने का निर्देश दिया। मैं श्री सांगी से मिल व जानकारी प्राप्त की तो मालूम हुआ कि इस रेल लाईन का अभी तक सर्वे कार्य ही हो रहा है और सर्वे अधिकारियों के अनुसार यह रेल लाईन लाभप्रद नहीं है।

उन्होंने जितने यात्री अजमेर व पुष्कर आते हैं उनका पूरी गणना नहीं की है। अजमेर में दरगाह के वार्षिक मेले पर व पुष्कर के पशु मेले पर कई लाख व्यक्ति जियारत व पुष्कर में मंदिर के दर्शन व स्नान के लिए आते हैं। इसके अतिरिक्त यदि वह लाइन बन जाती है तो बीकानेर व जोधपुर से अजमेर की दूरी कई कि0मी0 कम हो जाएगी और यह क्षेत्र पश्चिम व दक्षिण भारत से सीधे जुड़ जायेंगे। इसके अतिरिक्त बीकानेर, नोखामंडी, व मेडता सिटी में कृषि उपज मंडियां हैं उनकी उपज की सारी पैदावार पूर्वी, दक्षिण व पश्चिम भारत में जाती हैं। उदाहरणतः मूंगफली, सरसों व जीरा इसमें माल ढोन में रेलवे को बहुत लाभ होगा और इन फसलों को पैदा करने के लिए खाद, जो सैंकड़ों वैगने खाद जो कारखानों से आता है उसे लाने में भी आसानी होगी।

अतः आग्रह है कि इस लाइन को उपरोक्त तथ्यों के आधार पर लाभप्रद मानकर अगले बजट में जरूर स्वीकृति पूदान करें।

---

*The speech was laid on the Table

श्री रघुनाथ झा (बेतिया): महोदय, आज सदन में पूस्तुत माननीय रेल मंत्री द्वारा रेल विभाग के मांग का समर्थन करता हूं। यह सर्वविदित है कि यूपीए के सरकार में जबसे श्री लालू पूसाद जी इस विभाग का दायित्व संभाला है तबसे घाटा में चल रहे रेल विभाग का कायाकल्प हुआ है और 20 हजार करोड के ऊपर की आमदनी एवं मुनाफा यह विभाग में कमाया है।

महोदय, मैं अपने पूदेश बिहार की ओर ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं।

दरभंगा नरकटिया गंज भया सीतामढ़ी छोटी लाईन का बड़ी लाइन में परिवर्तन का काम करीब 10 सालों से ऊपर से चल रहा है। मैं मांग करता हूं कि इस समय सीमा के अंदर पूरा कराया जाये।

सीतामढ़ी मुजफफरपुर रेल लाइन का कार्य भी विगत 10 सालों से उपर से चल रहा है, उसे भी शीघ्र पूरा कराया जाये।

मोतिहारी सीतामढ़ी भाया शिवहर नई रेल लाइन का सर्वे संबंधी कार्य शीघ्र आरंभ कराया जाये।

हाजीपुर, वैशाली सुगौली रेल लाइन का कार्य मंथर गति से चल रहा है, इसको तेजी से पूरा कराया जाये।

32 रेल ओवर ब्रिज आर ओ बी आइविभाग द्वारा स्वीकृत है, इसी कूम में रक्सौल, सुगौली, बेतिया, नरकटिया गंज, मोतिहारी, मुजफफरपुर, हाजीपुर एवं डागीपुर से छपरा तक स्वीकृत आर ओ बी का कार्य पूरा कराया जाये।

रक्सौल, सुगौली, बेतिया एंवं नरकटिया गंज स्टेशनों को आधुनिक बनाया जाये।

रक्सौल, मुजफफरपुर, नरकटियागंज, सीतामढ़ी रेलवे स्टेशन के पास काफी जमीन बिना उपयोग के पड़े हुए है उसका उपयोग किया जाये।

मोतिहारी बेतिया रक्सौल, गोरखपुर होते एक नयी ट्रेन खोला जाये।

गोरखपुर नरकटियागंज से सोनपुर तक आती जाती सवारी गाड़ी में बहुत भीड़ होती है। उसमें अतिरिक्त 5 डिब्बा बढाया जोय गाड़ी संख्या 520 नम्बर है।

ट्रेन संख्या 402 जो गोरखपुर नरकटियागंज में साढ़े ग्यारह बजे अपराह् में आती है और 3.45 में गोरखपुर के लिए खुलती है उसे सुगौली तक बढ़ाया जाये क्योंकि साढ़े सात बजे सफर के बाद सवारी गाड़ी 6 बजे संख्या में है इस कारण साढ़े 9 घंटा तक लोगों को कठिनाई होती है।

---

*The speech was laid on the Table

2557 और 2558 सुपरफास्ट सप्त कूंति एवस. को मुजफफरपुर से 11 बजे खोला जाये एवं नई दिल्ली से 8.4 0 बजे के बीच खोला जाये। अभी यह ट्रेन 5 घंटा विलम्ब से चलती है।

मोतिहारी-बेतिया-नरकटियागंज -गोरखपुर तक की लाईन का दोहरीकरण कराया जाये।

श्री मित्रसेन यादव (फ़ैज़ाबाद) : सभापति जी, आपने देश के महत्वपूर्ण विभागीय बजट पर बोलने का मौका दिया, उसके लिए मैं आपका आभारी हूं। इस विभाग के पास कई महत्वपूर्ण योजनाएं पूस्तावित हैं। इसलिए उनके बारे में एक समीक्षा हमारे सामने आती तो बेहतर रहता। चाहे रेलगाड़ियों को द्रुत गति से चलाने की योजना हो, बड़े शहरों को जोड़ने की योजना हो, चाहे रेल लाइनों पर ओवर ब्रिज बनाकर क्रासिंग की जो परेशानी है, उसे दूर करने की योजना हो, चाहे पूरे देश में आदर्श रेलवे स्टेशंस बनाने की योजना हो, चाहे महत्वपूर्ण रेलगाड़ियां चलाकर लोगों को सुविधा देने की योजना हो या रेलवे का आधुनिकीकरण करने की योजना हो, ये सब महत्वपूर्ण परियोजनाएं हैं, इनकी समीक्षा हम कैसे कर सकते हैं। इनकी समयसीमा क्या रखी गई है, लक्ष्य क्या रखा गया है, ऐसा कोई आकलन हमारे सामने नहीं आता है और न ही हमें पता चलता है कि समयावधि में हमने कौन सा कार्य किया है।

यह सही है कि रेल विभाग ने बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। लोकपिय रेल मंत्री जी ने देश में रेल विभाग को काफी समृद्ध बनाया है। आज देश में रेलवे करोड़ो लोगों को रोजाना इस कोने से दूसरे कोने तक पहुंचाने का काम कर रहा है और इससे रोजाना देश के खजाने में अरबों रुपए जमा हो रहे हैं, जो कि एक बहुत बड़ा काम आपने किया है, इसमें कोई संदेह नहीं है। जिस पूकार से आवश्यकता बढ़ती जा रही है, यह आवश्यकताओं का ही नतीजा है कि लोग इतनी पूगति के बाद भी आज वैसे ही बोल रहे हैं, जैसे पहले बोला करते थे कि रेल विभाग में यह होना चाहिए। इसमें कठिनाई क्या है, कुछ हमारे साथी कह रहे थे कि राज्य सरकारें हमारे रेल विभाग की परियोजनाओं पर सहयोग नहीं करते हैं। इसके अलावा कुछ और भी दिक्कतें हो सकती हैं। लेकिन रेल विभाग के कर्मचारी या अधिकारी जिस निष्ठा से काम कर रहे हैं, उसमें और सुधार लाने की कोशिश करें तो काफी सुधार होगा। बाहर से तो सुधार होगा नहीं इसलिए उन्हें ही सुधार करना होगा।

रेल विभाग में निजीकरण की चर्चा काफी हो रही है, जो कि बहुत ही खतरनाक बात है। हिन्दुस्तान जैसे महान देश में बेकारी बड़ी समस्या है। उसके समाधान के लिए

आप जितना भी निजीकरण करेंगे, उतनी ही यह समस्या बढ़ती जाएगी। हिन्दुस्तान में रेल विभाग का निजीकर किसी भी क्षेत्र में करने की कोशिश की गई, तो इससे देश की जनता का बहुत बड़ा अहित होगा। इसलिए मैं मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि जहां आप अच्छा काम कर रहे हैं, तो कोई ऐसा एक बुरा काम न कर दें कि सारे अच्छे कामों पर पानी फिर जाए। इसलिए निजीकरण की बात कभी नहीं करनी चाहिए।

समयाभाव के कारण मैं पूर्व में मेरे साथियों द्वारा कही गई बातों को दोहराना नहीं चाहता हूं। लेकिन अपने क्षेत्र की कुछ समस्याओं को बताना चाहूंगा। हमारे क्षेत्र में लखनऊ से पटना और हावड़ा के बीच रेलगाड़ियां चलती हैं। उनमें से कुछ इलाहाबाद होकर, कुछ प्रतापगढ़ होकर और कुछ सुल्तानपुर-जौनपुर और मुगलसराय होकर जाती हैं। एक लाइन बाराबंकी-फैजाबाद-जौनपुर होकर जाती है। उस पर अयोध्या पड़ता है। गोरखपुर से आने वाली रेलगाड़ियों पर आपने घग्घर पर अरबों रुपए की लागत से पुल बनाया है, लेकिन आज तक उस लाइन का न तो दोहरीकरण हुआ है और न ही विद्युतीकरण किया गया है। नतीजा यह हुआ है कि जो जम्मू तवी-हावड़ा ट्रेन चलती है, वह कभी समय पर नहीं आती। लाइनों के उपलब्ध न होने के कारण द्रुत गति नहीं पकड़ पाती।

इसलिए हम आपसे निवेदन करना चाहेंगे कि लखनऊ से बाराबंकी के बाद फैजाबाद और जाफराबाद जो मुश्किल से 150 किलोमीटर है, इसका दोहरीकरण कर दिया जाए, विद्युतीकरण कर दिया जाए, जिससे हावड़ा और पटना जाने के लिए हमें कोई दिक्कत न हो। अगर ऐसा होता है तो हम और लाइनों की बजाए इस लाइन से बहुत जल्दी पहुंच सकते हैं। अयोध्या को आदर्श स्टेशन बनाने का कार्य आपकी सूची में है, वह आदर्श स्टेशन बनाने का काम भी पूरा हो सकता है। इसलिए हम आपसे कहना चाहेंगे कि अगर आप लखनऊ से सुल्तानपुर-जौनपुर, मुगलसराय-लखनऊ से प्रतापगढ़ और जौनपुर-मुगलसराय तथा इलाहाबाद-मुगलसराय दोहरीकरण अगर कर रहे हैं तो जितनी दूरी दोहरीकरण में है उससे कम दूरी में यह काम हो सकता है और ज्यादा से ज्यादा पैसे का भी आपको लाभ हो सकता है।

मान्यवर, रेल विभाग को पूरे देश में एक समान रूप से काम करना चाहिए जिससे विसंगति न हो। आज हमारे देश में विसंगति के कारण ही तमाम तरीके का उग्रवाद, आतंकवाद, नक्सलवाद पैदा हो रहा है। पूरे राष्ट्र में जो विषमता है और हमारी पंचवर्षीय योजनाओं का सही क्रियान्वयन न होने के कारण जो विसंगति बढ़ती जा रही है, उसके कारण ही समस्याएं बढ़ रही हैं। किसी प्रदेश में एजुकेशन, सिंचाई, ट्रांसपोर्टेशन कहीं बहुत ज्यादा है तो किसी प्रदेश में कम है। अगर हरियाणा में ये ऊंचे हैं तो बिहार में बहुत नीचे हैं। अगर ये विसंगति जब तक आप समाप्त नहीं करेंगे, तब तक जनता में जो आक्रोश है वह खत्म नहीं होगा। इस प्रकार की विसंगति अगर देश के किसी भी भाग में है और उसे समाप्त नहीं किया जाएगा तो लोगों में असंतोष रहेगा।

रेल विभाग ऐसा विभाग है जिसको पूरे देश में समान रूप से विकास करने की कोशिश करनी चाहिए और कहीं भी एक-तरफा या पक्षपातपूर्ण तरीके से किसी प्रकार की परियोजना को लागू नहीं करना चाहिए। आज हमारे सामने रेल विभाग गरीब लोगों से जुड़ा हुआ विभाग है। आवागमन के लिए रेल विभाग की आवश्यकता है और सस्ते में आम आदमी उससे लाभ उठाता है। रेल के मुकाबले में दूसरा सस्ता साधन आपके पास नहीं है जो जनता को लाभ पहुंचा सके। रेलवे ही ऐसा विभाग है जिसमें लोगों को सुरक्षित रुप से आने-जाने की सुविधा है। सड़कों पर तो लाखों लोग एक्सीडेंट से रोज मरते हैं। रेलवे ही लाखों लोगों को सुरक्षित पहुंचाने का सस्ता साधन है। इसलिए हम आपसे कहेंगे कि जो हमारा लक्ष्य है और जो सुंदर से सुंदर योजनाएं हैं, उन योजनाओं को समय से पूरा किया जाना चाहिए, जिससे हमारी उपलब्धियां बढ़ सकें। आप जानते हैं कि जितनी देर जिस काम में होती है, उसकी लागत उतनी बढ़ती है और जो योजनाएं समय में की जाती हैं उनसे हमें अधिक लाभ होता है। लाभ और हानि का मापदंड यही है कि अगर किसी योजना को आपने दो साल के बजाए चार साल में पूरा किया तो उसकी लागत दुगनी बढ़ जाएगी और अगर आपने समय में योजना पूरी की तो लाभ भी दुगना हो जाएगा। इसलिए हमें योजनाओं को समय के अंदर ही पूरा करना चाहिए।

मान्यवर, रेल विभाग में कहीं-कहीं पर इंजीनियर्स की कमी है और तकनीकी कमी के कारण गंभीर घटनाएं हो जाती हैं। इसके बारे में हमें बहुत सतर्क रहना चाहिए और जिस तरह से हम अपनी गाड़ियों की रफ्तार बढ़ा रहे हैं, गाड़ियों की तादाद बढ़ रही है, एफीशिएंसी बढ़ा रहे है तो उसके साथ-साथ जो तकनीकी कमियां हैं उनको दूर करने के लिए आपके पास अच्छे से अच्छे इंजीनियर्स होने चाहिए। मैं अपने इन सुझावों के साथ निवेदन करुंगा कि फैजाबाद, अयोध्या जो तीर्थ-स्थल है, धर्म-स्थल है। [r56] उसे प्रयाग से वित्तूकूट और वित्तूकूट से त्रिवेन्द्रम जोड़ने का काम करें। बहराइच में लकड़ी का कारोबार होता है। उत्तर में जंगलात बहुत हैं। तराई के क्षेत्रों में लकड़ी का बहुत अच्छा कारोबार होता है लेकिन उनको फायदा नहीं मिलता है। यह लाइन दक्षिण भारत तक जोड़ दी जाए। इससे लकड़ी के उद्योगों में काम करने वाले लोग बहुत लाभान्वित हो सकते हैं। गोरखपुर से अयोध्या, अयोध्या से प्रयाग, प्रयाग से वित्तूकूट और त्रिवेन्द्रम को जोड़ने की जो लाइन है, उनका दोहरीकरण करने की बात सोची जानी चाहिए। इन लाइनों से पूरे देश को और खास तौर पर कई क्षेत्रों को फायदा होने वाला है। इन्हीं सुझावों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

SHRI KIREN RIJIJU (ARUNACHAL WEST): Sir, the Hon'ble Railways Minister had declared during the presentation of Railway budget for giving the Status of Boghibeel Bridge and Rangiya-Morkungselek as rational project. The Finance Minister is not seem to be keen to follow your declaration and there was slight confusion to the execution of projects. I had demander in earlier occasion also about the immediate speeding up of the two projects. I had placed my demands before our meetings with the officials of the Railway Ministry and the Railway Board.

Since Arunachal Pradesh is the only State in the country which is yet to be connected with Railway physically, the quotas of berths given to all the districts should be immediately increased and the computerized reservation system needs urgent revamp and strengthening. The travel duration of all the trains running from North East and connecting to all the other parts of the country must be curtailed by reducing the numbers of stoppage stations and increasing the speed of the trains.

The Security of all the Trains must be increased because in the fast there were incidents of loots, violence, molestations and thefts committed against the people of North - East. There must be adequate measures for railway safety by adopting various scientified measures and vigilance through out the routes.

Finally, I would like to request the Hon'ble Minister to ensure hygene in the Railway Stations, inside the coach and the food quality must be improved urgently.

*The speech was laid on the Table

श्री हरिकेवल प्रसाद (सलेमपुर) : महोदय, माननीय रेलमंत्री जी ने सदन में रेलवे की जो अनुदान मांगें प्रस्तुत की हैं, उसके संबंध में मुझे अनुरोध करना है कि इस सार्वजनिक धन का सदुपयोग यात्री सुविधाओं को बढ़ाने तथ रेलवे का बुनयादी ढ़ांवा सुदृढ़ करने पर होना चाहिए। साथ ही माननीय रेलमंत्री जी को पूरे देश की रेलवे पर समान दृष्टि रखनी चाहिए ताकि विभिन्न क्षेत्रों के बीच असंतुलन न हो तथा किसी के साथ भेद-भाव नहीं हो सके। रेलमंत्री जी ने अपने बजट भाषण में अथवा अनुदान मांगों परसदन में जो घोषणाएं करते हैं या आश्वासन देते हैं, उनका गंभीरता से उन्हें अनुपालन भी कराना चाहिए। मैं माननीय रेलमंत्री जी को याद दिलाना चाहूंगा कि उन्होंने अपने दूसरे ही बजट भाषण में यह घोषणा की थी कि उत्तर प्रदेश में बरहज बाजार से रामजानकी मार्ग के दोहरीघाट होते हुए फैजाबाद तक नई रेल लाइन का सर्वेक्षण कराया जाएगा परन्तु यह कार्य आज तक प्रारम्भ नहीं किया जा सकता है। इसी तरह आज ही प्रश्नकाल में माननीय रेलमंत्री जी ने बताया कि रेल भूमि में लम्बे समय से दुकानें चाला कर अपने परिवार की आजीविका चलाने वाले छोटे दुकानदारों को समिति के माध्यम से दुकानें आवंटित कर दी जाएंगी। लेकिन मेरे संसदीय क्षेत्र के सलेमपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन पर रेल भूमि पर 30 वर्षों से अधिक समय से अपनी दुकानें चलाने वाले छोटे दुकानदारों को मंडल रेल प्रबंधक ने उजाड़ने का आदेश दिया है। अध्यक्ष रेलवे बोर्ड के आदेश पर इन 403 दुकानदारों ने पटरी व्यवसायी प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी समिति लि0 के माध्यम से मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, वाराणसी में आवेदन किया था, जिस पर कार्यालय के अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर जांच की गयी और आवंटन की समूची औपचारिकता पूरी कर दी गयी थी, परन्तु मंडल रेल प्रबंधक ने नियमों को ताख पर रखकर इन गरीब दुकानदारों को निर्वासित करने का आदेश दिया है जबकि इस मामले को माननीय रेलमंत्री के संज्ञान में भी लाया गया था।

महोदय, भारतीय रेलवे में खान-पान की व्यवस्था अत्यंत ही लचर है। एक तरफ खान-पान की गुणवत्ता निरन्तर खराब होती जा रही है, वहीं इसकी कीमतें भी बढ़ रही हैं1 अन्य यात्री सुविधाओं की भी यही हालत है। रेलगाड़ियां घंटों विलम्ब से चलती हैं, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जाता है। इसी तरह बिहार में तो हर साल अंधाधुंध नई रेलगाड़ियां चलाई जाती हैं, परन्तु पिछड़े और उपेक्षित लोग वंचित रह जाते हैं। यात्री सुरक्षा की हालत तो अत्यंत ही चिंताजनक है। रेलगाड़ियों में जहरखुरानी तथा डकैती जैसी घटनाओं में लगातार वृद्धि होती जा रही है। रेल सुरक्षाबल और जीआरपी के सिपाही यात्रियों की सुरक्षा करने की जगह खुले आम पैसा वसूलते हैं और मौका मिलने पर उन्हें लूट भी लेते हों। रेलवे का सतर्कता

---

*The speech was laid on the Table

भाग खुद संदेह के घेरे में हैं। पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर में तो कई ऐसे सतर्कता निरीक्षक हैं जो पैसा लेकर गलत रिपोर्ट विभाग को दे देते हैं। इसी तरह रेल अधिकारी स्वेच्छाचारी होते जा रहे हैं। यहां तक कि सांसदों के पत्रों का भी भ्रामक और तथ्यों से छिपाकर उत्तर दिया जाता है तथा जनहित की पूरी तरह उपेक्षा की जाती है।

रेलवे में अभी तक अनुसूचित जाति का कोटा पूरा नहीं किया जा सका है। लखनऊ में सफाईकर्मी के पदों पर बड़े पैमाने पर सवार्णों की भर्ती करके भारी धन उगाही की गयी है। इसी तरह पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय, गोरखपुर में चतुर्थ श्रेणी एवं अनुकंपा के आधार पर की जाने वाली भर्तियों में भारी अनियमितता और भेदभाव किया जा रहा है। कुछ पेशेवर लोगों द्वारा पैसा लेकर अयोग्य अभ्यर्थियों को पास कराया जाता है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निम्न मांगें करना चाहता हूँ:

पूर्वोत्तर रेलवे के बाराबंकी से छपरा रेल लाइन का शीघ्र दोहरीकरण और विद्युतीकरण किया जाए।

इसी रेलवे के देवरिया रेलवे स्टेशन पर बिहार सम्पर्क क्रांति एवं गरीब रथ का ठहराव सुनिश्चित किया जाए जिसका आश्वासन माननीय मंत्री जी दे चुके हैं।

वाराणसी मंडल के भटनी जंक्शन पर कम्प्युटरीकृत आरक्षण की व्यवस्था कराई जाए, इंजन शेड बनवाया जाए तथा बन्द पड़े रेलवे अस्पताल को पुनः चालू कराया जाए।

भाटपार रानी स्टेशन का सुन्दरीकरण कराया जाए और यहां के जर्जर भवन का निर्माण कराया जाए।

सलेमपुर स्टेशन पर हटाए गए कंप्युटर को पुनः स्थापित कराकर उससे टिकट देने की व्यवस्था कराई जाए तथा विश्रामालय की व्यवस्था कराते हुए पूर्व में घोषित माडल स्टेशन का स्वरूप दिया जाए।

कृषक ट्रेन का पूर्व की भांति नुनखार स्टेशन पर ठहराव किया जाए।

इंटरसिटी ट्रेन का पूर्व की भांति किड़िहरापुर तथा नुनखार स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित किया जाए।

बापू धाम एक्सप्रेस का सलेमपुर व बिल्थरारोड में ठहराव किया जाए तथा इन्हीं स्टेशनों पर दुर्ग एक्सप्रेस का ठहराव किया जाए।

सलेमपुर स्टेशन के दक्षिणी ढाले पर ओवरब्रिज का निर्माण किया जाए

बरहज बाजार से सीवान, छपरा जंक्शन तथ गोरखपुर रेलगाड़ी चलाई जाए।

बिल्थरारोड स्टेशन के दक्षिण में जर्जर मार्ग का निर्माण एवं विश्रामालय का निर्माण करायाजाए।

गोरखपुर-छपरा के बीच पूर्व में घोषित इंटरसिटी एक्सप्रेस चलाई जाए।

बिल्थरारोड-तुर्तीपार स्टेशनों के बीच बंद पड़ी पुलिया का शीघ्र निर्माण कराया जाए।

SHRI K.C. PALLANI SHAMY (KARUR) :- Hon'ble Chairman Sir, Vanakkam, I would like to extend my support to the Supplementary Demands for Grants for Railways and before I could commence my speech, first of all, I would like to place on record my deep gratitude and heartfelt thanks to our leader Dr. Kalaignar Karunanidhi and Thalapathi Mu.Ka.Stalin, the lieutenat of our Dravidiam Movement who have enabled me to speak on the floor of this august House now. I would like to congratulate and thank our Hon'ble Ministers for Railways both Shri Lalu Prasad Yadav and Shri R.Velu for ensuring that Indian Railways is functioning as an unparalleled Railways System in the world. There were plans and schemes during the previos regime also. But most of them were not translated in to action. Now, with our Hon'ble Prime Minister Dr. Manmohan Singh at the helm of affairs Railways are planning projects and implement them successfully now. Facilities have been updated to book tickets in advance. Rail reservations can now be made through internet and can be made in Post offices and petrol pumps too. They are functioning efficiently now. It is also appreciable that efforts are on to go in for dedicated freight corridor to move cargo speedily. Projects in this regard have been evolved. We are happy and proud of these pioneering projects which will go a long way in giving a pep to our growing economy of our Nation paving way for Economic Development. Railways are performing better now under the able and dynamic stewardship of Shri Lalu and Shri Velu. I would like to put forth two or three demands on behalf of the prople of our state and of my constituency in particular. Our Hon'ble Railway Minister had announced in the last Budget the doubling of the lines between Villupuram and Dindigul. Rs. 250 crores have been earmarked for this 273 Kms long track. I would like to urge upon the Railways to take up this project with the release of

_____-

*English Translation of the speech originally delivered in Tamil.

funds in time. This rail route is the life-line of Tamil Nadu and this doubling needs to be completed at the earliest. You may kindly inform this House about the progress of this project and at what stage this project remains as of now.

Nextly I would like to place a demand before you for a project that pertains to my constituency Karur. I request you to go in for electrification of the line between Tiruchirappalli and Erode. This will greatly benefit the rail passengers in this section and hence I urge upon you to consider this project.

Linking Karur with Salem is yet to be completed and remains to be commissioned for the past 8 years. Not even 25 percent of works have been taken up as yet. The reason for the delay is ascribed to be the non-apportioning and non-release of funds. Railways were also saying that they did not get adequate co-operation from the state administration. But that is past. In the last one and a half years, under the leadership of our Chief Minister and our leader Dr. Kalaignar Karunanidhi, the Government of Tamil Nadu has been extending co-operation. Several pending Court Cases in the Namakkal area have been disposed off amicably to pave way for its speedy implementation. The process of land acquisition for the Railways has been speeded up. When the legal entanglements have been sorted out I do not know why there is a delay. I would like to have an explanation from the Minister for Railways as to why there persists a delay. I urge upon you to complete the project as announced by you within ten years. More or less eight years are over now. In the next two years you may kindly take steps to complete this project of linking Karur with Salem. You have just two more years of tenure and hence it is necessary to complete by 2009. Necessary funds may be allocated and released to accomplish the task at the earliest.

Apart from several culverts, a river bridge construction has to be completed for carrying out Salem-Karur Railway line. I understand that even the floating of tenders and finalizing the same has been done and I hope the works will commence soon. I urge upon you take up this project and complete it on a fast track basis.

I would like to thank you on behalf our leader Dr. Kalaignar Karunanidhi and on behalf of our party Dravida Munnetra Kazhagam and on behalf of the people of Tamil Nadu for the setting up of Salem Railway Division with Salem as its Head Quarters.

Hon'ble Railway Minister has spelt out on several occasions about the linking of Chennai Egmore Railway station with Chennai Central Railway Station. The out-station passengers alighting at these stations think that Chennai Central and Chennai Egmore are very far from one another though they are very near to each other. This was pointed out by our Hon'ble Chief Minister and our leader Dr. Kalaignar Karunanidhi and also by Dr. Maruthuvar Ayya during the Salem Railway Division inaugural function. Hence I request you to go in for providing direct linking of Chennai Central with Chennai Egnore. Not only the people of Tamil Nadu but all the passengers coming from different parts of the country will be greatly

benefited by this rail linking of Chennai Central with Chennai Egmore station. This important project may be taken up and completed as early as it can be to bring people closer to the Railways after being enlightened that these stations are nearer than ever before.

17.00 hrs.

I have made repeated requests many a times to introduce a passenger train between Karur and Tiruchi. The office goers, Railway staff, students and the labour class would be greatly benefited with the introduction of a passenger train linking Tiruchi with Karur. The reason assigned for the delay in considering this request is that the lines are inadequate. You are saying that even between Chennai-Tiruchi a maximum stretch remains to be single line. Atleast after doubling up of Railway lines between Villupuram and Dindigul you may take up Tiruchi-Karur railway services augmentation and expansion.

I would like to point out that Karur is an Industrial city as the hub of weaving industry. About Rs.5000 crores worth of woven goods are exported from Karur every year. Thus our town Karur earns foreign exchange in a big way. Hence this important export hub must get a better deal. There is only one train available now to go to Chennai from Karur. This may kindly be increased atleast by one more train. With this I conclude,

श्री चंद्रकांत खैरे (औरंगाबाद, महाराष्ट्र): सभापति महोदय, आपने मुझे अनुदान की अनुपूरक मांगों के संबंध में बोलने की अनुमति दी, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। तेरहवीं और चौहदवीं लोकसभा में हर रेलवे बजट पर मैं अभी तक बोलता रहा हूं। मेरा क्षेत्र औरंगाबाद है, लेकिन मैं पूरे मराठवाड़ा के बारे में कहूंगा। मैंने इस सदन में मराठवाड़ा रेलवे के बारे में कई बार मामला उठाया है और उसका नतीजा भी अच्छा निकला है। यह नीतीश कुमार, ममता जी के समय में शुरू हुआ और माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार ने मराठवाड़ा के लिए मदद की, अभी माननीय मनमोहन सिंह जी की सरकार भी माननीय रेल मंत्री लालू प्रसाद जी के माध्यम से मदद करने के लिए बहुत आगे आए हैं, इसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं। लालू प्रसाद जी हमेशा कहते हैं कि बीस-पच्चीस हजार करोड़ रुपए मुनाफा हुआ, किसी सरकार या किसी मंत्री ने यह नहीं किया जो लालू प्रसाद जी ने किया है, इसके लिए मैं उनका अभिनंदन करता हूं। अगर वे यहां होते तो ज्यादा अभिनंदन करता। 7 दिसंबर से लातूर-उस्मानाबाद, जो रेल शुरू होने वाली है, मैं उसका अभिनंदन भी करता हूं। रेलवे का क्षेत्र बहुत बड़ा है, सभी सांसदों के क्षेत्रों की डिमांड होती है, यह डिमांड कभी कम नहीं होगी यह तो बढ़ेगी। लेकिन एक बात जरूर है कि रेल में यात्री बहुत ज्यादा बढ़ते जा रहे हैं, यातायात बढ़ रहा है। इसके लिए केंद्र सरकार को ज्यादा से ज्यादा अनुदान करना चाहिए, अभी तक 60,000 करोड़ की डिमांड की है अगर अगर उससे भी ज्यादा दी है तो कोई बड़ी बात नहीं है।

17.05 hrs. (Shri Varkala Radhakrishnan *in the Chair*)

यदि रेल विभाग यह कहता है कि कोचों का अभाव है तो यह उल्लेख करना समुचित होगा कि बरेली में त्रिवेणी एक्सप्रेस लगभग 20 घंटे तक लखनऊ से चंडीगढ़ एक्सप्रेस 14 घंटे पुष्पक एक्सप्रेस लगभग 10 घंटे खड़ी रहती है। साथ ही लखनऊ में कई अन्य ट्रेनें 10 से लेकर 16 घंटे तक खड़ी रहती है यदि इन्हें ट्रेनों को बरेली लखनऊ के बीच चला दिया जाये तो यात्रियों को सुविधा तथा रेलवे को आमदनी होगी।

मान्यवर मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विशवास है कि आप उक्त विषयों को जनहित में उठावेंगे तथा रेल बजट में संशोधन कराने हेतु कारगर कदम उठायेंगे ऐसा मेरा विश्वास है।

मान्यवर, बरेली/पुरी/भुवनेश्वर के बीच नीलांचल एक्सप्रेस 8476 जो दिल्ली से वाया कानपुर से लखनऊ होते हुए लखनऊ करवाने की कृपा करें। इस निवेदन हेंतु निम्न तथ्यों को प्रेषित करता हूं।

बरेली में भारत सरकार के निम्न बडे प्रतिष्ठान हैं -

एयर फोर्स, बरेली

थल सेना

भारतीय पशु-चिकित्सा अनुसंधान संस्थान

केन्द्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान

स्वयं रेल विभाग

बी.एस.एफ

इफको आवला

भारतीय पशु-चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर में अनेक छात्र उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, बिहार इत्यादि के अध्ययन करते है।

दिल्ली से भुवनेश्वर के लिए निम्न रेलगाड़ियों चलती हैं।

नई दिल्ली पुरी एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 2816 वाया कानपुर-इलाहाबाद

नई दिल्ली पुरी एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 8476 वाया कानपुर-लखनऊ

नई दिल्ली पुरी एक्सप्रेस, पुरूषोत्तम, गाड़ी संख्या 2802 वाया कानपुर-इलाहाबाद

निजामुदीन भुवनेश्वर एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 8406 वाया मथुरा-आगरा

नई दिल्ली भुवनेश्वर राजधानी एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 2422 वाया कानपुर-मुगलसराय

निजामुदीन भुवनेश्वर एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 8478 वाया मथुरा-आगरा

उपरोक्त वर्णित में से कोई भी रेलगाड़ी बरेली होकर नहीं गुजरती है। आपसे विनम्र अनुरोध है कि कम से कम नई दिल्ली पुरी एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 8476 जो कि नई दिल्ली से कानपुर होते हुए लखनऊ से गुजरती हुई भुवनेश्वर जाती है। उसका रूट नई दिल्ली के बजाय कानपुर से बरेली होती हुई लखनऊ से गुजरते हुए भुवनेश्वर को किया जाना ही न्यायोचित और न्यायसंगत होगा, जिससे कि बरेली में अध्ययनरत छात्रों के अतिरिक्त दिल्ली-बरेली से लखनऊ के बीच के शहर कस्बों गांव की जनता को भी पुरी तक पहुंचाने के लिए एक बहुमूल्य यात्रा का अवसर मिल सकेगा।

आशा है आप इस पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए रेलगाड़ी नई दिल्ली-पुरी एक्सप्रेस नीलांचल एक्सप्रेस 8476 का रूट नई दिल्ली से बरेली होते हुए लखनऊ से गुजरते हुए पुरी/भुवनेश्वर के लिए आदेश पारित करके कृतार्थ करेंगे।

आपके संज्ञान में लाना है कि बरेली महानगर के मोहल्ला गढ़ीनाथ के मुख्य मार्ग पर निकास हेतु उत्तर रेलवे की पुलिया संख्या 103 निर्मित है जिसके ऊपर से रेलवे लाईन गुजरती है और नीचे से जनमानस का आवागमन रहता है। यह पुलिया काफी पुरानी है और अत्यधिक संकरी है जिस कारण लोगों को आवागमन में अत्यधिक असुविधा हो रही है।

उक्त पुलिया की अप लाइन 1995 में बनी थी जिसकी चौड़ाई 20 फीट है परन्तु इसके पहले जो पुरानी लाईन पूर्व में बनी थी, इसकी चौड़ाई मात्र 10 फीट है इस कारण यातायात अवसर अवरूद्ध हो जाता है तथा जाम लग जाता है जबकि इस क्षेत्र से करीब 5 लाख नागरिकों का आना जाना रहता है। इस पुलिस को समान बनाने तथा छोटे हिस्से को भी चौड़ा करने का अनुरोध क्षेत्रवासी पहले से करते आ रहे हैं। इस संबंध में मेरे द्वारा पूर्व में लिखे गये पत्रों के आधार पर रेल विभाग ने इस कार्य की आवश्यकता को समझा तथा जनवरी 2007 में डिवीजनल इंजीनियर, बरेली, उ0प्र0 द्वारा अपने पत्र के माध्यम से उक्त पुलिया को ठीक करने हेतु 15 लाख रूपये का आंकलन पत्रांक संख्या 024/015 के द्वारा दिनांक 25.01.07 को मंडल रेल प्रबंधक, मुरादाबाद के पास भेजा है।

मेरा आपसे आग्रक है कि जनहित में क्षेत्र की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए प्राथमिकता के आधार पर उक्त पुलिया का आधा भाग का चौड़ीकरण करने के आदेश संबंधित अधिकारियों को जारी करने का कष्ट करें।

मैं आपका ध्यान गाड़ी सं0 2435/2436 नई दिल्ली डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस जो सप्ताह में केवल दो दिन चलती है के फेरे बढ़ाए जाने की ओर आकर्षित कराना चाहता हूं। यह गाड़ी सप्ताह में केवल दो दिन चलती है जिससे अन्य दिनों में यात्रा करने वाले लोगों को काफी परेशानी होती है। यदि इसके फेरे बढ़ा दिये जाते हैं तो इससे इस मार्ग पर यात्रा करने लोगों को फायदा होगा तथा रेलवे को भी अतिरिक्त राजस्त की प्राप्ति होगी। मेरा आपसे आग्रह है कि जनहित में इस गाड़ी के फेरे बढ़ाने के आदेश जारी करने का कष्ट करें।

पीलीभीत में भोजीपुरा-पीलीभीत-टनकरपुर व पीलीभीत-शाहजहांपु-लखनऊ रेलवे लाइनों को बड़ी लाइनों में बदलने हेतु पिछले कई वर्षों से प्रयास किया जा रहा है। जिसके परिणामस्वरूप पिछले रेलवे बजट में माननीय रेल राज्य मंत्री श्री आर वेलु जी ने पीलीभीत की दोनों मुख्य छोटी रेलवे लाईनों को बड़ी रेल लाईन के विस्तारीकरण की योजना में शामिल करने हेतु आश्वासन दिया था और पिछले रेलवे बजअ में पीलीभीत-शाहजहांपुर-लखनऊ व भोजीपुरा-पीलीभीत-टनकपुर रेलवे लाइनों को बड़ी लाईन में बदलने के लिए शामिल कर लिया है। ओ

MR.CHAIRMAN: Thank you. You have made a well-prepared speech; that is why I extended the time.

Mr. Velu, have you heard him about the comparison between our two neighbours in Railway developments?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI R. VELU): Yes, Sir.

चौधरी विजेन्द्र सिंह (अलीगढ़) : सभापति जी, आपने मुझे रेल की अनुपूरक मांगों पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं। सही मायने में हम इस विभाग की जितनी तारीफ करें उतनी कम है। हिन्दुस्तान में आजादी के बाद और आजादी से कुछ पहले 154 वर्ष पूर्व रेल विभाग की मुम्बई से पुणे के बीच मात्र 21 किलोमीटर की दूरी पर लाइन बिछाई गई थी। आज पूरे मुल्क में 64,455 किलोमीटर रेल लाइन बिछाई गई है। यदि जनता के घनत्व के अनुसार सही मायने में उसका मूल्यांकन किया जाए तो इस विभाग से ज्यादा किसी और विभाग में विकास नहीं हुआ है।...(व्यवधान) इस विभाग ने इस देश की संस्कृति के मुताबिक आर्थिक, सामाजिक, औद्योगिक एवं राजनीतिक हर क्षेत्र में अपने कर्तव्य का निर्वहन करके एक आदर्श प्रस्तुत किया है।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: I would once again like to request the hon. Members that if they have got a written speech, they can lay it on the Table of the House and it will for part of the proceedings. It will be very helpful because there are 40 Members to speak. It will not be possible to give enough time to them. After all, it is Supplementary Demands for Grants.

चौधरी विजेन्द्र सिंह : अभी गंगवार साहब जो कह रहे थे, इसमें कोई दो राय नहीं कि 154 वर्ष पूर्व 21 किलोमीटर रेल लाइन के रूप में इसकी शुरूआत हुई थी और आज पूरे देश में 64,455 किलोमीटर मार्ग पर लाइन बिछाई जा चुकी है। सबसे बड़ी बात है कि आज की तारीख में रेलवे के पास 4 लाख 97 हजार 851 माल डिब्बे हैं और 4,263 यात्री वाहन डिब्बे हैं। इसके बावजूद यदि हम इसके डाटा पर नजर डालें, अभी गंगवार साहब कह रहे थे कि एनडीए के कार्यकाल में 1998 से 2004 तक छः साल में 4100 डिब्बों का निर्माण हुआ था।[N63]

जहां तक यूपीए सरकार के कार्यकाल का सवाल है, लालू जी के कार्यकाल का सवाल है, तो वर्ष 2004-05 में 1428 डिब्बों का निर्माण किया गया था। इसे साढ़े तीन साल में जोड़ा जाये, तो पांच साल में इससे दुगुना एचीवमैंट होगा। इसके साथ-साथ इस्पात, डीजल और रॉ मैटीरियल में जितनी महंगाई है, उसमें लगातार वृद्धि हो रही है। उसके बावजूद भी यूपीए के साढ़े तीन साल के कार्यकाल में, लालू जी के रेल मंत्री होते हुए सीमित संसाधनों में हमने माल भाड़े और यात्री किराये में आज तक कोई बढ़ोत्तरी नहीं होने दी। हिन्दुस्तान में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में इस बात के लिए रिसर्च की जा रही है कि यूपीए गवर्नमैंट में ऐसी क्या खासियत है? लालू जी में ऐसी क्या खासियत है कि इतनी महंगाई के बावजूद, इतने संसाधनों के होते हुए और विकास के लिए...(व्यवधान) यह मैं बताऊंगा। आप सुन लीजिए कि आपने कितनी जमीन बेची थी और हमने कितनी बेची है। ...(व्यवधान)

श्री संतोष गंगवार (बरेली): ओवर लोडिंग बहुत हो रही है। ...(व्यवधान)

चौधरी विजेन्द्र सिंह : सवाल इस बात का नहीं है। यदि आप सार्थक आलोचना करें, तो कोई दो राय नहीं है। लेकिन आप पूरक बजट पर नहीं बोल रहे थे बल्कि आलोचना करने के रूप में बोल रहे थे। अभी माननीय सदस्य यूपीए के कार्यकाल में इलैक्ट्रीफिकेशन की बात कर रहे थे कि इससे डीजल पर महंगाई आ रही है। आपने अपने कार्यकाल में 1202 किलोमीटर लाइन का इलैक्ट्रीफिकेशन किया था। वर्ष 1998 से 2004 तक आपके कार्यकाल में केवल 400 किलोमीटर लाइन का विद्युतीकरण किया गया जबकि लालू जी के कार्यकाल में वर्ष 2004-05 में 224 किलोमीटर लाइन का विद्युतीकरण किया गया। यदि पांच साल का आंकलन किया जाये, तो वह एक हजार किलोमीटर के बराबर होगा। आप यह भी छोड़िये।

जहां तक लाभांश का सवाल है, तो आपके कार्यकाल में वर्ष 2001 से 2002 में 1355 करोड़ रुपये, वर्ष 2002-03 में 1115.6 करोड़ रुपये, 2003-04 में 1099 करोड़ रुपये का लाभांश हुआ था। जब से यूपीए गवर्नमैंट आई है, तो तमाम संसाधनों और सुविधाओं को देने के बावजूद, रेल यात्री डिब्बों और विद्युतीकरण के बढ़ाए जाने के बावजूद हमारे स्टार काल का लाभांश 2005-06 में 4380.44 करोड़ रुपये है जो 2006-07 में बढ़कर 20 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। सवाल यह नहीं है कि हम क्या कह रहे हैं। सवाल यह है कि आंकड़े क्या कह रहे हैं। अभी यादव जी बोल रहे थे कि बहुत से कामों की शुरूआत नहीं की जाती क्योंकि उस पैसे का दूसरी तरफ डायवर्जन कर दिया जाता है। उससे लाभांश दिखा दिया जाता है। हमारा कहना है कि ऐसी बात नहीं है। यह तो आपके कार्यकाल में भी हुआ था और हमेशा हुआ है। बहुत से प्रोजेक्ट किसी न किसी कारण से रुक जाते हैं। जब बजट एलोकेट हो जाता है, तो उसको लाभांश में कैसे जोड़ा जा सकता है। जब कोई भी चीज सैंक्शन हो जाती है, उसका बजट एलोकेट हो जाता है, तो उसमें यथावत रहता है। इसके साथ-साथ मैं एक-दो बातें और कहना चाहता हूं।

महोदय, सबसे बड़ी बात यह है कि लाभांश क्यों बढ़ा? लाभांश बढ़ने का एक ही कारण है कि उस समय आपकी माल ढुलाई की जो नीति थी, वह हमारे यहां के व्यापारियों को सूट नहीं की थी। उसमें बहुत सारी अनियमितताएं थीं। यही कारण था कि लोग माल भाड़े के लिए ट्रकों का प्रयोग कर रहे थे। जब यूपीए गवर्नमैंट आयी और लालू जी रेल मंत्री बने तब इन्होंने अपनी नीति में परिवर्तन किया और व्यापारी वर्ग को प्रभावित किया। माल भाड़े की नीति में परिवर्तन करने से व्यापारी वर्ग आकर्षित हुआ। उसके कारण माल ढुलाई में वृद्धि हुई जिससे लाभांश बढ़ा। यही कारण है कि आज रेल विभाग 20 हजार करोड़ रुपये के लाभ पर पहुंच गया है।

महोदय, मैं दो मिनट में अपनी बात समाप्त कर रहा हूं। राजनैतिक क्षेत्र में भी इस विभाग ने अच्छा काम किया है। पड़ोसी देशों से हमारे संबंध मधुर रहें, सद्भाव और संस्कृति बनी रहे, इसके लिए भी यूपीए सरकार ने कोशिश की है। एनडीए के कार्यकाल में भी पाकिस्तान के लिए ट्रेन चलाई गयी थी। हमारे कांग्रेस के कार्यकाल में अटारी एक्सप्रैस चलाई गयी थी। अब यूपीए के कार्यकाल में भी ट्रेन चलाई गयी है। यही नहीं, पूरे देश के तमाम प्रदेशों की "भिन्न है भाषा, भिन्न है देश फिर है भारत देश है एक।" इस सद्भावना, मोहब्बत और एकता को बनाये रखने के लिए रेल विभाग ने जितना अच्छा कार्य किया है उतना शायद किसी विभाग ने नहीं किया है।

महोदय, मैं अपनी कांस्टीट्सी की बात कहना चाहता हूं। उत्तर प्रदेश इस देश का एक विशाल प्रदेश है। इस विशाल प्रदेश में हमारा जनपद अलीगढ़ है। अलीगढ़ जनपद में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय है जो राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर का विश्वविद्यालय होने के नाते विश्व विख्यात है। वहां पर लगभग 36 देशों के बच्चे अध्ययन करने आते हैं। इसलिए इसकी उपयोगिता बढ़ जाती है। मैं एक बात कहना चाहता हूं कि अलीगढ़ से लगा हुआ मथुरा है जो कृष्ण की जन्मभूमि है। देश विदेश के बहुत से पर्यटक, शासक, प्रशासक वहां पर आते हैं।[MSOffice64]

जब वे मथुरा से अलीगढ़ आते हैं तो उनको बहुत असुविधा होती है। यह मांग इतने लम्बे अर्से से बार-बार की जा रही है कि अलीगढ़ से मथुरा को रेल लाइन से जोड़ा जाए। कुछ ही दिन पहले 19 नवंबर को जब लिच्छवी एक्सप्रेस अलीगढ़ से होकर गुजर रही थी, तो जेल कि फाटक पर एक बहुत गंभीर दुर्घटना हुई, जिसमें तीन लोगों की मौत हुई और 18 लोग घायल हुए। मैं माननीय मंत्री जी से मांग करता हूँ कि जिन लोगों की मौत हुई उनके परिजन पांच-पांच लाख रूपए मुआवजा दिया जाए और वहां पर रेल फाटक पर एक ओवरब्रिज का निर्माण सैंक्शन किया जाए जिससे इस तरह की दुर्घटनाएं बंद हों।

इसके साथ ही मैं यह कहना चाहूंगा कि अलीगढ़ महत्वपूर्ण स्टेशन है। हालांकि उसका चयन कर लिया गया है, इसके लिए मैं मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूँ, लेकिन इसके साथ-साथ यह कहना चाहता हूं कि वहां पर कम से कम दो ट्रेन्स - विक्रमशिला एक्सप्रेस और लिच्छवी एक्सप्रेस - का स्टापेज जरूर किया जाए क्योंकि बिहार के

छात्र हजारों की संख्या में अलीगढ़ आते हैं।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Mr. Bijendra Singh, these are not the matters to be covered under Supplementary Demands for Grants.

चौधरी विजेन्द्र सिंह : इसके साथ ही मैं यह कहना चाहता हूँ कि कासगंज के लिए हमारे यहां से कोई छोटी लाइन नहीं है, एक लम्बे अर्से से केवल एक बरेली लाइन है1 देश की आजादी के 60 साल बाद भी, उस लाइन पर मात्र एक ट्रेन चलती है। वहां जनसंख्या बढ़ी है, डिमाण्ड बढ़ी है, इसके बावजूद उस गाड़ी मे न डिब्बे बढ़े, न ट्रेन्स बढ़ीं, न लाइन का इलेक्ट्रीफिकेशन हुआ। मैं कहना चाहता हूँ आज के डिमाण्ड को देखते हुए अलीगढ़ से बरेली की लाइन पर ट्रेन बढ़ाई जाएं या डिब्बे बढ़ाए जाएं।...(व्यवधान)

श्री संतोष गंगवार : वहां उस ट्रेन में अक्सर लूटपाट की घटनाएं होती हैं।

चौधरी विजेन्द्र सिंह : लूटपाट भी होती है।

महोदय, इस समय हम अपनी तुलना चाइना से करते हैं, यूपीए की सरकार की तुलना चाइना से कर रहे थे।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: You need not compare it with China.

चौधरी विजेन्द्र सिंह : यह धार्मिक उन्माद नहीं है। हर व्यक्ति का अपना धर्म है। आप राम को भी नहीं छोड़ते हैं तो चाइना से तुलना कैसे होगी?...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Now, nothing will go on recored.

*(Interruptions) **

MR. CHAIRMAN: Now, Shri Sudhangshu Seal.

...(*Interruptions*)*

MR. CHAIRMAN: We are not concerned about Chinese comparison.

SHRI SUDHANGSHU SEAL (CALCUTTA-NORTH WEST): Mr. Chairman, Sir...(*Interruptions*)

Sir, let him conclude his speech first...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Mr. Bijendra Singh, please cooperate. It is in our interest. You may lay the remaining part of your speech on the Table of the House.

...(*Interruptions*)

चौधरी विजेन्द्र सिंह : वहां हापुड़ क्रासिंग पर एक ओवरब्रिज की आवश्यकता है।...(व्यवधान) वहां से संगम एक्सप्रेस ट्रेन चलती है।...(व्यवधान)

*Not recorded

MR. CHAIRMAN: It is in your interest that we must conclude the debate as early as possible. You are from the Treasury Benches. You must cooperate. CHAUDHARY BIJENDRA SINGH : Thank you, Sir. ...(*Interruptions*)

श्री चन्द्रभान सिंह (दमोह) : महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री महोदय से निम्नलिखित प्वाइंट्स पर निवेदन करना चाहता हूं कि :-

ललितपुर, सिंगरोली स्वीकृत रेल लाइन में प्रतिवर्ष जो राशि दी जाती है, वह ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। यह प्रोजेक्ट 990 करोड़ रुपये की राशि से वर्ष 1997 में चालू की गई थी तथा 40 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष के मान से यह प्रोजेक्ट 25 वर्ष में भी पूर्ण नहीं हो सकती तथा इस प्रोजेक्ट की लागत 2000 करोड़ रुपये की हो जायेगी। इस तरह से पचास वर्ष में भी यह प्रोजेक्ट पूर्ण नहीं हो सकती।

मैं आपसे कहना चाहता हूं कि इस प्रोजेक्ट को पूर्ण करने की समयावधि निर्धारित की जाए और इस परियोजना को पर्याप्त राशि प्रति वर्ष आबंटित की जाए।

जबलपुर, दमोह, पन्ना में सर्वेक्षण का काम पूरा हो चुका है, किन्तु रेल मंत्रालय द्वारा राजनीतिकरण के कारण इस परियोजना पर इस बजट वर्ष में राशि देने का प्रावधान नहीं रखा गया है। यदि प्रोजेक्ट को संशोधित कर जोड़ा जाता है तो जबलपुर से दमोह की दूरी 200 कि.मी. के स्थान पर 100 कि.मी. पड़ेगी तथा दमोह से पन्ना की दूरी वाया कटनी, सतना पर से जाने पर 300 कि.मी. पड़ता है। यह मात्र 150 किलोमीटर से कम पड़ेगी। जनहित में इसे संशोधित बजट में से राशि देने की कृपा करें।

नई परियोजना के तहत दमोह, कुंडलपुर रेल लिंक को 50-50 प्रतिशत राज्य/केन्द्र शासन के तहत स्वीकृत राशि देने को कहा है। अतः आपसे अनुरोध है कि इसे 100 प्रतिशत रेलवे प्रशासन संशोधित कर राशि देने का प्रावधान करने की कृपा करें।

दमोह, कुंडलपुर नई रेल लाइन का सर्वे का कार्य पूरा हो चुका है। इसी बजट सत्र में संशोधित कर आवंटन प्रदान करें।

दमोह स्टेशन पर स्वीकृत मॉडल स्टेशन निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ किया जाये।

मध्य प्रदेश सम्पर्क क्रांति एक्सप्रेस एवं दयोदय जबलपुर से जयपुर एक्सप्रेस तथा जबलपुर से जम्मू का पथरिया में स्टॉपेज किया जाये।

दमोह स्टेशन पर एक वीआईपी प्रतीक्षालय का निर्माण शीघ्र कराया जाये।

छत्तीसगढ़ सम्पर्क क्रांति का दमोह एवं सागर में स्टॉपेज किये जायें।

दमोह रेलवे स्टेशन पर एटीएम सुविधा मुहैया करायी जाये।

---

* The speech was laid on the Table.

जबलपुर जम्मू तवी एक्सप्रेस को एक दिन के स्थान पर चार दिन चलाया जाये एवं उक्त ट्रेन को उधमपुर तक बढ़ाया जाये जिससे जबलपुर एवं सागर में छावनी के जवानों को उधमपुर तक जाने की सुविधा उपलब्ध हो सके।

गोंडवाना एक्सप्रेस 2412, 2411 में एसी प्रथम श्रेणी का फुल रैक लगाया जाये।

दमोह रेलवे स्टेशन का आरक्षण कोटा वर्तमान कोटे से दुगुना किया जाये।

दमोह-बीना चलने वाली पैसेंजर गाड़ी को भोपाल तक बढ़ाया जाये।

रीवांचल एवं ओवर नाइट गाड़ियों को भोपाल से इंदौर तक बढ़ाया जाये।

शिप्रा एक्सप्रेस गाड़ी को तीन दिन के स्थान पर सातों दिन चलाया जाये।

राजकोट एक्सप्रेस को दो दिन के स्थान पर तीन दिन चलाया जाये।

विंध्यांचल एक्सप्रेस को घटेरा एवं सगौनी में पूर्वतः स्टॉपेज दिया जाये।

बिलासपुर राजधानी को सागर, दमोह, कटनी होकर रायपुर तक चलाया जाये। अनूपपुर बिलासपुर स्टॉपेज देते हुए उक्त गाड़ी का नाम रायपुर राजधानी रखा जाये।

ललितपुर-सिंगरोली रेल लाइन का कार्य पन्ना, गंगऊ अभ्यारण में नेशनल पार्क के डायरेक्टर ने रेल लाइन निकालने पर रोक लगा दी है। इसे वाया अजयगढ़ से सर्वे करवाकर कार्य यथाशीघ्र शुरू कराया जाये अथवा गंगऊ अभ्यारण के नेशनल पार्क से निकालने की स्वीकृति दी जाये।

. दमोह रेलवे गुडस प्लेटफार्म को हाफ रेक पोन्ट के स्थान पर फुल रेक पोन्ट का विस्तार कराया जाये जिससे फूड, ग्रीन एवं लाइम स्टोन की फुल रेल वैगन अनलोडिंग एवं लोडिंग की व्यवस्था हो सके।

दमोह में पथरिया फाटक पर ओवर ब्रिज बना है, उसे पथरिया मार्ग की ओर फुट ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाये।

अमरकंटक एक्सप्रेस को सागर-बीना होकर चलाया जाये जिससे दमोह-सागर के यात्रियों को भोपाल के लिए एक अतिरिक्त रेल सुविधा उपलब्ध हो जायेगी। अतः सप्ताह में तीन दिन अमरकंटक एक्सप्रेस वाया दमोह-सागर-बीना होकर चलाया जाये।

भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस सुबह पांच बजे बिलासपुर पहुंचती है जो दिन भर वहीं खड़ी रहती है। इस गाड़ी को दुर्ग तक बढ़ाया जाये। इससे आम नागरिकों को सुविधा होगी तथा रेलवे मंत्रालय को अतिरिक्त गाड़ी नहीं चलानी पड़ेगी।

जबलपुर से बाम्बे नई रेल चलायी जाये।

जबलपुर से नागपुर एक्सप्रेस जो सप्ताह में तीन दिन चलती है तथा नागपुर में खड़ी रहती है। उसे नागपुर से बेंगलोर तक बढ़ाया जाये।

गोंडवाना एक्सप्रेस एवं (म.प्र.) सम्पर्क क्रांति में दमोह रेलवे स्टेशन पर एसी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तथा स्लीपर का कोटा बढ़ाया जाये।

अतः मान्यवर, आपसे विनम्र अनुरोध है कि उपरोक्त सभी बिन्दुओं को जनहित में ध्यान रखते हुए स्वीकृत करने की कृपा करें।

MR. CHAIRMAN: People should understand the gravity of the situation while they are standing.

You are from the Treasury Benches, You must cooperate in the smooth transaction of the business, it should not be an

endless speech. It is only the Supplementary Demands for Grants being discussed. I can understand Members from Opposition taking some more time, but you have no right to take so much of time. You should rather help in transacting the business. You need not make a comparison with the China.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Yes, Mr. Seal, please continue.

SHRI SUDHANGSHU SEAL (CALCUTTA-NORTH WEST):Mr. Chairman, Sir, first of all, I stand here to support the Supplementary Demands for Grants (Railways) submitted by the hon. Minister.

While making my submissions, I would like to draw the kind attention of the hon. Railway Minister that during the last Railway Budget, he may remember, there was one proposal moved by us to extend the metro rail from Dumdum railway station to Baranagar railway station. But finally, it was the decision of the Railway Authorities that it would be extended up to Kalighat Temple. Everybody knows that Kalighat Temple is a famous tourist spot. I do not know what is the fate of the survey. I would only request the hon. Minister to complete the survey and start the execution work soon.

Secondly, the hon. Minister must know that during the regime of Kumari Mamata Banerjee, the then Railway Minister, the construction work was started to linke with Dumdum Airport. There was a proposal to continue the circular rail...

MR. CHAIRMAN: Please wait.

Hon. Members, now the time is 6 o' clock. If the House agrees, we will have to extend the time of the House.

SOME HON. MEMBERS: Yes, Sir. Agreed.

MR. CHAIRMAN: I am always on this job of extending the time of the House.[r65]

18.00 hrs.[m66]

The time is extended till the discussion is over. I cannot give any assurance because by seven o' clock, we would not be able to finish it. Hon. Minister, what is the time that is required? Is it one hour or two hours?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CHEMICALS AND FERTILIZERS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI B.K. HANDIQUE): The time may be extended till the discussion is over....(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : All right, the time is extended till it is over. There shall be no 'Zero Hour'.

श्री गणेश सिंह (सतना): जीरो ऑवर का क्या होगा?

MR. CHAIRMAN : This is a discussion on Demands for Grants (Railways). Now, the discussion is free for all. Everybody can speak.

श्री गणेश सिंह : कल भी नहीं हुआ था।

MR. CHAIRMAN: I am always here. There is no 'Zero Hour'.

SHRI SUDHANGSHU SEAL : Mr. Chairman, Sir, you will be pleased to note that the Railway Ministers have already declared that all of us will be given dinner. So, the dinner is ready. You can also give company.

Now, what I was telling is this. I was drawing the attention to the bridge which is approaching to Dum Dum Airport. Earlier, the decision was that circular train should be continued up to there. But our specific proposal is that Metro Rail should go up to Dum Dum Airport. In that case, what will happen? The Dum Dum Airport is not used by only West Bengal people. It is an international airport. It will facilitate all the air passengers to avail the Metro Rail service.

Now, as far as Metro Rail is concerned, it is the normal practice that it is done on 50:50 share basis. Fifty per cent should be the share of the State Government and 50 per cent should be the share of the Railway Ministry. Our proposal is this. You know the financial background of all the States. So, if this proportion is changed to 75:25, it would enable us to move up two or three specific proposals which will ultimately benefit our commuters.

Now, as you know, we are proud of your Department and your services. I am having one specific proposal. In the railways you are using seats, curtains, and *combals.* If you do 100 per cent of your purchase from the Self-Help Groups, from the *khadi*, then it would give benefits to thousands of producers. They are all from poor community. They will be benefited and that

will help create more jobs. It is a job-oriented sector and it will create more jobs.

Fourthly, this morning during Question Hour, our leader Shri Rupchand Pal raised one vital question that there are some shops; there are some vendors in the railway land. You can remember two or three years back also it was discussed and it was announced by the then Railway Minister that if it is under the co-operative, then they will be legalized and regularized. So, I want the assurance from you that that is being done.

Now, I am talking about one project in my constituency, Calcutta proper. You know, in Calcutta earlier whatever arterial roads were made, they were on North-South linking roads. Now, Calcutta is expanding towards East. So, we need to have a number of East-West corridors. So, there are three railway bridges in my constituency. They are called No.1, No.2 and No3 bridges. It is under the GM, Eastern Railway. So, I have already discussed with our leader and Standing Committee Chairman, Shri Basudeb Acharia, with all the local MLAs and the Councilors. We all have made the representation, and I have given Rs.8 lakh from my MPLAD Fund for the survey purpose. But what I understand from them is that they require funds to execute that. So, immediately after the survey we want these widening and strengthening and for that purpose, the Government of West Bengal has already given in writing to you that the ROB portion should be met by the Railway.[m67]

All the expenses for the extended portion would be borne by the State Government. The Government of West Bengal has already given that assurance in writing to you. So, my earnest request to you is this. Since the traffic is very much congested at this moment in Kolkata, the widening and strengthening of these three bridges will enable the movement of the vehicular in a very speedy way. The work of these three bridges should be taken up immediately. For that the necessary instructions should be given to your departmental officials.

With these few words, I again support your Supplementary Demands.

श्री मुंशी राम (बिजनौर) : अध्यक्ष महोदय, मैं रेलवे की अनुदान पूरक मांगे वर्ष 2007-08 का समर्थन करते हुए कहना चाहता हूं कि इस बजट में रू0 1165 करोड विशेष रेल सुरक्षा पर खर्च का प्रावधान के साथ ऐसी नई रेल लाइनों के निर्माण में निम्न अनुसार खर्च

उधमपुर श्रीनगर बारामूला में 600 करोड़ रूप0 खर्च का प्रावधान

. कुमार घाट-अगरतला में 400करोड़ रूपये खर्च का प्रावधान

बदरपुर से बेरा ग्राम विस्तार पर 125 करोड रूपये खर्च का प्रावधान

लमडिंग-सिल्चर मिग्रेडिसा किंगाकथेडा 75 करोड रू0 खर्च का प्रावधान, जो कि लाभांश रहित बजटीय सहायता का प्रावधान रखा गया है।

इसी के साथ साथ अत्यंत आवश्यक बिजनौर हस्तिनापुर मेरठ रेल मार्ग जो केवल 30.6 कि0मी0 का निमाण होने पर जो दूरी सड़क के रास्ते 80 कि0मी0 में तय की जाती है वह केवल लगभग 40 कि0मी0 रेल से तय हो जायेगी इस समय आपके अधिकारियों द्वारा इस मार्ग को अलाभकारी बताकर किसी निर्माण योजना में नहीं रखा गया है। मैं दावा करता हूं कि आपके अधिकारियों ने जो रिपोर्ट दी है वह गलत साबित होगी यह मार्ग दो मण्डल मुरादाबाद-मेरठ को जोडने वाला छोटा मार्ग होगा इसी के साथ साथ इस मार्ग पर पड़ने वाला स्टेशन हस्तिनापुर एक धार्मिक एवं ऐतिहासिक महाभारत सर्किट का भाग है जिस पर जैन धर्म का काफी बटा धर्मस्थल भी इसी स्थान पर है।

अतः इस रेल मार्ग को मैं जनहित में बनवाये जाने की मांग करता हूं। मेरा गृह नगर जम्मू तीव-हावड़ा मुख्य रेल मार्ग के नगीना स्टेशन पर है। मैं पिछले तीन वर्षों से इस स्टेशन पर दिन के समय में चलने वाली रेल गाड़ी जो अति आवश्यक नहीं है जिनमें कोई भी तृतीय शयनयान कोच भी नहीं है।

अमृतसर-सहरसा जन सेवा एक्सप्रेस (5209-5210) अमृतसर-दरभंगा जन नायक एक्सप्रेस (5211-5212) के ठहराव की मांग करता आ रहा हूं जो मानी जानी चाहिए यह भी जनहित में आवश्यक होगा। जम्मूतवी-हावडा मुख्य लाईन के मौजम्मपुर नारायण जं0 से पूर्व मौजम्मपुर नारायण जं0 गजरौला लाईन पर हाईवर्जन बनाये जाना इस क्षेत्र के अत्यंत आवश्यक होगा जिसके लिये मैं लगातार मांग करता आ रहा हूं। नजीबाबाद-दिल्ली के लिये एक नई ट्रेन प्रातः 5 से 6 बजे एवं वापस दिल्ली-नजीबाबाद जं0 के लिये सांय 6 बजे के पश्चात नई ट्रेन चलाये जाने की आवश्यकता जो इस क्षेत्र के व्यापारियों एवं आम जनता की मांग

---

* The speech was laid on the Table.

है जिसे गंभीरता से लिया जाये जो क्षेत्र की जनता के लाभ के साथ साथ रेलवे को भी लाभकारी होगी जिसे चलाये जाने की मांग करता हूं।

जिला बिजनौर एवं जे.पी.नगर आसपास के क्षेत्र से कोई भी सीधी रेल गाड़ी देश के दक्षिण एवं पश्चिम भाग में जाने के लिए नहीं है जबकि इस क्षेत्र का लाखों मजदूर एवं व्यापारी देश के दक्षिण एवं पश्चिम भाग में कार्य करता है। जिन्हें सीधी रेल सेवा इस क्षेत्र से नहीं मिलती जिसे चलाये जाने की मांग करता हूं।

रेलवे क्रासिंग नेशनल हाईवे-74 के नजीबाबाद जं0 के पास एल एन्स आई एन जी नं0 483ए एवं नगीना रेलवे स्टेशन के समीप एलएवसआई एन जी नं0 471 पर पुल का निर्माण कराये जाना इस नेशनल हाईवे-74 जो उत्तराखंड की राजधानी देहरादून एवं उच्च न्यायालय नैनीताल को जोडने वाला मुख्य मार्ग है जिस पर अधिकांश वीआईपी वाहनों का चलन रहता है जो ज्यादातर जाम की हालत में मार्ग रहता है जिस पर पुलों का निर्माण होना जनहित में आवश्यक होगा।

PROF. M. RAMADASS (PONDICHERRY): Sir, I rise to support the supplementary demands for grants moved by the Hon'ble Minister of Railways. While supporting the grants, I would also like to commenced and compliement the splendid work doen by the Indian Railways ably directed by Hon'ble Shri Lalu, Hon'ble Shri Velu and Hubli Shri Rathwad. We are particularly happy that the Hon'ble Ministers fulfilled the long dream of Division in Tamil Nadu. That initiative amply proves that the UPA Government headed by Dr.Manmohan Singhji ably guided by Madam Soinia Gandhiji is a responsive, receptive and responsible Government.

Railways, no doubt have turned the corner and have became a sound public sector organization thanks to the efforts made by the UPA Government.

While concluding the supplementary grants, I also wish to draw the attention of the Railways to some of the age old problems of the Union Territory of Pudicherry.

Sir, as you know the Union Territory of Pudicherry is directly controlled by the Government of India. But in terms of Railway development, it is poorly placed. It has peculiar geographic location – spread in far flung areas – Karaika, 160 km away from Pudicherry Tamil Nadu, make 800 km away from Pudicherry.in Kerala. Youon 890 km away from Pudicherry in Andhra Pradesh. Nowhere in the country we find distant locations consisting are Porliameufory constituency. Third fact has to be studied by the Railways. Therefore, two issues have to be solved as far as Pudicherry. is concerned:

Connect the four regions of the Union Territory by Railways- Pudicherry.to Kouoital, Pudicherry to Hoble, Pudicherry to Yenam.

Connect Pudicherry to other capital cities of the country and the capital of India by Railways

---

* The speech was laid on the Table.

The following facilities are immediately required:

Creation of facility in Pudicherry Railway Station so that new trains could be operated and received. It is understood that the GM of Trichy lines submitted a proposal for Rs.7 crores. This may kindly be approved.

Several services between Villupurou- Pudicherry may be perated so that the people of Pudicherry can be extended to various Express Trains provisions Villepecour.

Expedite the broad gauge conversion work between Nogove and Koroikal. Connect Koroikal to Moitoudutuaiov via Tirumallor.

Extend the Koroikal Express from conversion to Pudicherry.

A new train from Pudicherry to Mangalore which can cover Pudicherry people to other region of the various territory may be provided.

A new train from A Pudicherry to Bangalore via Viridhaetoloure, Salem, Dhrampur

Present Pudicherry-Chennai Epxress can be piled for all the seven days instead of the present five days.

The Pudicherry-Tirupati Train may be operated in the night to suit the conviniance of the devotees of Lord Venkatasuoure.

A new train from Pudicherry to New Delhi.

श्री अफ़ज़ाल अंसारी (गाज़ीपुर) : सभापति जी, रेलवे की अनुपूरक अनुदानों की जो मांग रखी गयी है उसे पास किये जाने के क्रम में माननीय सदस्यों ने जो चर्चा की और उनके माध्यम से जो ज्वलंत समस्याएं व्यावहारिक रूप से उनके क्षेत्र की थीं, उनको रखा गया। मैं भी अपने आपको उनसे जोड़ते हुए, इस विषय पर कुछ चर्चा करना चाहता हूं। अब भारतीय रेल करोड़ों रुपये के लाभ में है, यह एक चमत्कार जैसा प्रतीत होता है। जहां तक माननीय रेल मंत्री जी के चमत्कारी फैसलों की सराहना हो रही है।

MR. CHAIRMAN : I once again appeal to you to submit written speeches so that the time can be saved. If you are kind enough to

submit written statements, much of the time can be saved. After all, it is a discussion on Supplementary Demands and no policy question is there. Only the current year's functioning is discussed.

श्री अफ़ज़ाल अंसारी : मैं दो मिनट और लूंगा। जैसा मैंने कहा कि जहां माननीय रेल मंत्री जी के फैसलों की सराहना हो रही है वहीं अब भी कुछ ऐसे सवाल हैं जिन पर गंभीरता से कुछ विचार करके, ऐसी योजनाएं बनाने की जरुरत है जिससे भारत की रेल, जिसका मुकाबला एनडीए की सरकार के माननीय पूर्व मंत्री जी, चीन की रेलवे से करने की तुलना कर रहे थे। मैं कहना चाहता हूं कि उससे कई गुना स्थिति में भारत की रेल है। हमारे देश में, भारतीय रेल में तीन मुख्य बातों को हम चाहेंगे। माननीय रेल मंत्री जी हर चीज पर सूक्ष्म नजर रखते हैं लेकिन ट्रेनों में यात्रा करने वाले जो यात्री हैं, उनकी सुरक्षा के लिए कुछ और पुख्ता प्रबंध किये जाएं। सुरक्षा एक ज्वलंत समस्या है। आये दिन कहीं न कहीं कोई घटना होती है और उसकी वजह से रेलवे बदनाम होती है। दूसरा, रेलवे की दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बहुत उपाय किये गये हैं लेकिन इसको और बेहतर बनाने की जरुरत है। अभी इसके लिए ठीक से जिम्मेदारी फिक्स नहीं की गयी है। अगर इसके लिए जिम्मेदारी फिक्स की जाए तो रेल में दुर्घटनाएं कम से कम हों। अगर ऐसा होता है तो हमारी रेल मील का पत्थर साबित होगी।

तीसरा, प्रत्येक दशा में, अगर माननीय मंत्री जी अपने समय में ट्रेनों को टाइम से चलाने की व्यवस्था कर दें तो न केवल यह देश बल्कि दुनिया को हमारा लौहा मानना पड़ेगा कि व्यवस्था में जब आप आये थे तो आपका उपहास उड़ाया जाता था कि चरवाहा विश्वविद्यालय में एक और एक ग्यारह होते हैं। आपने सचमुच एक और एक ग्यारह करके रेलवे की व्यवस्था चला करके माननीय लालू प्रसाद जी ने दिखाया। एक छोटा सा विषय है, माननीय रेल मंत्री जी गाजीपुर के दौरे पर गये थे और स्वयं घोषणा की

थी। इनके बारे में रोज सुना जाता है कि इन्होंने जो फैसले लिये, जो घोषणाएं बिहार में कीं, वहां की सरकार भूमि उपलब्ध नहीं कर पा रही है कि उन घोषणाओं को अमल में लाया जा सके। [r68]

आप एक छोटी सी घोषणा गाजीपुर में एनएच 29 और एनएच 19 का जो वाई प्वाइंट रोजा है वहां ओवर ब्रिज बनाने की करके आए थे। आज उत्तर प्रदेश में पूर्वांचल के लोग आपकी तरफ आस लगा कर देख रहे हैं कि क्या आपकी यह कोरी घोषणा थी या उसे अमली जामा पहनाया जाएगा?

सभापति महोदय, मैं एक और निवेदन करके अपनी बात को समाप्त करूंगा। मैं नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर जब आ रहा था तो एक मुझे एक घटना के बारे में जानकारी हुई। अजीब संयोग की बात है कि लालू जी रेल मंत्री हैं और 15 अगस्त जब देश की आजादी का दिन मनाया जा रहा था, उस दिन रेलवे स्टेशन पर 50 गरीब कुलियों के टोकन किसी सिर-फिरे अधिकारी ने रखवा लिए। उनके ऊपर न जाने कौन सा इल्जाम लगाया कि उन 50 माल ढोने वाले गरीब कुलियों के पेट पर लात पड़ी, उनकी रोजी-रोटी छीन ली गई और उन्हें खाली बैठा दिया गया। दुर्भाग्य का यह विषय है कि वे पूरे 50 के 50 अल्पसंख्यक हैं। मैं जब भी ट्रेन से आता-जाता हूं, वे इकट्ठे होकर मुझ से कहते हैं। आप से वे लोग न्याय की अपेक्षा रखते हैं इसलिए इस सवाल को हम जैसे आदमी के सामने भी रखते हैं। इन्हीं बातों को रखते हुए मैं अनुदान की मांगों का समर्थन करता हूं।

श्री रमेश दुबे (मिर्जापुर): सभापति महोदय, मैं रेलवे की अनुपूरक मांगों पर बोलते हुए सबसे पहले रेलवे के विकास के लिए माननीय मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं। वाराणसी से इलाहाबाद दोहरी लाइन का काम बहुत धीमी गति से चल रहा है। मैं आशा करता हूं कि उसे जल्द से जल्द पूरा करने की कोशिश की जाएगी। वाराणसी से लखनऊ वाया पूतापगढ़ रेल लाइन डबल करने की आवश्यकता है क्योंकि वहां जितनी ट्रेन्स चाहिए, नहीं चल पाती हैं। वाराणसी से कानपुर, इलाहाबाद के लिए वाया जंघई होते हुए कोई ट्रेन नहीं है। व्यापारियों को कानपुर जाने के लिए या इलाहाबाद हाई कोर्ट जाने के लिए सुबह कोई ट्रेन नहीं मिलती है। इलाहाबाद से वाया ज्ञानपुर होते हुए कोलकाता जाने के लिए कोई ट्रेन नहीं है जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश के काफी लोग कोलकाता में रहते हैं। उनके लिए कोई ट्रेन वहां से आने-जाने के लिए नहीं है। उनकी दिक्कतों को देखते हुए, उनकी मांग पूरा करने की कृपा करें।

माधोसिंह रेलवे स्टेशन पर यदि टर्मिनल बनाया जाता है तो वाराणसी में यात्रियों की जो भीड़ हो रही है, वह कम हो सकती है। परसीपुर मोड, सुरियांवा, सराय, कनसराय चौखण्डी-सेवापुरी आने-जाने के लिए सम्पर्क मार्ग रेलवे स्टेशनों के साथ अभी तक नहीं है। आवश्यकता है कि लुम्बनी, मिर्जापुर मार्ग पर भदोही एवं माधोसिंह स्टेशन के पास ओवरब्रिज बनाया जाए। वहां घंटों ट्रैफिक जाम रहता है। सैंकड़ों गाड़ियां लाइन में खड़ी रहती हैं। लोगों को बड़ी असुविधा होती है।

भदोही कारपेट की नगरी कही जाती है। जहां तक कारपेट एक्सपोर्ट करने का सवाल है, भदोही का उसमें नाम है। वहां से एक पूर्वा ट्रेन नई दिल्ली के लिए चलती थी जिसे लोग रात को लेते थे और सुबह दिल्ली पहुंचते थे। वह ट्रेन बंद कर दी गई है। इससे लोगों को भारी असुविधा हो रही है। मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि यह ट्रेन अवश्य चलायी जाए।

वाराणसी जंघई के बीच शटल ट्रेन की आवश्यकता है क्योंकि जो कर्मचारी बैंकों में काम करने के लिए या जिले के प्रधान कार्यालय में आते हैं, उनके लिए कोई ऐसी ट्रेन नहीं है जो समय से आ-जा सके। मैं निवेदन करना चाहूंगा कि मुम्बई से इलाहाबाद के लिए राजधानी की तर्ज पर ट्रेन चलाने की आवश्यकता है ताकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में कल-कारखाने स्थापित हो सकें और समय पर लोग तथा व्यापारी लोग आ-जा सकें। इन्हीं शब्दों के साथ मैं माननीय मंत्री महोदय का आभार मानते हुए, उनको कार्य प्रगति के लिए बधाई देता हूं और आशा करता हूं कि वह हमारी मांगें कुछ हद तक पूरी करने की कृपा करेंगे।

SHRI A. KRISHNASWAMY (SRIPERUMBUDUR): Sir, kindly take necessary steps to complete the requirement from my constituency:

1. LC.10 Pattabiram ROB
2. LC.12 Thiniruvoon ROB
3. Nemnilichery New RS

4. Stoppage of Express Trains in Tirumvallur or Avadi

5. Avadi and Gummudipoondi may be the sub-urban halt stoppage to decrease traffic in Chennai.

* The speech was laid on the Table.

18.15 hrs. (Mr. Deputy Speaker *in the Chair*)

श्री किशन सिंह सांगवान (सोनीपत): उपाध्यक्ष महोदय, अनुदान की अनुपूरक मांगों के बारे में चर्चा चल रही है। मैं लगभग पिछले दस साल से रेल बजट और सप्लीमेंटरी डिमांड्स पर बोलता रहा हूं। मैं सदन में हरियाणा प्रदेश की जितनी समस्याएं हैं उनके बारे में लालू जी और जो मंत्री पहले रहे हैं, उनके सामने रखता रहा हूं। लेकिन अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि जब भी रेल बजट पेश हुआ है उसमें केवल एक साल को छोड़कर जिसमें हरियाणा को दो प्रोजेक्ट मिले थे इसके अलावा आज तक हरियाणा रेलवे की दृष्टि से इगनोर रहा है। हमें ऐसा लगता है कि हरियाणा रेलवे के मानचित्र पर नहीं है। हमें कोई प्रोजेक्ट या नई गाड़ियां नहीं मिलती हैं। हरियाणा दिल्ली के तीन तरफ लगता है और एनसीआर एरिया में बहुत एरिया कवर होता है। एनसीआर एरिया इसलिए बनाया गया था ताकि दिल्ली पर आबादी और ट्रैफिक का बढ़ते हुए बोझ को कम किया जाए, आसपास के इलाकों में फैसिलिटी दी जाए ताकि दिल्ली का लोड कम हो। लेकिन हो उलटा रहा है, लगातार जनसंख्या बढ़ती जा रही है, डेली पैसेंजर्स, दूध बेचने वाले, स्टूडेंट्स और कर्मचारी दिल्ली में आते हैं और रोज वापिस जाते हैं। रेलवे की दृष्टि से दिल्ली के एनसीआर इलाके में चारों तरफ बहुत ज्यादा लोड बढ़ रहा है। दूसरे प्रदेशों से जितनी भी ट्रेन्स, एक्सप्रेस आती हैं, उनके स्टॉपेज यहां नहीं होते हैं और नई गाड़ियां यहां चल नहीं रही हैं और इस तरह से लोड बढ़ता गया। आज बहुत भयंकर स्थिति पैदा हो गई है और एनसीआर एरिया के डेली पैसेंजर्स के लिए बहुत भारी समस्या बन गई है। हम बार-बार चिल्ला रहे हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है। इस पर बहुत ध्यान देने की आवश्कता है क्योंकि सबसे ज्यादा लोड एनसीआर एरिया का है और वहां कोई फैसिलिटी नहीं है। यहां जितनी भी सब-अर्बन सिटीज़ हैं, उनमें कोई नई ट्रेन नहीं चलाई गई, न तो एएमयू और न ही लोकल ट्रेन। विशेष तौर पर मेरा क्षेत्र सोनीपत जो अम्बाला तक चला गया है, वहां दो लाईन ट्रैक है। जब भी हम नई ट्रेन या स्टॉपेज की मांग करते हैं तो रेलवे डिपोर्टमेंट की तरफ से यही जवाब आता है कि ट्रैक खाली नहीं है। मेरी सबसे पहली मांग है कि हिमाचल, पंजाब, चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर के लोग इस लाईन से आते हैं, उस लाईन को दो लाईन के बजाय चार ट्रैक किया जाए तब ये समस्या हल हो सकती है। इसमें कोई लंबा-चौड़ा एक्सपेंस भी नहीं है और अगर है भी तब भी आप बड़े प्रॉफिट में जा रहे हैं, एक साल में बीस हजार करोड़ रुपए कमा लिए हैं और जब इससे चार प्रदेशों की समस्या का हल हो सकता है तो इसे किया जाए।

जैसा कि मैंने पहले कहा 15-20 साल में दो प्रोजेक्ट सैंक्शन हुए थे - झज्जर-रिवाड़ी-रोहतक और जींद-गोहाड़ा-सोनीपत, उस वक्त ममता जी मंत्री थी, नीतीश जी थे जब वह सैंक्शन हुई थी। रिवाड़ी वाली लाईन पर काम शुरू हो गया है और वह भी इस कंडीशन में हुआ है कि राज्य सरकार को टोटल कॉस्ट का पचास प्रतिशत शेयर देना पड़ा, तब जाकर शुरू हुआ। लेकिन जींद-सोनीपत लाईन के लिए हर साल दो, तीन या चार करोड़ प्रोजेक्ट के लिए मिलता रहा है और पिछले साल तो 16 करोड़ रुपया बजट में मिला था लेकिन वह सारा लैप्स हो गया। रेलवे बोर्ड के पास फाईल पड़ी रही कि दोबारा एस्टीमेट करें, रिएस्टीमेट करेंगे इस तरह से 16 करोड़ रुपए लैप्स हो गए और आज तक काम भी शुरू नहीं हुआ जब उस पर पचास प्रतिशत दे दिया तो काम शुरू हो गया। यह एक नया ट्रेंड रेलवे डिपार्टमेंट ने शुरू कर दिया है जो बहुत खतरनाक है। अगर कोई भी प्रोजेक्ट सैंक्शन होता है तो राज्य सरकार से पचास प्रतिशत की मांग करते हैं, अगर स्टेट गरीब है तो पचास प्रतिशत शेयर कैसे देंगे? अगर सरकार किसी प्रोजेक्ट के बारे में कुछ नहीं चाहती है तो वह पेंडिंग पड़ा रहेगा।[r69]

इस तरह से रेलवे का जो 50 परसैन्ट शेयर का ट्रैंड चला है, यह बड़ा खतरनाक है। यह नहीं होना चाहिए। रेलवे का अपना बजट संसद से पास होता है, उसके मुताबिक प्रोजैक्ट्स आगे बढ़ने चाहिए।

उपाध्यक्ष महोदय, दूसरा जो प्रोजैक्ट मैं जींद-सोनीपत का बता रहा हूं, इसमें मजबूर होकर हरियाणा सरकार ने 50 परसैन्ट शेयर देना भी स्वीकार कर लिया। लेकिन उसके बाद भी काम शुरू नहीं हो रहा है। रेलवे डिपार्टमैन्ट का जो प्रोसीजर है, वह इतना टैक्निकल और डिलेइंग है कि आधे प्रोजैक्ट्स तो पैंडिंग पड़े रह जाते हैं और इस बीच में कास्ट बढ़ जाती है। फिर कहते हैं कि इसका दोबारा ऐस्टीमेट बनाओ। मैं समझता हूं कि यह सिस्टम बदलना पड़ेगा। इसलिए मेरी आपसे मांग है कि जींद-सोनीपत की लाइन जिस पर पचास परसैन्ट खर्चा राज्य सरकार ने स्वीकार किया है, सर्वे आदि सब कुछ हो चुका है। इसे चालू किया जाए। फोर लेनिंग की मांग मैंने आपके सामने बताई है।

दूसरी बात मैं कहना चाहता हूं कि गन्नौर में एक आर.ओ.बी. बन रहा है। इसके बारे में हम बार-बार अपनी बात उठाते रहे हैं और हमने लिखित में भी दिया है। रेलवे बोर्ड ने लिखित में यह दिया था कि यह आर.ओ.बी. दिसम्बर, 2006 में बनकर तैयार हो जायेगा। अभी दिसम्बर, 2007 आ रहा है, लेकिन कोई प्रोग्रैस नहीं हो रही है। इस प्रकार से यह छोटी-मोटी टैक्निकल बातों में उलझा हुआ है। मेरा माननीय लालू जी से हमारा यह अनुरोध है कि अपने बोर्ड के अधिकारियों पर पर थोड़ा सा अंकुश लगायें, उनकी खिंचाई करें। वे फॉर्मेलिटी करते हैं। कोई सासंद या जनप्रतिनिधि जब कोई बात लिखता है तो आम तौर पर निगेटिव जवाब आता है। कभी कहेंगे कि पैसा नहीं है, कभी कुछ कहेंगे और कोई न कोई बहाना बनाकर सारे कामों को लटका देते हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं समय की कमी को देखते हुए अपने क्षेत्र की दो-तीन बातें और कहना चाहता हूं। पूरे अम्बाला और पंजाब से जो ट्रैफिक आता है, पानीपत से लेकर दिल्ली तक सुबह दस बजे के बाद उधर से कोई ट्रेन नहीं आती है। इतना बड़ा इलाका है और सुबह आठ बजे के बाद दिल्ली से पानीपत की तरफ उसके बाद कोई ट्रेन नहीं जाती है। जो भी ट्रेन जाती है वह शाम को जाती है। इस बीच में कितना बड़ा टाइम गैप है, इसमें कोई न कोई व्यवस्था होनी चाहिए। ताकि आने-जाने वाले लोग ट्रेन की सुविधा का लाभ उठा सकें। हमने यह मांग भी की है कि सोनीपत इंडस्ट्रियल सिटी है, बहुत बड़ा डिस्ट्रिक्ट हैडक्वार्टर है, इसलिए उसे मॉडल स्टेशन बनाया जाए। इस बात को हम बार-बार उठाते रहे हैं। एक बार हमने पता भी लगाया था कि बनाया जायेगा, लेकिन जब लिस्ट देखी तो उसमें इसका नाम शामिल नहीं पाया। हमारी मांग है कि इसे एक मॉडल स्टेशन बनाया जाए। स्टापेज के बारे में मैं ज्यादा नहीं कहूंगा। इस बारे में मैं बार-बार लिखित में भी देता रहा हूं और अब भी लिखकर दे दूंगा कि किन-किन ट्रेनों के स्टापेज की आवश्यकता है। क्योंकि उधर से बहुत ज्यादा पैसेंजर्स आते-जाते हैं। इसलिए उनके बारे में भी सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाए। गन्नौर और बहादुरगढ़ में जो रेलवे स्टेशन है, वह स्टेशन इन दोनों शहरों को डिवाइड करता है। स्टेशन के कारण गन्नौर और बहादुरगढ़ दो हिस्सों में बंट जाता है। इनकी आधी आबादी इधर है और आधी आबादी उधर है। हमने सैंकिंड एन्ट्री की मांग बार-बार की है कि दूसरी तरफ भी टिकट घर बन जाए, ताकि लोगों को बहुत दूर से आना न पड़े।

अंत में मालभाड़े के लिए मैं कुछ कहना चाहता हूं। माल उतरने-चढ़ने के लिए सोनीपत बहुत बड़ा हैडक्वार्टर था। लेकिन पिछले कई सालों से इसे खत्म कर दिया गया है। मैं मांग करूंगा कि इसे बहाल किया जाए। ताकि जितने भट्टे वाले हैं, कोयले वाले हैं, लोहे वाले हैं, उनका जितना माल आता है, वह दिल्ली की बजाय सोनीपत में बहाल हो जायेगा तो लोग वहां से अपना माल उठा लेंगे। मेरी मांग है कि इन सब बातों पर आप सहानुभूतिपूर्वक विचार करें। इतना कहकर मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

उपाध्यक्ष महोदय : मैं माननीय सदस्यों से रिक्वैस्ट करना चाहता हूं कि मेरे पास तकरीबन चालीस बोलने वाले मैम्बर्स साहेबान की लिस्ट है। इस हिसाब से 12 बजेंगे। इसलिए Those hon. Members who want to lay their written speeches on the Table can do so. दूसरे मैं चाहता हूं कि जो भी मैम्बर्स बोलना चाहते हैं वे सभी बहुत ब्रीफ में बोलें और तीन-चार मिनट में अपनी बात कहें। श्री देवव्रत सिंह जी आप बोलिये।

श्री खारवेल स्वाई (बालासोर) : सर, 45 मिनट पहले 40 मैम्बर्स थे, अभी भी चालीस है, क्या इसमें नाम बढ़ जाते हैं।

उपाध्यक्ष महोदय : क्या करूं।

श्री अविनाश राय खन्ना (होशियारपुर): सर, उस दिन आपने इसलिए नहीं बोलने दिया, क्योंकि आपने कहा था कि रेलवे की डिमांड फॉर ग्रांट्स पर बोलें। लेकिन अब कह रहे हैं कि समय कम है। इस तरह से हम अपनी बात कैसे रखेंगे।

उपाध्यक्ष महोदय : टाइम तो आपको देंगे। किसी को बगैर टाइम दिये नहीं रहेंगे। जितने भी बोलने वाले हैं, सबको बोलने का टाइम दिया जायेगा। ऐसी बात नहीं है, सबको टाइम मिलेगा। लेकिन प्लीज टाइम एडजस्ट करना पड़ेगा। टाइम हम जरूर देंगे। एक-एक, दो-दो मिनट में जो खास बात कहनी है, वह पहले कह लें, बाकी का टेबल पर ले कर दें[b70]।

श्री हंसराज गं. अहीर (चन्द्रपुर) : महोदय, रेलवे देश की बड़ी ताकत, जनता की सुविधा तथा प्रगति विकास का मार्ग है। इस रेलवे का देश के सभी स्थानों, क्षेत्रों, सभी वर्गों को समान रूप से लाभ मिले इस दिशा में रेलवे की नीति होनी चाहिए। बजट भी उसी के मद्देनजर होना चाहिए।

दुर्भाग्य से पिछले तीनों रेल बजट में जब से यूपीए सरकार के रेल मंत्री जो बजट ला रहे हैं, उस बजट में रेलवे का विस्तार तथा नई गाड़ियों को बढ़ावा नहीं दिया गया है। रेलवे सुविधा है आम जनता की गरीब दूरदराज आदिवासी वन बहुल क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी जनता को रेल सुविधा मिलने हेतु सरकार द्वारा कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। विद्यमान रेलवे स्टेशनों की सुविधाएं बढ़ाई जाएं। मॉडल स्टेशन बनवाए जाएं। जहां सुविधाएं नहीं हैं, वहां सुविधाएं बढ़ाई जाएं। गाड़ियों को बुलेट ट्रेन बनवाकर रेलवे का विस्तार नहीं हो रहा है बल्कि जो रेलवे सेवा ब्रिटिश काल से मिल रही थी, उसी क्षेत्र को सुविधा बढ़ा कर दी जा रही है। जहां रेलवे नहीं है, वहां नई लाइनें बिछाने में कार्य को महत्व दिया जाना चाहिए। नई-नई जगह रेल लाइनें बिछाई जाएं। सर्वव्यापी रेलवे बनाई जाए।

मेरे क्षेत्र में गडचिरोली जिले में रेलवे नहीं चलती है। बार-बार मांग की है, फिर भी इंकार किया जाता है। रेलवे नीति में आरओआर में नहीं बैठता, यह कैसी नीति है। जिसमें गरीब उद्योगहीन आदिवासी दूरदराज नक्सली गतिविधियों से प्रभावित इस जिले को बडसा से आरमोरी गडचिरोली तक जिसका सर्वे हुआ है, फिर भी रेलवे लाइन बिछाई नहीं जा रही है। 100 करोड़ के करीब धनराशि की जरूरत है। इस रेल लाइन हेतु महाराष्ट्र सरकार ने अपनी ओर से धनराशि का हिस्सा दिए जाने का लिखित पत्र भी भेजा है। इस रेल लाइन के लिए बजट में प्रावधान करें। लाइमस्टोन इत्यादि मिनरल उस क्षेत्र में पाए गए हैं। बल्लारशहा से सूरजागढ़ तक नई रेल लाइन हेतु सर्वे किया जाना चाहिए। दिल्ली-चेन्नई-बंगलौर लाइन चंद्रपुर स्टेशन से हो कर गुजरती है। देश की महत्वपूर्ण इस लाइन को नागपुर से आगे बल्लारशहा तक तीसरी रेल लाइन बिछाई जाए, ताकि इस मार्ग से और भी गाड़ियां चलें। जिसमें बल्लारशहा से मुंबई तक सीधे गाड़ी चलाने तथा बल्लारशहा-चन्द्रपुर से नागपुर शटल ट्रेन चलाने की मांग करता हूं। मेरे क्षेत्र में कई स्टेशनों पर पीआरएस सुविधा नहीं है। सभी स्टेशनों पर पीआरएस-वीटीएस देने की मांग करता हूं। चांदा फोर्ट स्टेशन से गोंदिया स्टेशन तक दूसरी रेल लाइन तथा विद्युतीकरण भी किया जाए। इस मार्ग पर और भी गाड़ियां चलाई जानी चहाए, जिसकी हमने बार-बार मांग की है।

---

* The speech was laid on the Table.

चंद्रपुर रेलवे स्टेशन से लगकर गुड्स शेड हैं, उसे हटाकर अंयत्र ताडाकी या घुगुस नया गुड्स शेड बनवाया जाए। बाबुपेठ ओवरब्रिज (चंद्रपुर शहर) बनाया जाए। नागपुर से चलने वाली सेवाग्राम एक्सप्रेस मुंबई चलती है, जिसका विस्तार बल्लारशहा तक तथा नंदीग्राम-नागपुर-मुंबई गाड़ी नागपुर के बजाए बल्लारशहा से चलाई जाए।

इन्हीं मांगों के साथ मैं अपना भाषण समाप्त करता हूं।

SHRI P. KARUNAKARAN (KASARGOD): Sir, I support the Supplementary Demands of Railways for the year 2006-07. I also congratulate the Railway Minister and other Minister for running the profitable public undertaking. The share and the contribution of the worker cannot be ignored in making railway a profitable one.

In the last Session of this House railway Minister and the Prime Minister has promised to provide some special package to the State of Kerala especially in the wake of the formation of the Salem Division. We have already given the proposals to the Hon'ble Prime Minister and the Railway Minister.

We reiterate our long-standing demand for the formation of West Coast Zone with head quarter in Kerala. This is the permanent solution for the development of the states. Railway Minister has already declared in the House to set up Coach Factory at Palakkad. The work of the project has to be expedited and we request you to lay down the foundation stone in the month of December itself. A pre-requisite for the railway development of Kerala is the dedicated high speed passenger corridor from

Trivandrum to Mangalore. With regard to the electrification the work of the Shornur - Mangalore is yet not started, this has to be included in the railway project. We have already given proposals for the construction of new railway lines such as Kollankod - Trichur, Tellicherry - Mysore and Nilambur - Nanjangode. Some of the proposals of the previous Railway Budget like the Triangular Railway Station at Shornur should be expedited at the earliest. The trains Cochin - Bangalore and Kannur - Yashwantpur should be made daily. The proposal of work on wagon repairing workshop which was already sanctioned at Nemom Trivandrum should be expedited. As Kerala is the tourist state the trains from Kanyakumari to Goa should be introduced and

---

* The speech was laid on the Table.

there is also a need to introduce Calicut - Mangalore, Ernakulam - Coimbatore intercity express.

The Hon'ble Railway Minister Shri Veluji has already agreed to introduce the passenger train from Kannur to Mangalore when he has visited Kasargod in Kerala. This has to be introduced at least in this time.

There are about 65 ROB in Kerala. The work of the 10 ROB's are completed the work of the 10 other ROB's are in different stages. In some cases it is true that the land acquisition is the problem but there are instances where the State Government has completed their portion of the bridge but the remaining portion has to be completed by the Railway. The Backle in Kasargod, Muzappilangad in Kannur, Palakkad in Palakkad District are the example. There is no justification for this undue delay on the part of Railway.

I like to remind in this session also the problems of the railway porters and workers due to the new policy adopted by the Railway. Many of the railway porters are not able to handle the parcels well as the luggage services in the stations. It is true in the case of catering service also. It is entrusted with IRCT where they have given sub contract to other persons. As a result many of the workers working in catering services are unemployed.

With this word I would like to conclude with the hope that the Hon'ble Railway Minister will consider all this favourably.

श्री देवव्रत सिंह (राजनंदगाँव) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से लालू प्रसाद जी को धन्यवाद देना चाहूंगा और उनके द्वारा जो सदन में अनुदान मांगे रखी गई हैं, उन मांगों के समर्थन में खड़े होते हुए यह कहना चाहूंगा कि निश्चित रूप से जिस राशि की अनुदानों मांगों के माध्यम से मांग की गई है, वह राशि लालू प्रसाद जी को दी जानी चाहिए।

पिछले लगभग साढ़े तीन वर्षों में ऐसा क्या हो गया कि रेलवे की आधारभूत संरचना में एक बड़ा परिवर्तन आया है। क्या ऐसा कारण बना कि यूपीए सरकार और लालू प्रसाद जी को इस बात का श्रेय दिया जा रहा है कि एक बहुत बड़ा परिवर्तन रेलवे में आया है। आज रेलवे की सेवाओं में जो उत्तरोत्तर अच्छी बात सामने आई है और सबसे बड़ी बात यह है कि रेलवे के साथ एक भ्रष्टाचार का मुद्दा हुआ करता था, वह यह था कि जब आम आदमी ट्रेन में सफर करता था तो वह यह बात लेकर चलता था कि अगर मेरा रिजर्वेशन नहीं हुआ है तो बिना पैसे के मुझे सीट नहीं मिलेगी। मैं लालू जी को इस सदन के माध्यम से धन्यवाद देना चाहूंगा कि निश्चित रूप से रेलवे की प्रणाली में बड़े पैमाने पर कमी आई है और आम आदमी को राहत पहुंची है।

मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि उनके पास कोई जादू की छड़ी नहीं थी कि उन्होंने घुमाई और रेलवे में परिवर्तन हो गया। यह केवल एक बेहतर प्रबन्धन था, एक बेहतर सोच थी और सबसे बड़ी बात यह थी कि लालू जी के मन में यह बात थी कि एक आम आदमी को कैसे रेलवे से लाभ मिल सके, कैसे राहत मिल सके, इसके लिए उन्होंने प्रयास किया।

मैं सीधे अपने राज्य छत्तीसगढ़ की ओर आऊंगा और आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि छत्तीसगढ़ राज्य अपने आप में एक पिछड़ा हुआ राज्य है और जहां पर बड़े पैमाने पर खनिज संभावनाएं हैं। मेरे लोकसभा क्षेत्र राजनंदगांव में ढ़ोंगरगढ़ से ठहरागढ़-कवर्धा होकर कोटा रेल लाइन का मैंने सर्वे किया है। मैंने निवेदन किया है कि उसके लिए स्वीकृति प्रदान करे, इससे निश्चित रूप से एक बड़ी आय रेलवे को होगी और लोगों को लाभ होगा। इसके साथ ही मेरा यह भी निवेदन है कि ढ़ोंगरगढ़ जहां मां बिमलेश्वरी देवी जी का पवित्र मंदिर है और जहां लगभग वर्ष में 30-40 लाख लोग दर्शन करने के लिए आते हैं, उस स्टेशन को एक मॉडल स्टेशन के रूप में घोषित किया जाए। साथ में ढ़ोंगरगढ़ में ही जो एक रेलवे का बड़ा ग्राउंड है, उसे रेलवे स्टेडियम का रूप दिया जाए और उसके साथ-साथ हमारे छत्तीसगढ़ में जो सम्पर्क क्रांति एक्सप्रैस चलती है जो रायपुर-दुर्ग-बिलासपुर होकर दिल्ली आती है। उस सम्पर्क क्रांति एक्सप्रैस का नाम गुरु घासीदास बाबा के नाम पर सतनाम सम्पर्क क्रांति के नाम से रखा जाए, इससे बड़े लोगों में रेलवे के प्रति एक अच्छी भावना बनेगी।

मैं एक और निवेदन करना चाहूंगा कि छत्तीसगड़ एक्सप्रैस करके एक ट्रेन आती है, छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए उत्तर से जोड़ने की एक बात कही गई थी लेकिन आपसे कहना चाहूंगा कि हमारे बहुत सारे छत्तीसगड़ के लोग जो पंजाब जाना चाहते हैं और दिल्ली आना चाहते हैं, उनको तकलीफ यह होती है कि भोपाल के पास से छत्तीसगढ़ एक्सप्रैस एक पैसेंजर की तरह हो जाती है और जगह-जगह रुकते हुए आती है। उसके स्टेशन पर रोक लगाई जाए। मेरी एक विनती है कि रेलवे विभाग ने, लालू जी ने बहुत सारी योजनाएं सामने रखी है, बुलैट ट्रेन, संचार व्यवस्था, मोबाइल सेवा इत्यादि की रेलवे में बात हो रही है। इन सभी के लिए केन्द्र सरकार जो अधिक से अधिक बजट दे सके, उनको देने का कष्ट करे और साथ ही जो मैंने रेलवे स्टेंपेज इत्यादि छोटी-छोटी मांगें रखी हैं, उसे मैं सदन पर रखता हूं। धन्यवाद।

*हावड़ा से कुर्ला (मुंबई) (ज्ञानेश्वरी एक्सप्रैस), भुवनेश्वरी से कुर्ला (मुंबई), हटिया से कुर्ला (मुंबई), हावड़ा से कुर्ला (मुंबई) इत्यादि ट्रेन्स को राजनांदगांव पर स्टापेज दिया जाए और बिलासपुर-निजामुद्दीन (दिल्ली) तथा हावड़ा-पूना आजाद हिन्द एक्सप्रैस को डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन पर स्टापेज दिया जाए।

छत्तीसगढ़ से रायपुर बिलासपुर से अजमेर पुष्कर हेतु ट्रेन चलाई जाए।

सारनाथ एक्सप्रैस को छपरा से दुर्ग से आगे बढ़ाकर गोंदिया से चलाये जाने हेतु आदेश जारी किया जाए।*

_____*â€¦* This part of the speech was laid on the Table.

श्रीमती जयाप्रदा (रामपुर): उपाध्यक्ष महोदय, आज सप्लीमेंट्री डिमांड्स के बारे में मुझे कुछ बात रखनी है। भारत देश में आजादी के बाद भारतीय रेलवे में बहुत परिवर्तन लाने के लिए आदरणीय रेल मंत्री श्री लालू प्रसाद जी ने जी ने बहुत कम समय में काफी अच्छा काम किया है और जो नुकसान में रेलवे विभाग चलता था लेकिन आज उसे करोड़ों में लाभदायक बनाया। यह बहुत अच्छी बात है लेकिन आज सप्लीमेंट्री डिमांड्स की लिस्ट देखने के बाद मुझे इस बात पर बहुत ही निराशा हुई क्योंकि जो सप्लीमेंट्री डिमांड्स के लिए मौका दिया गया, उसमें उत्तर प्रदेश के लिए भी बहुत जरूरी है।

उपाध्यक्ष जी, मैं बताना चाहती हूं कि देश में जिस तरह से रेल की रफ्तार है,उसमें एक तो सुविधा और दूसरा सुरक्षा चाहिये। लेकिन देखने में आता है कि बी-ग्रेड के स्टेशनों पर जो सुविधायें यात्रियो को मिलनी चाहिये, वे नहीं मिल रही हैं। बी-ग्रेड स्टेशन पर सुविधा की बात तो दूर, सुरक्षा तक नहीं है। मैं सदन का ध्यान इस बात की ओर खींचना चाहती हूं कि सुरक्षा ऐसी चीज़ है और खासकर महिलायें, जो रेल से यात्रा करती हैं या जितने समय रेल में रहती हैं, उनके लिये कोई सुरक्षा की व्यवस्था नहीं है। कई स्टेशन ऐसे हैं जहां लूटपाट होती रहती है। ऐसे स्टेशनों को सुधारने की जरूरत है। मैं यह भी कहना चाहूंगी कि जो सुविधायें उपलब्ध नहीं हैं उनमें परिवर्तन लाने के लिये रेल मंत्री कोशिश कर रहे हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, बी-ग्रेड स्टेशनों पर रेल आरक्षण के लिये कम्प्युट्रीकृत रिजर्वेशन आफिस बनाने की जरूरत है जो वहां नही है। इसके अलावा रेलवे ने कुछ नई लाइनें बिछाने के लिये योजना बनाई है। जो नई रेल लाइनें उत्तर प्रदेश के लिये इंट्रोड्यूस की गई हैं, वहां पर रेलवे ट्रेक कि रिपेयरिंग और मेनाटिनैंस के लिये कोई सुविधा नहीं है। उत्तर प्रदेश देश का सब से बड़ा पापुलेशन वाला प्रदेश है। अगर आधू प्रदेश में जाकर देखें तो मालूम होगा कि जब वहां बाढ़ आती है तो रेलवे ट्रेक पानी में डूब जाते हैं। नतीजे के तौर पर ट्रेन के डिब्बे पलट जाते हैं और कई लोग मर जाते हैं। इस संबंध मं रेल मंत्री भी वहां जाकर देख चुके हैं। मेरा निवेदन है कि ऐसी हालत में ट्रेक की रिपेयरिंग के लिये पैसे का प्रबंध करें। इससे यात्रियों को सुविधा मिलेगी। जिन बी-ग्रेड स्टेशनों पर रात में ट्रेन रुकती है, वहां बिजली की व्यवस्था नहीं होने से यात्रियों को तकलीफ होती है। उन स्टेशनों पर कई ऐसी दुर्घटनायें हुई हैं। इसके अलावा ऐसे स्टेशनों पर गाड़ी लेट आती है तो वहां पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है। रेल मंत्रालय बड़े बड़े प्रोजैक्ट बना रहा है और अंतर्राष्ट्रीय लैवल पर टाई अप करने की सोच रहा है लेकिन आम जनता को रेल में सुविधा और सुरक्षा नहीं है। मैं अपने संसदीय क्षेत्र रामपुर की एक मिसाल देना चाहती हूं। दिनांक 22 नवम्बर को कैमरी-घाटमपुर जो रामपुर-काठगोदाम रेल मार्ग पर है, वहां ट्रेक्टर से रेल इंजिन की टक्कर होने से कुछ लोग घायल हो गये। [s71]उनके लिए रेलवे से कोई मदद नहीं भेजी गई। जो मृतक परिवार हैं, उनके बारे में सोचने की बात तो दूर, उनकी सहायता के लिए भी कोई नहीं है। जो लोग मर चुके हैं, उनके परिवार के लिए रेलवे से जो भी मुआवज़ा मिलना चाहिए, उनके बारे में कोई सोचने वाला नहीं है। दूसरी बात यह है कि वहां पर जो फाटक लगाना है, जो आने जाने के लिए होता है, वहां पर कोई ऐसा प्रबंध नहीं है जिससे लोग सुरक्षित महसूस कर सकें। जो इंजन वहां चला है, उसमें कोई लाइट नहीं है। वह पीछे हो रहा था और एक ट्रैक्टर आकर उससे टकरा गया। आदरणीय मंत्री जी यहां मौजूद हैं। मैं उनसे अनुरोध करती हूं कि मृतकों के परिवार वालों के लिए दो लाख रुपये की मुआवज़ा राशि का एलान करें और जो घायल हुए हैं, उनके लिए एक लाख रुपये दें जिससे उनके परिवार और बच्चों का गुज़र-बसर हो सके।

उपाध्यक्ष महोदय, आगरा एक टूरिस्ट प्लेस है। वहां बहुत पर्यटक जाते हैं। मैं चाहती हूं कि दिल्ली से आगरा तक की एक पैलेस ऑन व्हील्स ट्रेन शुरू करें। ताजमहल ऐसी जगह है जहां से हमने अंतर्राष्ट्रीय पहचान बनाई है। जिस प्रकार पैलेस ऑन व्हील्स जयपुर जाती है, उसी तरह की गाड़ी आगरा के लिए भी चल जाए तो अच्छा रहेगा।

एक बात मेरे क्षेत्र से संबंधित है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए और रिज़र्वेशन के लिए रामपुर में सिंगल विन्डो से ही कई हज़ार लोग रिज़र्वेशन कराते हैं। मैं अनुरोध करना चाहूंगी कि कुछ एडीशनल विन्डो भी वहां खोलें ताकि रिज़र्वेशन आसानी से हो जाए। इसके अलावा रामपुर से अजमेर के लिए एक एडीशनल ट्रेन चलाने का भी मैं अनुरोध करती हूँ।

श्री लालू प्रसाद : इतना काम हमने किया है।

श्रीमती जयाप्रदा : सर, आपने हमारा बहुत साथ दिया है। पहले से मैं आपकी फैन रही हूं, अभी भी फैन हूँ। रामपुर बहुत पिछड़ा हुआ इलाका है इसलिए वहां विकास की बहुत ज़रूरत है। वहां मुस्लिम माइनारिटीज़ के लोग रहते हैं। इसके लिए रामपुर से अजमेर के लिए एक एडीशनल ट्रेन बन जाए तो उनको बहुत सुविधा होगी।

श्री लालू प्रसाद : पुरानी जो एम.पी. साहिबा थीं, वह ले गई काम करवाकर। ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : Thank you Madam. आप बाकी पॉइंट्स लिखकर दे दीजिए।

श्रीमती जयाप्रदा : मैं सिर्फ एक मिनट लूंगी। रामपुर से अलीगढ़ यूनिवर्सिटी के लिए कई स्टूडैन्ट्स जैते हैं। इसके लिए अगर रामपुर में गाड़ियों का स्टापेज बन जाए और उसके लिए कुछ एडीशनल ट्रैक बनवाने हैं तो उसके लिए भी मैं अनुरोध करती हूँ। रामपुर से मुरादाबाद और बरेली तक एक रेल बस चलाने का भी मैं अनुरोध करती हूँ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: You can lay it on the Table of the House.

श्रीमती जयाप्रदा : उपाध्यक्ष महोदय, बहुत बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। मेरी जो बाकी मांगें हैं, वह मैं सदन के पटल पर रख दूंगी।

उपाध्यक्ष महोदय : डॉ. सी कृष्णन, आपके लिए केवल दो तीन मिनट हैं। जो आपकी खास बात है, वह आप कह दें और बाकी टेबल पर रख दें। यदि आप टेबल पर ले करेंगे तो भी मिनिस्टर साहब आपकी स्पीच पढ़ लेंगे।

SHRI B. MAHTAB (CUTTACK): Sir, Chairman of the Standing Committee on Railways has recently said that India's rail network growth is far behind its neighbouring country China. His platitudes regarding China is understandable but what prevents him to impress upon the UPA Government to lay more stress on Railways? Has the Railways any perspective Plan? During last 60 years, India has added about 10 thousand km of new tracks while China, in the last 50 years has added over 64 thousand km of rail track, says Mr. Achariya. I fully agree with him and reiterate his view that pace of expansion of country's rail network should match with the rate of growth in freight and passenger traffic and adequate funds should be provided for execution of rail projects in tribal and backward regions.

Government is spending Rs.60 thousand crores for construction of express ways. Why can't it spend at least Rs.25 thousand crore for the much needed expansion of the railway network in a time-bound manner. There are about 200 projects for new lines pending mostly in hilly, tribal and backward regions but there is no budgetary support to execute them. Rather the budgetary support to the Railways has dropped. I would quote Sri Achariya again. He says that the budgetary support to the Railways have dropped from 75 percent during the first five year plan to a mere 24 per cent in the tenth plan. This is reason why the Ministry is depending on internal generation of resources and extra budgetary support. Unless the hilly, tribal and backward areas are not linked with the rail network, how can those areas be developed? They will continue to remain backward for ever if adequate attention is not paid immediately.

Orissa is one of the few States in the country with substantial natural resources, plentiful minerals and long coast line with potential port sites. However, the State has lacked development in the past due to absence of adequate infrastructure. The railway route length in Orissa is 2340 km only. Orissa has an

---

* The speech was laid on the Table.

average of only 15.03 kms. Since 2002-2003, the State is undergoing a positive change in industrialization. Number of steel plants, Alumina/Aluminum plants have come up. Arcelor-Mittal is setting up a Steel Plant in Keonjhar with a capacity of 12 MTPA. It is expected that by 2016 the additional generation of traffic shall be 200 million tonnes. 10 independent power plants are being set up to generate 11000 MW of energy. Such rapid industrialization would require special attention for development of infrastructure. In the Port sector, development of Dhamra-Chandbali Port and Gopalpur Port are being developed into all weather ports of international standard. The Railways has sanctioned 6 new BG Rail line, 11 doublings and 2 gauge conversions alongwith electrification projects in order to cater to this traffic. This changing scenario would require heavy investment from Ministry of Railways for completion of the sanctioned projects as well as sanction of new lines, survey and electrification etc. I urge upon the Government to complete all sanctioned projects with 5 years.

There is a need for increased allotment of funds for the railway projects and SPVs for viable railway projects be explored too. The shareholders agreement for Haridaspur-Paradip BG Rail Link has already been finished. Orissa Government is facilitating formation of SPV for Anugul-Dubri-Sukinda Road. Similarly, extension of Nuapada-Gunupur Rail Link to Theruvali be also explored on priority basis.

I would also urge upon the Government to expand the jurisdiction of East Coast as it is necessary for better coordination and facilitation of bulk customer. I would urge to extend the jurisdiction of Sambalpur division to include Jharsuguda-Barsuan-Kiriburu-Rourkela-Nuagaon; Jharsuguda-Himgiri or you can create a new division with the headquarters at Rourkela or Jharsuguda with jurisdiction as mentioned under the East Coast Railways.

I would urge the Ministry to extend the jurisdiction of East Coast Railway and include Banspani to Padapahar section and Bhadrak-Laxman Nath Section in Khurdha Road Division.

Now I refer to one major rail project which needs special attention. Khurda Road to Bolangir project was sanctioned since 1994 with an estimated cost of Rs. 1000 crore within last 12 years hardly Rs.50 crores been spent. Land acquisition has been completed for 36 kms from Khurda and detailed estimate from 36-112 kms been submitted for Rs.316 crores. There is a need to allot adequate funds for this project.

For Haridaspur-Paradeep rail link, it is essential that adequate funds be made available and a time bound programme to commission it by 2011 be ensured as a large number of steel plants in Dubri-Kalinga Nagar Complex as well as Posco and Mittal

projects are coming up. This rail link will be a feeder line for imported coke etc. to the industries in Cuttack, Dhenkanal, Jharsuguda, Sambalpur districts.

The survey report of Talcher-Gopalpur Broad Gauge Rail link was submitted to Ministry of Railways since long and it had indicated a favourable rate of return. The recent thrust of industrialisation with setting up of Steel, Power and Aluminium plants would require a dedicated Railway link between Talcher to Gopalpur for export of raw materials and finished products. I would request the Ministry to consider to increase the frequency of Bhubandeswar-New Delhi Rajdhani Express to seven days a week.

Orissa has only coaching terminal at Bhubaneswar which is landlocked and inhibits expansion. This terminal should be expanded in order to accommodate more number of trains. Similarly proper coaching terminals may be developed at Berhampur, Sambalpur and Koraput.

I welcome the decision of the Govt, to develop a station in between Cuttack and Bhubaneswar into a international standard. My only request is to complete the project in a time bound manner.

Before concluding, I would mention that the Indian Railways surprised everyone by earning a surplus of Rs 14,700 crore in 2005-06. It went beyond Rs 20,000 crore the next year and promising to take it to Rs 21,578 crore in this financial year. But one should understand how this was achieved.

Broadly, permitting overloading following increase in axle loading and the overall growth of the economy, both yielded increased traffic, aided by rationalization of freight rates through classification changes brought the turnaround.

Now a plateau has been reached. Railways future will now depend heavily on the success of PPP schemes more stress be given on Dedicated Freight Corridor and High Speed Passenger Corridor Projects.

The dedicated corridor would increase both traffic and the speed of goods trains, industrial development, particularly on the eastern sector, will generate enough transport demand. For example, steel production will increase. Finished steel from the eastern region will also be transported to other regions. Therefore I urge upon the government to give more stress on completion of the ongoing projects at the earliest.

श्री रामजीलाल सुमन (फ़िरोज़ाबाद) महोदय, वर्ष 2007-08 में रेलवे पर केंद्रीय सरकार के खर्च के लिए अनुदान की पूरक मांगों पर यह सदन चर्चा कर रहा है। रेल बजट के बाद रेल मंत्री दूसरी बार सदन में धन मांगने आए हैं। ये एक अच्छी परंपरा नहीं है और रेल का बजट बनाने वालों ने बुद्धिमानी का परिचय नहीं दिया है। रेल मंत्रालय को अपनी दूरदृष्टि से प्रति वर्ष ऐसा बजट बनाना चाहिए जिस पर केन्द्रित होकर काम किया जा सके। अनुदान की पूरक मांगों का सीधा अर्थ यह है कि सरकार के बजट अनुमान सही नहीं थे, जितना पैसा मांगना जरूरी है उससे भी ज्यादा जरूरी है खर्च करना।

महोदय, अभी केन्द्रीय सांख्यिकी मंत्रालय ने रेल मंत्रालय के संबंध में एक रिपोर्ट प्रस्तुत की है , जिसमें कहा गया है कि रेल मंत्रालय बिना ठोस आकलन के परियोजनाएं घोषित कर देता है। मंत्रालय के अधीन आ 35 ऐसी परियोजनाएं हैं जिन पर कोई ठोस रिपोर्ट ही तैयार नहीं की गई है और उनके पूरा करने की समय सीमा का भी कोई उल्लेख नहीं है। अक्टूबर से दिसंबर 2006 के दौरान 284 रेलवे की परियोजनाओं का अध्ययन निगरानी प्रणाली के तहत किया गया उनमें से 101 परियोजनाएं ऐसी थीं जिनके निर्माण पूरा होने की समय सीमा के संबंध में रेल मंत्रालय मौन है, निर्माण लागत की राशि का भी उल्लेख इसमें नहीं है। इसके अतिरिक्त 150 परियोजनाएं ऐसी हैं जिनकी निर्माण लागत मूल निमाण लागत से 55 प्रतिशत बढ़ गई है। 33 परियोजनाएं ऐसी हैं जो तीन माह से लेकर 159 माहों की देरी से निर्माण हो रही हैं। 174 परियोजनाओं की निर्माण के लिए 28,602 करोड़ रूपये का लक्ष्य रखा गया था जो अब बढ कर 55,266 करोड़ रूपए हो गया है। इसी रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि रेल मंत्रालय पुरानी परियोजनाओं को पूरा किए बिना नई परियोजनाएं शुरू कर देता है जिससे विभाग को अत्यधिक नुकसान होता है।

महोदय, उत्तर प्रदेश में आगर-इटावा बड़ी लाइन परियोजना 1999 मे शुरू हुई थी। इस परियोजना का बहुत बड़ा हिस्सा मेरे संसदीय क्षेत्र फिरोजाबाद से गुजरता है। इसकी अनुमानित लागत 214 करोड़ थी। लगभग 8 वर्ष बीता जाने के बाद इस परियोजना के लिए आधा धन भी अभी तक अब मुक्त नहीं हुआ है जिस गति से इस परियोजनापरक म चल रहा है उससे यह कहना असंभव है कि यह परियोजना कितने वर्षों में पूरी होगी। किसी परियोजना के लिए निर्माण का लक्ष्य निर्धारित न करना अत्यधिक चिंता का विषय है। मैं रेल मंत्री से अपेक्षा करूंगा कि इस परियोजना पर अविलंब एकमुश्त धन अवमुक्त करें जिससे इसे शीघ्र पूरा किया जासके। रेलवे द्वारा भाड़े से आय बढाने का मैं एक उदाहरण रखना चाहता हूं। रेलवे ने

---

* The speech was laid on the Table.

अनेकों जोनल क्षेत्रों में माल ढोने को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन योजना घोषित की और ये प्रोत्साहन प्रतिष्ठानों को दिया जा रहा है। रिलाइंस इंडस्ट्री, लायल इंडस्ट्री और इस्पात इंडस्ट्री को कहा गया है कि वे अपने माल की ढुलाई अधिक से अधिक रेलवे द्वारा कराएं, इन प्रतिष्ठानों को 10 प्रतिशत से लेकर 50 प्रतिशत तक कमीशन दिया जाता है। जो राहत इन प्रतिष्ठानों को दी जा रही है यह छूट सभी प्रतिष्ठानों को होनी चाहिए जिससे सभी लोग रेलवे के ढुलाई के लिए आकर्षित हों। चंद प्रतिष्ठान ही क्यों हो?

1999 में गायशल रेलवे स्टेशन पर हुई दुर्घटना में 400 यात्री मारे गए। दो विपरीत दिशाओं से रेलगाडियां एक ही पटरी पर चल रही थां और ये 40 किलोमीटर तक एक दूसरे के सामने चलीं, जाहिर है कि रेलवे के आला अफसरान का इसमें दोष रहा होगा। आज 8 साल बाद रेल मंत्रालय 6 छोटे कर्मचारियों को 2-2 वर्ष की सजा दिला पाई है जो बडे कर्मचारी उस समय नौकरी से निलंबित किए गए थे वे साफ बच गए औरआज वे नौकरी कर रहे हैं। यह रेल मंत्रालय का रवैया ठीक नहीं है। इतने बड़े हादसे के बाद आला अफसरान को दण्डित करना बहुत जरूरी था। इतना सब कुछ होने के बावजूद भी रेलवे प्रशासन सजग नहीं है। अभी 27 नवंबर को गजियाबाद यार्ड से एक मालगाडी बिना ड्राईवर के 12 किलोमीटर तक चली गई जिसकी रफ्तार 30 मील प्रति घंटा थी और उसने अनेकों सिग्नल भी पार कर लिए यह संयोग है कि कोई अप्रिय घटना नहीं हुई लेकिन रेलवे की इससे ज्यादा लापरवाही और क्या हो सकती है?

सी.ए.जी ने अपनी रिपोर्ट में रेलवे ने किस तरह कमाई की है उसका खुलासा किया है। वर्ष 2005-06 में 15 हजार करोड रूपए यात्रियों से अतिरिक्त वसूल किए गए और प्रचार किया गया कि हमने यात्री भाड़ा नहीं बढ़ाया है जो वसूली की गई वह रिजर्वेशन तथा रिजर्वेशन का रद्द करना सुपरफास्ट गाडियों पर चार्ज और सरचार्ज लगाना शामिल है। भार तो यात्रियों पर ही पड़ा लेकिन अप्रत्यक्ष रूप से। दूसरी ओर माल भाड़े में जो वृद्धि की गई वह वैगनों में अतिरिक्त 8 से 10 टन तक लोड भर कर जो अत्यधिक जोखिम का काम है इससे लाभ तो हुआ लेकिन इससे वैगनों की आयु भी घटेगी।

महोदय, रेल मंत्री पूरे देश के रेल मंत्री हैं सिर्फ बिहार के नहीं हैं। तमाम ऐसे महत्वपूर्ण नगर व महानगर हैं जिन पर महत्वपूर्ण रेलगाडियों का ठहराव नहीं है। मेरा संसदीय क्षेत्र फिरोजाबाद कांच उद्योग के लिए विश्वविख्यात है। फिरोजाबाद रेलवे स्टेशन पर पूर्वा एक्सप्रेस, जोधपुर हावड़ा एक्सप्रेस, नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का ठहराव बहुत जरूरी है। इस स्टेशन पर शुलभ शौचालय की समुचित व्यवस्था नहीं है। यहां रिजर्वेशन के और भी काउंटर बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। रिजर्वेशन लिंक बीएसएनएल से है जिससे अत्यधिक दिक्कत होती है, यह लिंग रेलवे का होना चाहिए। मैं आशा व्यक्त करता हूं कि प्राथमिकता के आधार पर रेल मंत्रालय मेरे द्वारा उठाए गए बिन्दुओं पर ध्यान देगा। इति

SHRI A.V. BELLARMIN (NAGERCOIL): Sir, thank you for the chance given. First of all I appreciate Hon'ble Ministers Shri Velu and Shri Lalu for the good developments brought about in Indian Railways. I thank them for the announcement made in the Budget of the Coimbatore - Nagercoil Night Express But agony is the above train has not yet started its journey. Required arrangements shall be made for the early run of the above train. Sir in Southern Railway the much profitable passenger line is Kanyakumari - Chennai line. It is a common experience. The special train announced during festival seasons went full within half an hour from the time of announcement, such a huge rush we experienced all the year in that line. The tracks are utilized more than 180%. Even though the doubling work was not taken up. It is very urgent to make the line double from Villupuram to K. Kumari. Electrifying the line from Villupuram to K.Kumari also shall be taken urgently as this will reduce the running cost, running time and also eco-friendly. Sir K.Kumari you know is the Southern tip of our nation, all trains which halt and start from Trivandrum, Madurai, Tirunelveli shall originate from K.Kumari. The long demand of a night train to Bangalore from Nagercoil should be announced earlier.

Connection to Tuticorin-Mysore Express from Nagercoil, passenger trains to Tirunelveli from Nagercoil in the afternoon and to Nagercoil from Trivandrum in the evening are very long demands. Expansion of Nagercoil, K.Kumari Stations, subways in Nagercoil Vathiyarvilai Suchendrum and Palliyadi, R.O.B. at Putheeri are yet to be sanctioned. Special sanction to be given for a station at Parvathipuram.

Sir, before concluding I raising two more points. A demand for a referral Hospital to the Employees working in Kanyakumari sector at Nagercoil is not yet fulfilled. Please accord a special sanction for that. Also the retrenched workers in

* The speech was laid on the Table.

the Kanyakumari sector were not given employment even after court orders and

directions. Hardly they have four or five years service remains. But instead of

giving chance to them the Railway is going for appeal. It is highly injustice. Kindly accommodate them by giving them employment.

Sir, Railway is a prestigious public sector connecting land-scapes, climates and all caste creed, religious people of India. It should be maintained as public sector. All proposals of outsourcing, contracting, privatising should be dropped.

With these words, I extend my support to the Supplementary Demands for Grants.

DR. C. KRISHNAN (POLLACHI): Sir, I thank you very much for giving me this opportunity. My Constituency is Pollachi which was previously a part of Madurai Division of Southern Railway. But Salem Division of Railways was formed wantedly, without

informing me and without consulting me and without any consultation with the people's representative that part of Pollachi Division has been taken over and attached with Olavelevdu, Palakkad Division.

Sir, we welcome the formation of Salem Division of Railway which has been a long pending demand of Tamilian people. But without any reason, that has been handed over to Kerala. This does not go to Palakkad at any stage.[R72]

Previously also it was a part of Coimbatore in Tamil Nadu. Some of the hon. Members from Kerala and Tamil Nadu had signed that paper relating to the transfer of the areas. I do not know they could be authorised to sign such records which relate to transfer of an area to the Palakkad Division, Kerala which was earlier in the Madurai Division, Tamil Nadu. This has very much injured my sentiments. My people are very much disappointed and also are worried about the fact as to how an area in Tamil Nadu can be handed over to another Division in Kerala without consulting the person who has been elected by them. This is a real concern of the people of my area. In protest against this our Chief Shri Vaiko had done a rail *roko* agitation on 19.09.07 for four to five days and also went round the villages telling everybody that in no way the local MP was informed about the transfer of that area to Palakkad Division, Kerala. Hunger strike was carried out on 04.10.07. The Party also held a mass rally in Pollachi demanding the area back either to Madurai Division or Salem Division.

Sir, when the Salem Division was formed, my name was not even included in the invitation. This was a mistake committed by the concerned authorities. In that way I was again insulted by the authorities. Here I would like to make a demand to the hon. Railway Minister that the area Pollachi Kinathukadavu that has been transferred to the Kerala Division should be brought back either to Salem Division or Madurai Division.

Sir, for the rest of my demands, I am laying it on the Table of the House.

*Sir, ever since Independence, in my part of Tamil Nadu, Pollactir, Coimbatore at my constituency no improvement has come part from Computer Reservation done only in Pollacti Station. It is very much needed a computer reservation at udumalpet station in Coimbatore.

Regarding gauge conversion from existing meter gauge to broad guage this has been a long pending demand of my constituency and an amount of Rs. 1 crore was sanctioned during 2006-2007 for preliminary works for gauge conversion from Dindugal- Palani-Pollacti. Pollachi to Coimbatore and Pollachi to Parghad, Kerala. I should thank the honourable Railway Minister Lalu ji and and State Minister Thirurvelu for sanctioning Rs. 30 crores towards the above BG conversion. I hope the railway officials are working towards starting the work early. As such till now nothing is visible to the common man, even though about nine months have passed after the budget allotment of Rs. 30 crore this year. Work should be started immediately and the work of BG conversion completed in a very short span of time. This is what is anticipated and eagerly requested by my constituency people.

Very important is enough fund should be sanctioned to complete the BG conversion early regarding road over bridges.

Between Kruathukadavu and Pollacti- Mullupadi rail gate should be facilitated with ROB.

In Pollachi, Kotlur-valparai rail gate should be immediately widened and ROB should be built.

In udumalpet, udumalpet- Dhali Road Rail gate is sanctioned for ROB but no work has been started so far.

.. This part of the speech was laid on the Table.

An underground passage should be provided between Udumalpet-Dhali Road and udumalpet –Railway station to facilitate two wheels vehicles to pass through near Rudhrappa Nagar – udumalpet. In Madathukulam, udumalpet TK coimbatore DL

Five trains are crossing, plying towards Palani and Coimbatore via Pollachi are stopping now. These trains should continue to stop at Madathukulam and help my local area people to utilize the train service whichis very much the poor mans transportation. The statin is in the town panahyat, with the offices and bus stand in 500 feet reach. Main Coimbatore Pollachi Palani NH Road is 600 feet reach.

Kiuathukadava and Pollachi area of Madurai Division of Railways has been attached with olavakod division in kerala. This was done while forming the Salem Railway Division.

As an elected representative of pollachi, I was not informed or consulted regarding this major railway activity in my constituency . Some unauthourised honourble MP's have signed the agreement to transfer these parts with kerala. This

agreement will not stand the test of time.

Sir, for getting back these areas again with madurai or the newly formed Salem division of Railways we have conducted Rail stopping agitation on 19.0.07, 2000 persons arrested for stopping four trains under the leadership of my beloved leader Thiru Vaiko Leader of Tamils. He went around the local hundreds of villages to make them aware about the fact. We have conducted a rally walking around pollachi town and conducted a mass meeting public meeting in pollacti town headed by respectful leader thiru vaiko.

Above all Sir, about 3000 (three thousand) persons from my party Marumalachti Dravida Munnetr Kalagam sat for one day on 4.10.07 hunger strike headed by thiru vaiko demanding pollachi and kinakukadavu to be attached again with Madurai division or newly formed Salem division.

Under these situation and circumstances I request honourable Lalu ji, Railway Minister and honourable R. Velu respectable minister of state railways to get back Pollachi and Kinathukaduvu areas with either Salem or Madurai Division as before. *

DR. R. SENTHIL (DHARMAPURI): Sir, at the outset I would like to thank our beloved Railway Minister, Shri Lalu Prasad Yadav Ji for making a dream come true by way of inauguration of the Salem Division. I thank him for having come and inaugurated the Salem Division.

Sir, India is on the move. Our neighbouring State of Kerala not only has cent per cent literacy, but it also has 100 per cent broad gauge in the State, whereas in the State of Tamil Nadu, of the entire stretch of meter gauge, except for 83 kilometres, the rest of it has been approved for conversion to broad gauge. But unfortunately this has remained only an announcement. No funds have been allocated to make it a reality. I would like to request the hon. Minister to allocate funds for gauge conversion in the State of Tamil Nadu.

Sir, in regard to electrification I would like to submit that the neighbouring States have more than 50 per cent of their railway tracks electrified, whereas the percentage of track electrification in Tamil Nadu is just 25 per cent. The electrification of the lifeline railway track of Tamil Nadu, namely, Chennai – Rameshwaram and the track connecting Villipuram -- Rameshwaram is an urgent need. Also, the tracks connecting Madurai –Tuticorin and Maniachi – Nagerkoil would also have to be electrified.

There have been quite a few new lines announced. I would like to thank the hon. Railway Minister for announcing the new lines connecting Nagari – Dindivanam; Dindivanam – Thiruvannamalai; Nagapattinam – Thiruthuraipoondi; and Salem – Karur. But unfortunately, the works of construction of these tracks are going on at a snail's pace. I would like to request the hon. Minister to allocate more funds so that these lines could be constructed at an early date.

Sir, more importantly, there are a couple of lines that have been announced for survey. They are namely, Morappur – Dharmapuri and Dindigul – Lower Camp. I do not know about the status of this. I would like to urge upon the hon. Minister to take it up seriously and see to it that the surveys are completed at an early date. A stretch of around 277 kilometres needs to be doubled as it carries the highest passenger density in the State. It would require a fund allocation to the tune of Rs. 822 crore. The Planning Commission has suggested that this type of a project could be taken up in partnership with the State Government. This is a very important project and keeping in view the fact that the State Government may not be able to shell out much funds for this purpose and so I would like to request the Ministry of Railways to take it up on its own shoulders and do the project at the earliest.

Sir, finally, I would like to mention that the automatic signalling may be extended from Chennai up to Coimbatore. There are also quite a few demands relating to Puducherry and I have represented about that in writing.

SHRI P. MOHAN (MADURAI): Sir, I would like to congratulate and appreciate the Railways for its earning of profits claimed to have risen up to Rs. 20,000 crores. It is also heartening to note that these profits would increase further this year. You have also stated that the ceaseless efforts of the Railways Employees have also gone in to profit earnings. At this juncture, I would like to

find out from the Railways whether you have been paying salaries and perks on a par with Central Government Employees as per the last Sixth Pay Commission recommendations. The Railway Quarters are in a dilapidated condition, basic sanitary facilities and even drinking water facilities are not there. There is an urgent need to increase the salaries and perks of Railways Employees to improve their living standards. The staff quarters provided to Railway men needs to refurbished with speedy steps to provide much lacking basic amenities. Railway hospitals are situated in the Divisional Head and Quarters most of them do not have adequate number of Doctors and needed facilities for surgical treatment. For instance, I happened to see for myself the Railway hospital in coimbatore . It is in a very old building with inadequate space. For the past many years surgical treatment facilities are not there. Railway staff there are pressing for a new hospital.

On the one hand you claim that increased profits could be made. When that kind of turnaround and growth is there in Railways, why should there be outsourcing and private agencies to attend to beddings and others in Railways hospitals. Private contractors are roped in even to maintain sanitation in the Railway hospitals. Hundreds of men and women would henceforth be employed as daily wage labourers for all years to come without social security and job

---

*English Translation of the speech laid on the Table in Tamil.

security engaged by private contractors when they will be working for Railways, the largest employer of the country all these years. There are several Benamis who are handling these contract jobs.

When it comes to Engineering works also Railways have resorted to out-sourcing. For instance Podanur Signals Unit has out-sourced 60% f its works. This must be stopped.

Similarly track maintenance has been mechanized. This may help to speed up the work. But only five men are engaged with a mechanized trolley instead often men to be put on the job. Even this men are required to work in any part of the zone any time of the day at times even ten to fifteen days continuously away from home without any basic amenities to stay even. Hence there is a need to determine and streamline their duty stations and operational requirements. Every track maintenance unit must have ten men instead of five.

I would like to point out the lacunae in New TatKal Scheme that has come in to operation from 24[I] November. According to the new scheme, in trains that have less than fifty percentage of utilisation of TatKal quota in a financial year, 50% of Tatkal bookings will be transferred to those in waiting list who will be paying Rs.150/- an increased charge. It is said that at the time of advanced reservation itself 50% of Tatkal bookings can be made. It is a normal trade practice of give discount on goods that do not sell and stagnate. But Railways increased it to Rs. 150 when there were no takers for Tatkal charges of even Rs.50/-. This is not correct. This may appear to be a relaxation but in reality it is an indirect escalation of service charges. In fact, it should have been done like this. In trains that witnessed a trend of less than 50% of utilization of Tatkal quotas, the Tatkal charges must be made Rs.25/- cutting down by 50 percent.

For more than an year now the train between Madurai and Manmad is in operation. It was announced in the last Budget that Madurai-Mannad train will run twice a week. Hence, I urge upon the Railways to introduce one more train to translate in to action the announcement made in the Rail Budget.

Villupuram-Dindigul-Kanyakumari gauge conversion and doubling of line alongwith electrification must be taken up with the Planning Commission and Railways must obtain its approval to commence the work.

Laying of the double broad gauge line between Madurai and Dindigul must be completed on a war footing.

SHRI RAVICHANDRAN SIPPIPARAI (SIVAKASI): Sir, I am speaking on behalf of MDMK of Supplementary Demands for Railways 2007. I have noticed the Central Government Cabinet decided to laying separate freight corridors between Delhi and Mumbai and also between Delhi and Calcutta. At the same time Southern India our Chennai to ignored by this dedicated RAIL Freight Corridor.

Chennai is a growing hub of industries like automobile and many engineering industries-Chennai and Enore Port should be connected to parts of the country. Therefore, I demand the Railway Minister for dedicated freight corridor to Chennai from Mumbai and Delhi.

We have been demanding doubling of Chennair-Trichy-Madurai-Tutucorin-Kanyakumari Railway line and also the same life line of territory must be electrified.

Even after six months of announcement the proposed Nagroil-Coimbatore Express Train not yet started. The Guage

Conversion work between Virudhuragar and Manamadurai must be completed with time bound manner at least end of 2008 December. It is a long pending one. The nearby train routes are already connected or under conversion. This route alone kept as a Island.

Aruppokottai is one among the big town in South Tamil Nadu. More than 1 lakh people residing in Pruppukottari. So computerized ticket reservation facility should be provided.

Sirrilputtur is another important pilgrim town in my constituency. There is a need for a computerized reservation facility.

Kovilpatti is important business town which is in NH route. Large number of match industries are functioning and Southern Railway si fetching very good income from Koripoltice in this background. I request the Minister for providing a stoppage of Kanyakumaria Express-Koripatti at the earliest.

*The speech was laid on the Table.

Sattur is another business have no match factories and firework industries in around Sattur. Large number of Indian Passengers, Business people using this Railway Station for the Business purposes. So I kindly request Minister for providing stoppage for Howah-Kannyakumari Weekly Express train in two directions at Sattrub.

Sivakari is a big industrial town in my constituency which needs road over bridge at Sivakari to Sriviliputtur Road. Railway level corossing. Raja Palayam also requires a sub-way in the Alangulam Road area.

श्री अविनाश राय खन्ना (होशियारपुर): लालू जी, सबसे पहले तो मैं आपको पंजाब में आने का निमंत्रण देता हूं, क्योंकि श्री आनन्दपुर साहिब से अमृतसर के लिए आपने पिछले सैशन में रेलवे लाइन बिछाने का जो वायदा किया था, उसका शिलान्यास अगर आप कर जायें तो एक बहुत बड़ा एहसान, एक बहुत बड़ी बात पंजाब के लिए होगी। मैं इसके लिए आपको अपनी कांस्टीट्वेंसी में आमंत्रित करता हूं। दूसरी बात, आज जब सुबह प्रश्नकाल में जो जमीन रेलवे की एन्क्रोच्ड है, उसके बारे में बात चल रही थी तो मैं भी एक प्रश्न पूछना चाहता था। मैं एक रिक्वैस्ट करूंगा कि सबसे ज्यादा जो एन्क्रोच्ड लैंड है, वह नोर्दर्न रेलवे के परव्यू में आती है। अगर रेलवे को वह जमीन नहीं चाहिए तो जिनके पास उसका पजेशन है, उनके पजेशन को लीगलाइज़ करने के लिए, रैगुलराइज़ करने के लिए अगर उनको लीज़, पट्टे या रेंट पर दे दी जाये तो एक तो उससे रेलवे को फायदा होगा, दूसरे जो लोग वहां काम कर रहे हैं, वे बस जाएंगे।

माननीय रेल मंत्री जी, बहुत सी बातें रेलवे के बारे में निगेटिव पोजिटिव कही गई हैं, लेकिन मैं दो-तीन बातों के ऊपर आपका ध्यान लाना चाहता हूं। पिछले दिनों सिक्योरिटी पाइंट ऑफ व्यू से देखा जाये तो रेलवे में पूजा एक्सप्रैस में एक डी.आई.जी. ने एक परिवार के साथ जिस हिसाब से व्यवहार किया और टी.वी. में उसका जो फ्लैश हुआ था, जिस ढंग से उन बच्चों को और लेडीज़ को थाने में रखा गया, वह हमारे समाज में एक शर्मनाक बात है। इसी तरह एक आई.ए.एस. आफिसर की बहन के साथ भी जो व्यवहार हुआ, वह भी ठीक नहीं है।

मुझे चण्डीगढ़ और फगवाड़ा से शताब्दी में सफर करने का मौका मिलता है। एक दिन इतनी हैरानी की बात हुई, चण्डीगढ़ रेलवे स्टेशन के ऊपर हबड़ा-दबड़ी मच गई कि हमारी तो सीटें ही कन्फर्म नहीं हैं। जब पता किया तो पता चला कि 19.11 को ट्रेन आनी थी और 18.11 का चार्ट वहां लगा हुआ था, किसी का नाम भी उसमें नहीं था, ऐसी गलतियां रेलवे की इमेज को डैमेज करती हैं। इसी तरह रेलवे में ट्रेन दिल्ली में रोज़ देरी से आती हैं, यहां तक कि शताब्दी भी दिल्ली से अमृतसर या भगवाड़ा में देरी से पहुंचती है, इसका भी आपको ध्यान रखना चाहिए। एक और बात मैं आपके ध्यान में लाना चाहता हूं कि जितनी भी लम्बी दूरी की गाड़ियां हैं, उनमें ए.सी. फर्स्ट के जो डिब्बे होते हैं, उनमें सफाई का बिल्कुल ध्यान नहीं रखा जाता। फॉरेन से जितने भी लोग आते हैं, वे बाई एयर सफर करने के बाद रेलवे को प्रिफर करते हैं। अगर वहां सफाई नहीं होगी तो उसका गलत प्रभाव पड़ेगा। मैंने आपको इस बारे में लिखकर भी दिया था और दूसरी शिकायत भी मैंने लिखकर दी थी, लेकिन उस पर कोई एक्शन नहीं हुआ। ए.सी. फर्स्ट क्लास के डिब्बे में सिगरेट बीड़ी के टुकड़े पड़े हुए थे, इसका भी हमें ध्यान रखना चाहिए।

कुछ बातें मैं अपनी कांस्टीट्वेंसी के बारे में इस सदन में रखना चाहता हूं। रोपड़ एक डिस्ट्रिक्ट हैडक्वार्टर है। वहां रेलवे लाइन है, पर ईयर रेलवे को गुड्स ट्रेन से 70 करोड़ रुपये की इनकम है और इसी तरह जो पैसेंजर ट्रेन है, उससे डेली एक लाख रुपये की इनकम है, लेकिन उस स्टेशन का हाल क्या है, मुझे देखने का मौका मिला। मुझे वहां बुलाया गया, वहां एक वाटर कूलर भी नहीं है, जो शैड है, बहुत छोटा है और प्लेटफार्म केवल एक है, वह भी गाड़ी से काफी नीचे है। दूसरा प्लेटफार्म वहां बनाने की जरूरत है। हैडक्वार्टर होने के कारण वहां पर डिस्पेंसरी रेलवे बनाये, ताकि इतनी बड़ी आमदनी वहां से रेलवे ले रही है तो कुछ न कुछ उनको रिटर्न किया जाये। मैंने पिछली बार भी आपको कहा था कि पंजाब में एक कहावत है कि हींग लगे न फिटकरी, रंग चोखा आये। बिना कुछ खर्च किये हुए काफी कुछ आप हमारी कांस्टीट्वेंसी को दे सकते हैं, सिर्फ थोड़ी सी एडजस्टमेंट करने की जरूरत है। जैसे एक गाड़ी होशियारपुर रेलवे स्टेशन से जालंधर जाकर टर्मिनेट हो जाती है। अगर वहां से अमृतसर जाना हो तो लोगों को दूसरी गाड़ी लेनी पड़ती है। अगर सीधी गाड़ी होशियारपुर से अमृतसर के लिए चला दी जाये तो रेलवे का कोई खर्च नहीं होगा, सिर्फ टाइम का एडजस्टमेंट है। देश की आजादी से पहले होशियारपुर से लाहौर तक ट्रेन जाती थी, लेकिन आजादी के बाद वह जालंधर तक रह गई है, कृपया इस गाड़ी को होशियारपुर से अमृतसर तक किया जाये।[R73]

एक गाड़ी अभी फिरोजपुर के चलायी गयी है, उसका नाम होशियारपुर-जालंधर-फिरोजपुर रखा गया, लेकिन वह नेट के अंदर नहीं है। कृपया उस गाड़ी का नाम होशियारपुर से फिरोजपुर किया जाए। एक ही गाड़ी है जो होशियारपुर से फिरोजपुर जाती है, लेकिन उसका नाम अभी तक होशियापुर से फिरोजपुर नहीं किया गया। होशियारपुर में गुड्स ट्रेन की काफी संभावनाएं हैं। वहां बहुत ज्यादा इंडस्ट्री हैं। आपका कोई भी गोडाउन वहां प्रापर ढंग से काम नहीं करता है। ...(व्यवधान) आप करेंगे, तो कुछ न कुछ होगा। हम तो तीन साल से यही बातें कह रहे हैं, आपके ऊपर कुछ भी असर नहीं हो रहा है। पंचायत दा किहा सिर मत्थे, पराणा ओथे-ओथे, यह पंजाब की कहावत है। ...(व्यवधान) अगर वहां से जो डीएमयू जाती है, उसको डायरेक्ट चाहे अमृतसर के लिए लगा दिया जाए, तो बहुत बड़ा काम मेरी कांस्टीट्युंसी के लिए हो सकता है।

उपाध्यक्ष महोदय : आप चाहे तो बाद में ले कर दें।

श्री अविनाश राय खन्ना : महोदय, मैं जल्द ही अपनी बात समाप्त करूंगा। हम जानते हैं कि आनंदपुरसाहब एक बहुत बड़ा ऐतिहासिक स्थान है। अभी एक बहुत बड़ा फंक्शन हमारे पंजाब में होने वाला है। आनंदपुरसाहब से पटनासाहब तक रेलवे लाइन है। अगर एक गाड़ी आनंदपुरसाहब से पटनासाहब तक चला दी जाए, तो धार्मिक दृष्टि से टूरिज्म को भी बढ़ावा मिलेगा और हमारे जो सेंटीमेंट्स हैं, उनकी भी आप रेस्पेक्ट कर पायेंगे।

मैं एक बात और कहना चाहता हूं। दिल्ली के लिए दो डिब्बे होशियारपुर से आते हैं। एक इंजन दो डिब्बों को लेकर आता है, फिर वे डिब्बे खाली वापस जाते हैं। मैं रिक्वैस्ट करना चाहूंगा कि वे डिब्बे खाली न आएं। उनको गाड़ी में कन्वर्ट कर दिया। जब भी वे डिब्बे चलें, तो उनमें पैसेंजर भी बैठकर होशियारपुर से आ पायें और इससे रेलवे को भी लाभ होगा। इसी तरह जालंधर जाने के लिए डिब्बों का ऐज पैसेंजर गाड़ी के लिए यूज किया जा सकता है। मैं एक विनती करना चाहूंगा कि पठानकोट से दिल्ली तक बहुत पोटैंशियल है। वहां बहुत सवारी हैं। अगर जनशताब्दी या गरीब-रथ पठानकोट से दिल्ली के लिए चला दिया जाए, तो उसके कारण बहुत बड़ा फायदा पंजाब को हो सकता है। ...(<u>व्यवधान</u>) दुसवा में डबल लाइन की गयी है, जिसके कारण वहां सारा बिजनेस खराब हो गया है। अगर फुट ब्रिज बन जाए, तो उसके कारण भी लोगों को काफी सुविधा हो सकती है।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपका बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया।

भारतीय रेल देश की अनेकता में एकता का सबसे बड़ा माध्यम है, यह संस्कृतियों और भाषाओ को जोड़ने का एकमात्र साधन है। मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि मेरा जो क्षेत्र सरगुजा है, वह पुराने बिहार, झारखंड से लगता है। 60 साल से थोड़ा पहले वहां रेल के दर्शन हुए हैं। वहां एक ट्रेन अम्बिकापुर दुर्ग एक्सप्रैस चलती है, वह रेल इतनी छोटी हो गई है कि प्रतीक्षा सूची रहती है और ए.सी. थ्री टीयर में तो जगह ही नहीं मिलती है, उसकी बड़ी मांग है। मेरा आपसे निवेदन है कि तत्काल इसमें दो स्लीपर कोच और एक ए.सी. टू टीयर कोच तत्काल लगाया जाये। मेरा आपसे निवेदन है...(<u>व्यवधान</u>) मैं मिला था और आपने ही कहा था कि आपको बोलना है। इसलिए मैं आपसे प्रार्थना कर रहा हूं, मेरा आदिवासी क्षेत्र है, इसको जोड़ दें। दूसरे हमारा क्षेत्र आदिवासी क्षेत्र है, लेकिन बड़े-बड़े नगरों से बहुत नजदीक है। मैंने आपको एक पत्र लिखा है कि अम्बिकापुर से झारसुगुड़ा, जो उड़ीसा में पड़ता है, उससे जोड़ दिया जाये। इसके बीच दूरी केवल 180 किलोमीटर है, जिससे वह कोलकाता से जुड़ेगा। दूसरा, उत्तर प्रदेश का मेयोरपुर एक स्टेशन है, वहां से केवल 120 किलोमीटर है, उसको जोड़ने से पूरे उत्तर भारत से हमारा क्षेत्र जुड़ जायेगा। एक और वहां बहुत पुरानी मांग है, एक रास्ता रांची की तरफ जाता है, बरवाड़ी अंग्रेजों के जमाने से बना रहे हैं, उस क्षेत्र को जोड़ेंगे तो इस प्रकार से क्षेत्र बहुत अच्छे तरीके से जुड़ेगा। रेलवे में आपने बड़ी कसावट की है, उससे काफी सुधार हुआ है, लेकिन मेरा आपसे एक निवेदन है कि रेल में जो भीतर की गड़बड़ियां हैं, अगर पूरी छवि को आपको बनाना है तो उसके भीतर की गड़बड़ियों को भी आप ठीक करने की कोशिश करें, यह हमारा निवेदन है। देश में आजादी के बाद सब कुछ बढ़ा है, लेकिन एक क्षेत्र में हम सबसे ज्यादा गरीब हो गये हैं, वह क्षेत्र नेशनल कैरेक्टर का है, उसमें हम बहुत पीछे हैं, जिसके कारण हर क्षेत्र में सारी गड़बड़ियां होती हैं, समय पर काम नहीं होता है, पैसे का दुरुपयोग होता है। नेशनल कैरेक्टर कैसे डैवलप हो, यह आपकी रेल के माध्यम से हो, इसकी कोशिश आप करें, यह मेरा निवेदन है।

अन्तिम बात मैं आपके लिए कहना चाहता हूं। हिन्दुस्तान गोपाल का देश है। हम जब रेल में यात्रा करते हैं तो लालू यादव जी, लगता नहीं है कि कोई ग्वाल बाल इस रेल को चला रहा है। ट्रेनों में छाछ, दही, दूध वगैरह मिलना चाहिए, कोई ग्वाल बाल रेल को चला रहा है, इसका एहसास रेल में घुसते ही लोगों को होना चाहिए। भगवान कृष्ण ने केवल छाछ पीने के लिए मथुरा में जन्म लिया था, इसलिए मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि रेल में जब आदमी घुसे तो उसे लगे कि कोई ग्वाल बाल रेल को चला रहा है। वहां

दूध, दही, मक्खन, घी उपलब्ध होना चाहिए, तभी तो मालूम पड़ेगा कि लालू यादव जी ट्रेन चला रहे हैं।

मैं आपसे निवेदन करूंगा कि मेरा जो मांगें हैं, उनको आप स्वीकार करें और गोपाल के देश की रेल है, ऐसी छवि इसकी बनायें। यही निवेदन करते हुए आपको धन्यवाद देता हूं।

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) : महोदय, सोनापुर डिवीजन में कुर्डवाडी वर्कशाप है। यह वर्कशाप नैरोगेज है। नैरोगेज की रेल सेवा को ब्राडगेज में परिवर्तित किया जा रहा है इसलिए कुर्डवाडी वर्कशाप को ब्रॉडगेज का वर्कशाप बनाना चाहिए। रेलवे बोर्ड के पास कुर्डवाडी वर्कशाप को ब्रॉडगेज वर्कशाप करने का प्रस्ताव लंबित है। अभी इस वर्कशाप में ब्रॉडगेज के डिब्बे बनाने का का चल रहा है।

पंढरपुर-मिरज ब्रॉडगेज और उस्मानपुर-कुर्डवाउ ब्रॉडगेज के काम को जल्द पूरा करने के लिए 2008-09 के रेल बजट में 150 करोड़ का प्रावधान किया जाये।

लोपंट-पंढरपुर वाया फलरण-बारामती अब तक इस नये लाइन को मंजूरी देकर रू0 50 करोड का प्रावधान किया जाये।

अहमदनगर- बीड नये लाईन को मंजूरी दी जाये।

पंढरपुर-मुंबई चंद्रभागा एक्सप्रेस सप्ताह में 3 दिन चलती है। उसे डेली करके डिब्बे में बढोततरी हो। विजापुर-मुंबई ट्रेन भी 3 दिन चलती है उसे भी डेली किया जाये।

पंढरपुर से नागपूर और पंढरपुर से निरूपति की ट्रेन चलायी जाये।

विंकहित (कूर्डूवाडी) में आर पी एफ का ट्रेनिंग सेंअर है। उसको डेवलप करने के लिए 50 करोड का प्रावधान किया जाये।

मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन (वेस्टर्न रेलवे) को भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ0 बाबासाहेब अंबेडकर का नाम दिया जाये।

मुंबई में लोकल ट्रेन की संख्या बढ़ायी जाये।

एयर कन्डिशन (ए.सी.) लोकल्स प्रति घंटे एक चलायी जाये।

रेलवे स्टेशन के बाजू में रेलवे के जगह पर शॉपिंग सेंअर शुरू करना चाहिए।

मुंबई में रेलवे स्टेशन को सुंदर बनाया जाये।

कोकण रेलवे में बौरी का लोडिंग करते है। देश भर में बौरी को ट्रांसपोर्ट किया जाये।

स्टेशन को साफ रखने के लिए सफाई मजदूरों की संख्या बढ़ाकर उनको परमानेंट करना चाहिए।

हर ट्रेन में जनरल डिब्बों की संख्या कम से कम 5 से लेकर 8 डिब्बे तक करना चाहिए।

रिजर्वेशन-वेटिंग लिस्ट को खत्म करने के लिए नये डिब्बे लगाना चाहिए।

सांसदों को दो फर्स्ट ए.सी और चार सैंकड ए.सी की सीट मिलनी चाहिए। इति

*The speech was laid on the Table.

श्री मनोरंजन भक्त (अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह) : उपाध्यक्ष महोदय, माननीय रेल मंत्री लालू प्रसाद जी की जितनी प्रशंसा की जाये, इतनी कम है।

मैं आपका ज्यादा समय नहीं लेना चाहता, क्योंकि मैं समझता हूं कि इस टाइम ज्यादा कोई सुनता भी नहीं है, लेकिन मैं दो-तीन पाइंट्स बोलना चाहता हूं। हमारे यहां सदर्न रेलवे में एक दफा अंडमान निकोबार में 300 किलोमीटर रेलवे लाइन बिछाने के लिए सर्वे किया गया था, उसे दोबारा देखा जाये। यह सुविधा वहां देने से यह होगा कि टूरिज्म पर्यावरण की बढ़ोतरी होगी और उससे काफी लोगों को रोजगार मिलेगा और वहां दूरदराज आईलैंड में रहने वाले लोगों को अच्छा रहेगा। मैं यह भी एक बात कहना चाहता हूं कि राष्ट्रीय निर्माण के अन्दर एक जो अंडमान निकोबार को भी रखा जाये। मेरे साथी जो अरुणाचल प्रदेश से हैं, वे बहुत दुखी थे कि वे अकेले ही हैं, जहां रेलवे नहीं हैं। मैं भी अपने आपको उनके साथ जोड़ता हूं, हमारे यहां भी रेलवे नहीं है।[R83] इसलिए मैं आपसे यह अनुरोध करना चाहता हूं।

20.00 hrs.[p84]

मेरी एक छोटी सी रिक्वैस्ट है। रेलवे कर्मचारियों ने इतना अच्छा काम किया, आपने इतना ज्यादा पैसा कमाया, उनके लिए एलटीसी की फैसिलिटी अंडमान निकोबार जाने के लिए दी जाए, जिससे उनका हौसला और ज्यादा बढ़े। मैं अधिक कुछ न कहते हुए लालू प्रसाद जी से यही कहता हूं कि आपका जो प्रस्ताव है, मैं उसका समर्थन करता हूं और रिक्वैसट करता हूं कि दूरदराज के जो छोटे-छोटे इलाके हैं, उनके ऊपर आपकी अच्छी दृष्टि रहे और हमारी तरफ के लोगों को रेलवे का फायदा पहुंचायें।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री अनिरुद्ध प्रसाद उर्फ साधु यादव (गोपालगंज) : माननीय रेल मंत्री जी द्वारा प्रेषित की गयीं पूरक मांगों को मैं अपना समर्थन करता हूं और निम्नलिखित मांगें अपने निर्वाचन क्षेत्र गोपालगंज के हित में प्रस्थापित करता हूं:-

थावे से मसरख वाया छपरा तक की छोटी रेल लाइन को बड़ी लाइन में तब्दील करना।

थावे से कप्तान गंज की छोटी लाइन को बड़ी लाइन में तब्दील करना।

रतन सराय और माझा के बीच नवादा हाल्ट की स्थापना और उसे शीघ्रतिशीघ्र आरम्भ करना।

गोपालगंज और रतन सराय स्टेशनों पर विश्रामघर, समस्त स्टेशनों पर स्नानघर, शौचालय और पेय जल का इंतजाम करना।

थावे-कप्तानगंज की लाइन में ससामुसा, कुचाईकोट स्टेशनों पर मुसाफिरखाना, स्नानघर और शौचालय की व्यवस्था करना।

गोपालगंज, रतन सराय, दिघवा दुबौली स्टेशनों का सौन्दर्यकरण करना।

---

* The speech was laid on the Table.

श्री दलपत सिंह परस्ते (शहडोल) : महोदय, जन सुविधाओं के अनुरूप मेरे संसदीय क्षेत्र में आने वाली मांगें निम्न हैं।

अनूपपुर से खोढ़डी-खोनसरा तक रेल लाइन सिंगल है, उसे डबल किया जाय। जो कार्य चल रहा है, वह बहुत धीमी गति से चल रहा है। विरमिरी से चंदिया पैसेंजर ट्रेन को कटनी तक चलाया जाय। विरमिरी से रीवां तथा विलासपुर से रीवां ट्रेन जो पूर्व के बजट मे प्रावधान किया गया था, उसे अलग-अलग चलाया जाए। अभी विरमिरी से शहडोल व विलासपुर से शहडोल दोनों को शहडोल में एक में समाहित कर रीवां तक चलायी जा रही है। इसे पूर्व बजट के अनुसार चलाया जाय।

बुढ़ार स्टेशन में खान-पान की व्यवस्था नहीं है और न ही विरसिंहपुर पाली में है, वहां व्यवस्था की जाय, जिससे यात्रियों को सुविधा हो सके। बुढ़ार एक व्यापारिक कस्बा है, पहले पैसेंजर ट्रेन में सब्जी व्यवसाय का उतार चढ़ाव होता था, वह अब बंद कर दिया गया है, उसे पुनः चालू किया जाए। अनूपपुर में ओवर ब्रिज बनाया जाय। यह एक जिला मुख्यालय है, रेलवे लाइन के दोनों ओर शहर है। कालेज-अस्पताल तथा सैकड़ों गांव लगे हैं, जिससे आने-जाने में कठिनाई होती है। अनूपपुर स्टेशन में कंकरीट सीमेंटीकरण व पानी की व्यवस्था न होने से गंदगी रहती है, जिससे बीमारी फैलने का डर बना रहता है।

जैतहरी में फुट ओवर ब्रिज की अति आवश्यकता है, वहां ब्रिज निर्माण की व्यवस्था की जाए। शहडोल रेलवे स्टेशन के नं0 2-3 में जो फुट ओवर ब्रिज है, स्लेपदार न होने के कारण विकलांग लोग नहीं आ-जा सकते, इसलिए प्लेन ओवर ब्रिज बनाया जाए। विलासपुर पेन्ड्रारोड लोकल ट्रेन नं0 411 व 412 को शहडोल तक चलाया जाए।

शक्तिपुंज सु0 एक्सप्रेस को सप्ताह में 3 दिवस विलासपुर वाया कटनी चलाया जाए। अंबिकापुर से वाया कटनी बाम्बे तक नई सु0 एक्सप्रेस चलायी जाए। उत्कल एक्सप्रेस का स्टापेज जैतहरी स्टेशन में किया जाय। शक्तिपुंज सु0 एक्सप्रेस का स्टापेज विजय श्रोता स्टेशन में किया जाए। दुर्ग गोरखपुर सु0 एक्सप्रेस को अमलाई स्टेशन में स्टापेज किया जाए।

---

* The speech was laid on the Table.

श्री जयसिंगराव गायकवाड़ पाटील (बीड) : महोदय, मैं अनुदान की अनुपूरक मांगों के समर्थन में बोल रहा हूं। माननीय रेल मंत्री जी ने रेल विभाग में एक चमत्कार कर दिखाया है, यात्री या माल भाड़े में कोई भी बढ़ोतरी न करते हुए उन्होंने 20 हजार करोड़ रुपए मुनाफा कर दिखाया है। यह आज की स्थितियों में चमत्कार ही है। मेरे क्षेत्र बीड महाराष्ट्र में अहमद नगर-बीड-परली वैद्यनाथ नई रेल लाईन का निर्माण होने जा रहा है। 1996 से आज तक 93.75 करोड़ का इस नई लाईन के लिए प्रावधान किया गया है। दुर्भाग्य की बात यह है कि आज तक केवल 15 करोड़ खर्च किया गया है लेकिन काम कुछ भी नहीं हुआ है।

मेरा क्षेत्र गरीबी और दिक्कतों से खचाखच भरा है। विकास की कोई राह दिखाई नहीं देती, बेरोजगारी व भुखमरी क्षेत्र में घर कर बैठी है। सारी जनता माननीय लालू प्रसाद जी की कार्यवाही पर आस लगाए बैठी है कि लालू प्रसाद जी इसे पूरा करेंगे। क्षेत्र में इसी लाईन के करीब 100 गांवों का भूसंपादन कार्य पूरा हो चुका थ लेकिन रेलवे बोर्ड ने उसे मंजूरी देने से इंकार किया और सारी कार्यवाही व्यपगत हो गई। कृपया किए हुए प्रावधान के लिए कम से कम खर्च करने का आदेश माननीय लालू जी अपने अधिकारी व रेल बोर्ड को देने का कष्ट करें।

महाराष्ट्र सरकार रेल मंत्री लालू प्रसाद जी के साथ अहमद नगर-बीड-परली वैद्यनाथ रेलवे लाईन को पूरा करने के लिए एमओयू करना चाहता है, वैसी मंशा माननीय मुख्य मंत्री महाराष्ट्र ने जाहिर की है। मैं माननीय रेल मंत्री, लालू प्रसाद जी से प्रार्थना करता हूं कि महाराष्ट्र शासन के साथ एमओयू करने के संबंध में पहल करें। इस रेल लाईन को पूरा करने में अपना योगदान दें। आंदोलन का दौर जिले में लगातार चालू है। अक्टूबर 07 में महीना भर इस रेल लाईन की मांग के लिए बार-बार प्रतिदिन आंदोलन हुए व 28 अक्टूबर को परली-पानगांव व घाटनापुर स्टेशनों पर रेल रोकी गई। 28 अक्टूबर को घाटनापुर स्टेशन पर मैंने स्वयं सत्याग्रह करके रेल रोको आंदोलन किया, मुझे गिरफ्तार किया गया और बाद में छोड़ा गया। माननीय मंत्री जी जनता की भावना को समझें व मार्च तक लिया गया पूरा प्रावधान खर्च करें व इस कार्य को गति दें।

अहमद नगर-बीड-परली वैद्यनाथ लाईन के साथ-साथ घाटनापुर-अंबाजोगई, लाईन की मांग ने जोर पकड़ लिया है। घाटनापुरर-अंबाजोगई रेल केवल 21 कि.मी. की है, इसे पूरा करने में बहुत कार्य प्रावधान

---

* The speech was laid on the Table.

करने की जरूरत नहीं है। कृपया इस लाईन को माननीय मंत्री जी पूरा करने के लिए 50 करोड़ का प्रावधान करें।

मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि वे उपरोक्त दोनों रेल लाईन अहमद नगर-बीड-परली वै. के लिए 100 करोड व घाटनापुर-अंबागोजाई के लिए 50 करोड़ का प्रावधान अगले बजट में करने का कष्ट करें। मैं फिर से रेल की अनुपूरक मांगों का पुरजोर समर्थन करता हूं।

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : महोदय, माननीय रेल मंत्री जी द्वारा रेल बजट की अनुपूरक मांगों में बात कहने का समय दिया है।

मान्यवर, उत्तर मध्य रेलवे के झांसी डिवीजन में उरई स्टेशन के पास राठ रोड है उस पर ओवर ब्रिज बनाया जाये तो निश्चित ही रेलवे फाटक पर जाम नहीं लगेगा।

मान्यवर, उत्तर भारत से दक्षिण भारत को जोडने वाली रेलवे लाइन लखनऊ कानपुर, झांसी, मुमबई में मात्र 200 कि0मी0 सिंगल लाइन कानपुर से झांसी है, इसको दोहरीकरण हो जाये तो निश्चित ही समय की बचत होगी साथ ही साथ इस लाइन का विद्युतीकरण किया जाना अति आवश्यक है।

मान्यवर, कालपी स्टेशन को कम्प्यूटरीकृत आरक्षण की व्यवस्था की जाये।

मान्यवर, लखनऊ में पूजा एक्सप्रेस तथा उद्योग नगरी एवं उद्योग कर्मी जो कानपुर से मुंबई जाती है तक तीनों गाड़ियों का ठहराव उरई स्टेशन पर किया जाये तथा झांसी से कानपुर पूजा इंटर सिटी चलती है उसी तरह से कानपुर से झांसी इंटर सिटी चलाई जाये।

---

* The speech was laid on the Table.

श्री श्रीपाद येसो नाईक (पणजी) : महोदय, आज रेल मंत्रालय की पूरक मांगों पर सदन में मुझे बोलने का अवसर दिया। मैं आपके माध्यम से सदन के समक्ष निम्नलिखित मांगें रखना चाहता हूं :

माननीय रेल मंत्री ने बताया कि उन्होंने बहुत सी नई ट्रेनें स्टार्ट की हैं व कुछ स्टार्ट करनी हैं। यदि इनके ब्यौरे को ध्यान से देखें तो अधिकांश गाड़ियां केवल उत्तर भारत में ही चल रही हैं अर्थात् दक्षिणी क्षेत्र की पूर्ण रूप से उपेक्षा की गई है। गोवा में विगत वर्षों से केवल मीटर गेज लाइनें थीं। काफी आग्रह के बाद ब्रोड गेज लाइनें बनी हैं, किंतु पुराने प्लेटफार्म व स्टेशन की स्थिति चिंताजनक है। जर्जर भवन व सुविधाविहीन क्षेत्र के कारण जनता परेशान है, कम से कम इनकी मरम्मत कराई जाए। गोवा से हुबली, बेलगांव, बंगलौर, हैदराबाद आदि स्थानों के लिए मीटरगेज लाइन पर गाड़ियां चलती थीं। किंतु जब से ब्रोडगेज लाइन बनी, एक भी गाड़ी नही चली है। कृपया उपरोक्त स्थानों के लिए वास्को से गाड़ियां चलाने की कृपा करें।

महोदय, गोवा देश का एक प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक राज्य है। यहां विश्व के विभिन्न देशों से लाखों की संख्या में पर्यटक आते हैं। रेल मंत्रालय ने कई स्थानों पर पैलेस आन व्हील ट्रेन चलाई है। अतः अनुरोध है कि इस अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक केंद्र को जोड़ने के लिए पैलेस ऑन व्हील ट्रेन चलाई जाए। गोवा प्रदेश ही पूरे देश में एक ऐसा प्रदेश है, जहां लगभग 35औ से अधिक क्रिश्चन आबादी है। क्रिश्चनों का प्रमुख धार्मिक स्थल तमिलनाडु में वालाकनी है, जहां हजारों की संख्या में ईसाई लोग धर्म यात्रा हेतु आते जाते हैं। अतः गोवा-वालाकनी के मध्य ट्रेन चलाई जाए।

इसी प्रकार साई बाबा के दर्शनों के लिए हजारों की संख्या में लोग शिरडी जाते हैं। आपसे प्रार्थना है कि शिरडी में स्टेशन बना कर एक ट्रेन गोवा-शिरडी के मध्य चलाई जाए। अंत में एक विशेष बात मैं आपके ध्यान में लाना चाहता हूं कि देश के सभी स्टेशनों में दुकानें लोकल लोगों को दी जाती हैं। गोवा में बिलकुल विपरीत हो रहा है। वहां पुराने गोवा के लोगों के लाइसेंस निरस्त कर नए बाहर के लोगों को अधिक धनराशि ले कर दुकानें आवंटित कर दी हैं, जिससे क्षेत्रीय जनता विशेष कर बेरोजगार नौजवान क्षुब्ध हैं। कृपया क्षेत्रीय लोगों को पुनः दुकानें आवंटित कर दी जाएं।

इसके साथ ही मैं अपना भाषण समाप्त करता हूं।

---

* The speech was laid on the Table.

श्री विजय कृष्ण (बाढ़) : महोदय, माननीय रेल मंत्री श्री लालू प्रसाद जी से आग्रह है कि रेल के विकास के क्रम में निम्न पर कार्रवाई अवश्य करेंगे।

दानापुर रेल मंडल अंतर्गत इस्लामपुर से बोद्धगया भया मानपुर रेल लिंक लाइन बिछाने हेतु निर्णय लिया जाये।

बिख्तियारपुर राजवीर रेल का रेल लाइन दोहरीकरण विद्युतीकरण किया जाये।

दानापुर मंडल अंतर्गत मौकामा, बाढ़, बख्तियारपुर, फतुहा, अथमलगोठा, खुशरूपुर, हथुहर, भोर, पंडारक आदि रेलवे स्टेशनों पर नागरिक सुविधा करायी जाये।

बाढ में शहर के निकट तथा बाढ परिभनी रेल गुमटी के निकट ओवर ब्रिज बनाया जाये।

---

* The speech was laid on the Table.

रेल मंत्री (श्री लालू प्रसाद) : महोदय, मैं उन तमाम 35 माननीय संसद सदस्यों को, जिन्होंने सप्लीमेंट्री बजट में हिस्सा लिया और आग्रह पर बहुत संक्षिप्त रूप में अपनी बात कही, धन्यवाद देता हूं। कुछ माननीय सदस्यों ने लिखित रूप में भी अपने-अपने इलाके, सेगमैंट्स के संदर्भ में स्पीच ले की। मैं सभी के प्रति पूरे रेल परिवार की तरफ से आभार प्रकट करना चाहता हूं कि उन्होंने अमूल्य सुझाव दिए। मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि जब हम फरवरी में रैग्युलर बजट पेश करेंगे, उसके पहले विगत बजट में जो घोषणायें हमने की थीं, नया बजट शुरू होने के पहले पुरानी घोषणाओं को पूरा करके नयी घोषणा की जाती है और हमारा प्रयास होगा कि राज्यवाइज पार्टी के तमाम बंधनों को छोड़कर-तोड़कर काम हो। हम, हमारे रेल अधिकारी, वरिष्ठ पदाधिकारी और बोर्ड के सदस्य आपके सुझाव लेंगे और जो बात हो सकती है और जो हम सभी की कुव्वत में है, उसे हम करेंगे। सब भाइयों को अपना राज देश प्यारा है। हमारा सभी पार्टियों और राज्यों के साथ न कभी भेदभाव करने का इरादा था और न हम आगे करेंगे। हम देशहित में काम करेंगे।

रेलवे सबसे बड़ा ट्रंसपोर्टर है और देश की लाइफलाइन है। हमारा विकास तब तक संभव नहीं है, जब तक इंफ्रास्ट्रक्चर पर हम थ्रस्ट नहीं करते हैं और इसकी ओर ध्यान नहीं देते हैं। रोटी कोई इंकलाब-जिन्दाबाद करने से आसमान से नहीं टपकेगी। हमारा, आपका, सबका इरादा और वचनबद्धता, नाइंसाफी होने वाले लोगों के प्रति जो सोसाइटी के बैकबेंचर हैं, जो भाई छूटे हुए हैं, जो राज्य या सेगमेंट छूट गए हैं, उनको इंसाफ देना, हम सभी का एक ही इरादा है। इसका तरीका अलग-अलग हो सकता है, नजरिया अलग-अलग हो सकता है। इसलिए मैंने आपसे आग्रह किया कि आनगोइंग जो प्रोजेक्ट्स हैं, जिनको हम लोगों ने लिया है, इसके लिए हम आपके समक्ष आए हैं कि आप इनको स्वीकृत करें और अनुमोदन करें। भारतीय रेल का कायाकल्प आप सभी लोगों के सहयोग से होगा। आप लोगों ने इस देश में ही नहीं दुनिया भर में मेरा हौसला बढ़ाया है। हमारे सभी दल के साथी लोग, कभी-कभी हम आप लोगों की कटु आलोचना भी करते हैं, लेकिन आपका प्यार और स्नेह हमको मिला। हम लोग आपके सुझावों पर ध्यान देने का पूरा प्रयास करेंगे। इस देश के आम आदमी को केंद्रबिंदु बनाकर, उसको ध्यान में रखकर, हम बजट तैयार करते हैं और उन राज्यों पर हम ज्यादा से ज्यादा ध्यान देते हैं। जम्मू और कश्मीर हमारे देश का अभिन्न अंग है। नार्थ-ईस्ट हमारा अभिन्न अंग है। जिन इलाकों में आजादी के इतने साल गुजरने के बाद किरणें नहीं गयी हैं, हम वहां नेशनल प्रोजेक्ट के रूप में रेल को पहुंचा रहे हैं। [p85]

हमारे इंजीनियर, हमारा रेल परिवार रास्ते में आने वाली कठिन से कठिन मुश्किलों का सामना करते हैं।, चाहे पूर्व में उल्फा हो या जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों के तमाम झंझावात हों, उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर कार्य किए। हमारे जो इंजीनियर शहीद हुए, एक माननीय सांसद ने कहा कि एक को भी कुछ मदद नहीं मिली। लेकिन मैं उत्तर प्रदेश में उस अभियन्ता के घर गया। उनकी नई-नई शादी हुई थी। हमने उस लड़की को बुलाया। यदि हम नहीं जाते तो वह सुसाइड कर लेती। वह लड़की चाकू लेकर बैठी हुई थी। वह कहने लगी कि अगर आप नहीं आते तो मैं आज जान दे देती। मैंने उसके भाइयों और परिवार के अन्य लोगों को बुलाया और उसे रेल परिवार में सम्मिलित किया, उसे रेलवे में जॉब दी। यदि कुछ लोग छूटे हुए हैं तो हम उन पर भी जरूर ध्यान देंगे।

अनुपूरक अनुदान मांग छ: सौ करोड़ रुपये बीस हजार रुपये के लिए है। इसमें चार सौ करोड़ रुपये उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला राष्ट्रीय परियोजना के लिए है और दो सौ करोड़ रुपये पूर्वोत्तर राज्यों में चल रही राष्ट्रीय परियोजना के लिए केन्द्र सरकार द्वारा उपलब्ध करवाए गए हैं। लाभांश मुक्त बजटीय सहायता शामिल है। इसके अतिरिक्त बिना बारी के आधार पर शुरू किए जाने वाले 15 कार्यों के लिए संसद का अनुमोदन लेने का आज प्रस्ताव है।

हमने गत वर्ष आप सबके प्रयास, सहयोग से और रेल परिवार के चौदह लाख कर्मियों के प्रयास से कंधे से कंधा मिलाकर काम करने की वजह सफलता प्राप्त की है। हमने विगत दिनों में जिन झंझावात को झेला, उसमें हम नहीं जाना चाहते। भारतीय रेल की क्या स्थिति थी, क्या दशा थी और हम कहां थे। हमने कंधे से कंधा मिलाने के बाद बिना भारत सरकार के ऊपर डिपेंडेंट रहकर हमने बीस हजार करोड़ रुपये का सरप्लस भारत के खजाने में जमा किए और अपने खर्चों और लागत को भी नीचे लाए कि ज्यादा अनाप-शनाप खर्च नहीं होना चाहिए। हमारे प्रधान मंत्री जी ने लाल किले के प्राचीर से राष्ट्र ध्वज फहराते हुए देशवासियों को आश्वस्त किया था कि हम इफ्रास्ट्रक्चर, रेलवे, जहाज, रोड और बिजली, देश और किसी भी सरकार के लिए यह चार आधारभूत मूल मंत्र हैं। हमें इन्हीं से रोटी मिलनी है। इसमें रेल की उपेक्षा नहीं की जा सकती। भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है जिसमें 63,000 किलोमीटर का हमारा नेटवर्क है। लेकिन इस नेटवर्क में 57,000 किलोमीटर अंग्रेजों द्वारा बनाया हुआ है। आजादी के इतने साल गुजर जाने के बाद हमने कितना इजाफा किया। 63,000 किलोमीटर जोड़कर हमारा नेटवर्क है जिसे हम बहुत जगह नया कर रहे हैं, बढ़ा रहे हैं, डबल कर रहे हैं और बदल भी रहे हैं। यह भारतीय रेल की दशा और दिशा है। हम रोज ग्यारह हजार गाड़ियां चलाते हैं और डेढ़ करोड़ पैसेंजर भाइयों को ढोते हैं। लेकिन हमारी हालत क्या थी? दुनियाभर में भारतीय रेल मार्किट से आउट हो गई थी। किस साथी ने क्या किया, क्या नहीं किया, हमें इस गहराई में जाने से कोई लाभ नहीं है। हमने तीन साल में बीस हजार करोड़ रुपये का मुनाफा किया। चुनौतीभरे सवाल थे। भाड़ा कम करने के बाद, आम आदमी को केन्द्र बिन्दु बनाने के बाद, बजट रखने के बाद, हमारे 60-70 लाख पैसेंजर भाई सबर्बन ट्रेन में मुम्बई में रोज सफर करते हैं।[N86]

अब घाटे को लीजिए। हम लोगों ने देखा कि भाड़ा बढ़ाने से कोई लाभ नहीं होता। इसके लिए हमें व्यापार को बढ़ाना होगा। इसके लिए ईवेजन, चोरी और लीकेज को रोकना पड़ेगा। जो राकेश मोहन कमेटी की रिपोर्ट आई, उसमें कहा गया कि भारतीय रेल का आगे 25 साल तक और दीवाला पिटने वाला है, इसलिए कर्मचारियों की छंटनी करो, पदों को समाप्त करो। अब पद समाप्त किये गये। भारत एक अरब दस करोड़ की आबादी वाला देश है। यह मैनपावर कहां जायेगा। अगर हम इन लोगों को रोजी-रोटी, कपड़ा और मकान नहीं देते हैं, तो ये आसानी से हमारों हाथों से निकल जाते हैं, एक्सट्रीमिस्ट बन जाते हैं, इस झंझावात को रोकना होगा। आंध्र प्रदेश से लेकर नेपाल तक जो कॉरीडोर बना हुआ है जिससे आज नक्सलपंथ का रास्ता बुलंद हो रहा है। इसकी तह में हम सब लोगों को जाना चाहिए। जब हम सरकार में आये, मैं सदन में बोलना चाहता हूं, भले ही किसी साथी के मन में क्या अमरक हो, मैं नहीं जानता। मैं रेल मंत्रालय नहीं लेना चाहता था। मैं सदन में यह कसम खाकर बोलता हूं। हमारी इच्छा दूसरा मंत्रालय लेने की थी, लेकिन मुझे यह रेल डिपार्टमैंट दिया गया। मैं जानता था कि रेल में तमाम तरह के एक्सीडैंट्स होते हैं। कहीं आगजनी या कुछ और बात होगी जिससे हमें लोगों को झेलना पड़ेगा। वे कहेंगे कि इसे हटाओ, पता नहीं कहां से गंवार आदमी आ गया है। एक्सीडैंट्स हो रहे हैं। लेकिन हमें जब यह जिम्मेवारी मिली, तो हमने देखा कि भारतीय रेल में अपार संभावनाएं हैं। हमने कोई छेड़छाड़ नहीं की। हमने किसी को दुखी नहीं होने दिया। सही जगह पर सही अधिकारियों को रखा और कर्मियों को विश्वास में लिया। जब कोई प्रतिष्ठान घाटे में हो। आज फ्रांस के सिंहापुर के डीन आये थे और वहां से एम.बी.ए. की पढ़ाई करने वाले लोग हमसे मिलने आये थे। देश और दुनिया में लालू यादव का सवाल नहीं है। दुनिया के लोगों को यही उम्मीद थी कि जब कोई प्रतिष्ठान घाटे में जाये, तो प्राइवेट सैक्टर में दे दो और मैनपावर को रिडयूस करो। मैनपावर की छंटनी करो, निकालो। यही पढ़ाई देश और दुनिया के कारपोरेट हाउस में जाने वाले बच्चों को पढ़ाई जाती है। वीआरएस चलाओ, सिक करके इसको बंद करो। यही सारी पढ़ाई, यही सारी बात और यही मिथक दुनिया में था। भारत ने और रेल परिवार ने आपके सहयोग से इस मिथक को तोड़ा है। इसे तोड़ने के बावजूद भी हमारा लाभांश 20 करोड़ रुपये सरप्लस हुआ है। लालू यादव का नाम नहीं बल्कि दुनिया भर में भारत का नाम ऊंचा हो रहा है। रेल परिवार के माध्यम से हारवर्ड, आईआईटी के बच्चे, अहमदाबाद, बंगलादेश और अमेरिका से ट्रेनिंग लेने वाले लोग आते हैं, वास्तव में भारत भी आगे बढ़ सकता है। वे जानना चाहते हैं कि आपने क्या जादू किया है? भाड़ा कम करने के बाद आपने कौन सा जादुई काम किया। भारत में लोग समझते नहीं थे कि भारत में इससे आगे कोई काम हो सकता है। हमने कहा कि ईमानदारी, कमिटमैंट फॉर दी आर्गनाइजेशन और विजन चाहिए। यह हमारा इतना बड़ा मैनपावर है, यही हमारा वैल्थ है, यही हमारी समृद्धि का राज है। हमारी जनसंख्या ज्यादा है। हम जनसंख्या के मामले में चीन के बाद दूसरे नम्बर पर हैं। ऐसा

नहीं है कि मैनपावर में कोई खराबी है। ठीक है लोगों को संयम रखकर पापुलेशन पर कंट्रोल करना चाहिए। लेकिन यह हमारी समृद्धि का राज मैनपावर है। यह मैनपावर दुनिया भर में है। हमारे बिहार के लोग कोई बैगर हैं, भिखमंगे हैं। हमारे बिहार के साथ आज तक नाइंसाफी हुई है।[MSOffice87]

वहां पर-कैपिटा से लेकर इंफ्रास्ट्रक्चर तक में लीस्ट इनवेस्टमेंट हुआ है। पहले यही सवाल हम लोग उठाते रहते थे, लेकिन अब यूपीए की सरकार में बिहार सहित सारे राज्यों के साथ इंसाफ हो रहा है। इसलिए हमने आप सभी को विश्वास में लेकर कहा कि वह इलाका जो छूटा हुआ है, अनकवर्ड है, जहां रेल नहीं गयी है, वहां कौन इनवेस्टमेंट करेगा। मैं अंतिम आदमी नहीं हूं, हम आपके सुझावों को लेकर जाते हैं तो प्लानिंग कमीशन विचार करता है, जब हम मामले का सर्वेक्षण कराते हैं तो बताया जाता है कि वह प्रोजेक्ट अनइकोनॉमिक है, रिटर्न नहीं है, फिर हमें कैबिनेट में जाना पड़ता है, उसके बाद पैसे की कमी और बहुत सी राज्य सरकारों से बात करनी पड़ती है। अगर आप सारे चार्ट को देखिए तो आप पाएंगे कि जितने भी आन-गोइंग प्रोजेक्ट्स हैं, चाहे वे पोलिटिकल कंसीडरेशन्स से लिए गए हों, चाहे हो मंत्री या सरकार रही हो, हम उनको देख रहे हैं। मैं एक बार अपने परिवार के साथ उत्तराखण्ड गया था, वहां देवी-देवताओं के दर्शन कर रहे थे, एक इलाके में लोगों ने बताया कि अभी तक वहां रेल नहीं आई। उसका शिलान्यास पहले मंत्री जी कर चुके थे। मैंने पूछा कि मंत्री कौन था तो उन लोगों ने मंत्री जी का नाम बताया। वह मंत्री पहले यहां राज्य मंत्री थे जो हम लोगों को पूर्वचन देते हैं। मैंने कहा कि जब उद्घाटन और शिलान्यास हो चुका है, तो निश्चित रूप से हम इस काम को करेंगे। मैंने रेल भवन में आकर कागज निकालकर देखा तो पता चला कि चुनाव का समय था, चुनाव की घोषणा हुई थी और सर्वे का शिलान्यास हो गया। सर्वे में हो भी सकता है, नहीं भी हो सकता है। इस तरह से पोलिटिकल कंसीडरेशन्स से बहुत से लोग इस तरह के काम ले लेते हैं। जब हम फेडरल सिस्टम में हैं, तो मैं और मेरा दल एसईजेड का विरोध करते हैं, लेकिन इनवेस्टमेंट होना चाहिए, इंफ्रास्ट्रक्चर देकर सरकार को उसमें नहीं आना चाहिए। सीधे किसान से अगर कोई इनवेस्टर बात करता है तो अच्छी बात है। बात करके वह डील करे और सरकार को उसमें नहीं आना चाहिए,लेकिन जहां तक सरकार के प्रोजेक्ट का सवाल है, बहुत से हमारे जो प्रोजेक्ट्स लिए गए हैं, उनके लिए राज्य सरकार आना-कानी करती हैं। यह रीजनिल्म, संविदवाद, कोअलिशन का एरा और लोहिया जी ने बहुत पहले यह कहा था कि भारत में भविष्य में संविद की सरकार चलेगी। कलकत्ता में एसबीजी सरकार संविद सरकार बनी थी, फिर बिहार में संविद सरकार और फिर दिल्ली में भी संविद सरकारें बनीं। दिल्ली में भी चाहे कोई भी राष्ट्रीय पार्टी हो, मैं नहीं जानता कि आगे क्या होने वाला है, लेकिन यह कोअलिशन युग है। कहीं न कहीं नाइंसाफी राज्यों के साथ हुई है, इसलिए रीजनल लीडर्स का उदय हुआ है। उत्तर प्रदेश में मायावती हैं और उनके विकल्प के रूप में मुलायम सिंह हैं। तमिलनाडु में करूणानिधि जी हैं और जयललिता जी हैं। बिहार में जहां हम हैं, वहीं हमारे पीछे और भी बहुत से लोग हैं, एक नहीं अनेक हैं। बिहार एक अजूबा राज्य है, वहां तो राजनीति की ट्रेनिंग ही ली जाती है और दी जाती है। वहां तो नीचे की बात ही नहीं करते हैं, सीधे आसमान से ही बात करते हैं। पूरे देश में इसलिए मिली-जुली सरकारें हैं, मिनिमम कॉमन प्रोग्राम बनता है। चाहे आपका एनडीए हो या हमारा यूपीए हो, थर्ड फ्रंट को भी हमने देखा है। देश में जितने फ्रंट बने, मैंने सभी को देखा है और सभी चीजों को समझा है। इसलिए देश को हमें कैसे आगे बढ़ाना है, इसपर सभी को मिलकर विचार करना होगा। रेल के मामले में अभी जो कायाकल्प हुआ है और रेलकर्मियों को, जो हमारे की-मैन, गैंग मैन हैं, सीमा पर हमारा सैनिक भाई झपकी ले सकता है।[R88] लेकिन रेलगाड़ी का ड्राइवर अगर झपकी ले ले तो उससे कितने ही लोगों की जान-माल के साथ हादसा हो सकता है। इसलिए हमारे रेलकर्मी दिन-रात अपने काम में मुस्तैदी से लगे रहते हैं। चाहे स्टेशन मास्टर हो, सहायक स्टेशन मास्टर हो या ड्राइवर हो। गार्ड भी पीछे होता है। अगर रेलवे में किसी से बहाली के वक्त पूछा जाए कि किधर जाना है, तो वह कहेगा कि टी.टी में जाऊंगा, गार्ड बहुत कम लोग बनना चाहते हैं। वैसे गार्ड की तनख्वाह भी अलग है। जब वह आफ ड्यूटी होता है तो उसे गर्म पानी मिलता है और फ्री खाना मिलता है। यह भारतीय रेल में अलग सिस्टम है।

हमने रेलकर्मियों के लिए 70 दिन के बोनस की घोषणा की। चाहे दशहरा हो, ईद हो, दीपावली हो या छठ का पर्व हो, हमने अपने कर्मियों को शाबाशी दी कि अगर निष्ठा और मेहनत से काम नहीं करोगे तो यह सोने की चिड़िया कही जाने वाली रेल हाथ से निकल जाएगी और फिर पछताना पड़ेगा। हमारे यहां 14 लाख के अतिरिक्त 13 लाख पेंशनर्स हैं। इतने लोगों को डायरेक्ट जॉब मिली हुई है और करोड़ो लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रेलवे से रोजगार मिलता है। इसलिए हमने अपने कर्मियों के लिए 70 दिन के बोनस का एलान किया। मैं इसके लिए प्रधान मंत्री जी का शुक्रगुजार हूं। हमने उनसे कहा था कि रेलकर्मियों को अन्य कर्मियों से अलग देखें और बोनस की राशि बढ़ाएं।

हम नई-नई ट्रेंस देना चाहते हैं, हम पंक्चुएल्टी को मेनटेन करना चाहते हैं, लेकिन जो चालू रेल लाइंस हैं, वह सब सेचुरेटिड हो गई हैं, ह्यूज ट्रैफिक कंजेशन है। जो हमारा अर्निंग हॉर्स है, गुड्स ट्रेंस हैं, लोकल गाड़ियों को, एक्सप्रेस और जन शताब्दी ट्रेंस को निकालने के लिए उन्हें लूप लाइन में डाला जाता है कि तुम वेट करो और शंटिंग में रहे। इसलिए हम पांच मिनट में एक गाड़ी गुजार रहे हैं। इस कारण हम नई गाड़ी नहीं दे सकते। इसके अलावा हम मेनटेनेंस भी कराते हैं। आप देखिए कहीं न कहीं कॉशन लगा होता है। मैं खुद एमआर स्पेशल से जाता हूं तो पूछता हूं कि गाड़ी क्यों रोक दी, इस पर जवाब मिलता है कि कॉशन लगा हुआ है। नई रेल लाइन डल रही है या पुल बन रहा है या रेल लाइन पर पत्थर तोड़कर डाले जा रहे हैं। इसलिए चालू रेलन लाइनें सेचुरेटिड हो गई हैं। इस प्रेशर को हम करने के लिए काम कर रहे हैं। भविष्य में हमें और आगे जाना है। केबिनेट में हमें इस सम्बन्ध में शीघ्र मंजूरी मिलने वाली है। हमने उसमें तीसरी लाइन की बात कही है। डेडिकेटिड फ्रेट कारीडोर की योजना हमारी है। हम लुधियाना से हावड़ा और कोलकाता के सारे पोर्ट्स को शामिल करते हुए प्रथम फेज में लाना चाहते हैं। उसके बाद दूसरे फेज में वैस्टर्न कारीडोर में दिल्ली से मुम्बई और फिर मुम्बई से चेन्नई तथा चेन्नई से हावड़ा। गुड्स ट्रेंस के लिए अलग से कारीडोर हो, डबल लाइन हो, विद्युतीकरण हो और सिंगल सिस्टम होना चाहिए। हम इस पर मालगाड़ियों के द्वारा लदान और ढुलाई का काम करेंगे। हम किसी शहर को नहीं छोड़ेंगे, न किसी का मकान या अन्य इमारत गिराएंगे। हम लाइन को डाइवर्ट करके बाईपास निकालेंगे। हमने देखा है कि अभी हम अपनी क्षमता के अनुरूप गुड्स ट्रेंस का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। हम सब लोग ईमानदारी और निष्ठा से अगर खड़े हो जाएं और संकल्प ले लें तो जो न्यूनतम आवश्यकता है देशवासियों की, जो धरती माता हमें देती है, हम उसे पूरा कर सकते हैं। इसमें लालच का कोई प्रश्न नहीं है। अभी तक 60 प्रतिशत माल रोड के जरिए जा रहा है और 40 प्रतिशत हमने कैप्चर किया है। कैसे हम इसे बढ़ाएं, इसके लिए हम विजन से काम कर रहे हैं और हमारी मंशा है कि हम उस 60 प्रतिशत गुड्स को उठाकर अपने यहां शिफ्ट करें और रेल लाइन पर लाएं। आपने देखा होगा कि रोड पर हैवी-हैवी मशीनरी जा रही है, लम्बी-लम्बी लॉरी के द्वारा बड़ा-बड़ा सामान रोड से जा रहा है। [R89]जो लोगों को धवस्त करता है, एक्सीडेंट होते हैं। आप माननीय सांसद सदस्य हैं, इसलिए आंकड़े मांगिये कि इस देश में रोज एक्सीडेंट्स से कितने हमारे भाई और बहन मरते हैं। रेल में कोई मेज़र एक्सीडेंट पिछले तीन-चार साल में नहीं हुआ। मैं मानता हूं कि जहां अनमैन्ड-गेट्स हैं, वहां लाख कोशिशों के बाद भी किसी ने कोई ट्रेक्टर घुसा दिया, तो एक्सीडेंट हुआ। अनमैन्ड-गेट्स करीब 25 हजार हैं जिनका लेखा-जोखा बजट सेशन में मैं बताऊंगा और बताऊंगा कि इनका क्या उपाय मैं कर रहा हूं। इन गेटों को भी मैन्ड करना है जिसपर खर्चा है और हम जब इस बात पर आयेंगे तो आपको डिटेल से बताएंगे।

लेकिन वही पुराना रेल और वही पुराना लाइन, वही कर्मी और अक्टूबर 2007 तक माल ढुलाई हमने 437 मिलियन टन हमने किया है और इसी अवधि में माल की ढुलाई के मामले में हम 32 मिलियन टन आगे बढ़े हैं। इसी अवधि तक 3661 मिलियन यात्रियों की तुलना में 3867 मिलियन यात्रियों ने हमें सेवा का मौका दिया है। हम इतने लोगों को यात्रा करा रहे हैं।

हम अपनी ऊंचाईयों को छूने के लिए सतत् प्रयास कर रहे हैं। यह काम तीन, साढ़े तीन साल में नहीं हो जाता है। इसमें समय लगता है। लोग पूछते हैं कि जब आप अपनी अवधि पूरा कर लोगे, रेल मंत्री नहीं रहोगे, तब क्या होगा? हम कहते हैं कि कोई भी रेल मंत्री हो, अब सारे स्टेप्स नियम और कायदे में हैं, जब देश को चस्का लग

गया, संसद को मालूम हो गया कि बिना फिटकरी लगे, जब हमारा कमिटमेंट है, ईमानदारी है, तो एक नम्बर का जो कुर्सी है, अगर यह साफ-सुथरा है तो कोई कुर्सी गंदा होने वाला नहीं है। इसलिए हमारा प्रयास है कि भारतीय रेल का डंका दुनिया में बज रहा है और एक नम्बर की रेल बनाने में हम सफल हो सकेंगे।

जहां रेल अभी नहीं है, वहां भी हम रेल को पहुंचायेंगे। जब कारवां बढ़ चुका है, गाड़ी आगे बढ़ चुकी है तो हम पीछे घूमने वाले नहीं है। इसलिए वर्ष 2007-2008 के बजट में जो हमने घोषणा की थी कि देश का आम आदमी, जिसके वोट से हम आते हैं उनको दो इंची का गद्देदार कुशन-सीट देंगे और बड़ी तेजी से, एक साल के अंदर आप देखेंगे कि हम गद्देदार सीट लगाने जा रहे हैं। टॉयलेट को नयी तकनीकी लगाकर जैसा जहाज में है वैसा करेंगे और साल भर के बाद लिविंग से उसकी सफाई वगैरहा का काम करेंगे। इस तरह का सब काम हम कर रहे हैं। यह सप्लीमेंटरी बजट है, इसलिए हमने सोचा था कि विस्तार से जब बजट आयेगा, फरवरी में जब बजट आयेगा तो किसी भी दल के सांसद को कोई चिंता करने की जरूरत नहीं है। ...(व्यवधान) बीच में कोई चुनाव आने वाला नहीं है। ...(व्यवधान) [r90]कोई चुनाव नहीं हैं। आप लोग डट कर लोगों की सेवा करिए, काम करिए और निडर होकर रहिए। कोई भी एमपी लोगों की सेवा करने के लिए चुन कर आता है। क्या केवल सरकार बनाने के लिए आता है? किसी सवाल पर सरकार को कैसे गंवा देगा। इसलिए बीच में कोई चुनाव नहीं होने वाले हैं। अगले साल के बाद जब चुनाव होंगे, अगर काम किया होगा तो हम जरूर फिर से चुनावों में भारी बहुमत से जीत कर आएंगे। मेरी कहना है कि जितने बीजेपी के लोग जीत कर आए हैं, वे उससे थोड़े कम जीत कर आएं।..(व्यवधान)

महोदय, हम 175 अतिरिक्त आधुनिक कोचेस जोड़ रहे हैं, प्लेटफार्म को लंबा कर रहे हैं, प्लेटफार्म को रेज कर रहे हैं. मॉडल स्टेशन बना रहे हैं। पैसेंजर एमेनिटीज के सवाल पर हमने 100 करोड़ रुपए हर जनरल मैनेजर को डिसैंट्रलाइज पावर करके दिये हैं और कहा है कि फेजवाइज खर्चा करिए। हम और आप एक देश के लोग हैं, भाई-भाई हैं। स्टीम इंजन वाला जो स्टेशन था, हम उसी में थोड़ी बहुत बढ़ोतरी करके काम कर रहे थे। हमारी गाड़ियां ऊंची हैं और प्लेटफार्म नीचे हैं। इसीलिए हम बुजर्गों की असुविधा को देखते हुए उसे उस लैवल पर करने जा रहे हैं। हम चारों तरफ कोटा टाइल्स लगा रहे हैं।

छठ त्योहार के मौके पर आपने सब इंतजाम देखे होंगे। हम उत्तर रेलवे को इसके लिए धन्यवाद देते हैं। छठ व्रत के समय हजारों-लाखों बिहारीवासी मजदूर जो बिहार जाते हैं, हमने उनके लिए इतनी गाड़ियां चलायी कि उन्हें कोई परेशानी नहीं हुई। आप हमारे साथ सहयोग करिए और मैंने पहले भी कहा था कि प्लेटफार्म पर पैसेंजर भाई या बहन को अगर सी-ऑफ करना है तो उन्हें प्लेटफार्म के बाहर ही सी-आफ करिए, प्लेटफार्म पर मत जाइए। हम उनकी देखभाल कर लेंगे। रेल के अन्दर न जाने कौन आदमी क्या रख देता है, क्या करता है इसलिए इस बात को ध्यान में रखना होगा। इसमें आप सब का सहयोग मिलना चाहिए।

हम स्टील कोच फैक्ट्री की क्षमता 1004 से 1500 एल जी कोच की बढ़ाने जा रहे हैं। यह फैक्ट्री कपूरथला और चेन्नई में है। सभी गाड़ियां बढ़ाने की मांग करते हैं। जहां कोच साल में 1004 बनती थी, मैंने कहा कि इसे साल में 1500 करो और आने वाले समय में इनकी संख्या और बढ़ाओ। इसलिए हमने वैगन फैक्ट्री उत्तर प्रदेश में बरेली में दी लेकिन वहां अभी तक जमीन नहीं मिली है। चाहे बिहार हो या देश का कोई भी कोना हो, समय पर चीजें न मिलने पर सब चीजों जैसे सीमेंट और लोहे के दाम बढ़ जाते हैं। इसलिए राज्य सरकारों को चाहिए कि वे समय पर जमीन उपलब्ध कराएं। बिहार में तो जमीन उपलब्ध नहीं हो रही है। कहा जाता है कि बिहार की इकॉनॉमी सुधरेगी और दूसरों पर निर्भर नहीं रहेंगे। देश के किसी भी राज्य में कोई फैक्ट्री खुलती है तो देश विकसित होता है और हम सब आगे बढ़ते हैं। इसलिए प्रार्थना है कि एनएचएआई के लिए जैसे कानून बना है, उसी प्रकार रेल विभाग को रेलवे प्रोजैक्ट के लिए समय पर जमीन मिलनी चाहिए और सीधा अधिकार मिलना चाहिए। इसके लिए कानून बनना चाहिए कि रेलवे स्वयं अपना अधिकारी लगाए और किसानों के साथ नैगोसिएशन करके, उचित दाम पर और समय पर जमीन ले ले। हम राज्य सरकारों के ऊपर निर्भर न रहें लेकिन राज्यों से सहयोग लें और लैंड लेकर अपना काम करें। कई जगह लिंक न होने से काम में दिक्कत हो रही है। [a91]

मैं उम्मीद करता हूं कि बिहार सरकार से कि बिहार में जितने रेलवे के पिछड़े राज्य हैं, उन्हें जमीन उपलब्ध कराएंगे, हम यह आशा करते हैं। बिजली की आवश्यकता के बारे में माननीय सदस्यों को जानकर प्रसन्नता होगी, जब दुनिया में गैस का दाम बढ़ता है और आपके पास गैस की उपलबधता उतनी नहीं है जबकि डीजल और पेट्रोल की बहुत जरूरत है। आप देखें दिल्ली में गाड़ियों की वजह से कितना ट्रेफिक जाम होता है, उस वजह से कितना फ्यूल जल रहा है, हवाई जहाज को भी कन्जेशन की वजह से आसमान में घंटों चक्कर लगाना पड़ता है। इससे आसमान में हवाई जहाज के चक्कर लगाने के कारण फ्यूल की काफी बर्बादी हो रही है जबकि हम एक तिहाई डीजल रेलवे में कन्ज्यूम करते हैं। हमारा इरादा है कि हम अपने विकल्प की तरफ चलें और पूरे देश में जो मेन लाईन जा रही है उसे इलैक्ट्रीफिकेशन की दिशा में बदलें, उसके बाद ब्रांच लाईन, लंबे रूटों को बदलें इसलिए लखनऊ से बाराबंकी, छपरा, सिवान, गोपालगंज और गोहाटी तक विद्युतीकरण के काम का जो सैंक्शन लिया था, उसे तेज कर रहे हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा क्षमता बढ़े।

हाल ही में आपने देखा होगा, बिजली की आवश्यकता को पूरा करने के लिए, बिजली महंगा खरीद रहे हैं, रेल महंगा खरीद रहा है, 600-700 करोड़ वैसे ही लग रहा है, ज्वाइंट वैन्चर में एनटीपीसी और रेलवे, दोनों मिलकर बिहार के नवी नगर में, जहां क्रिया भी पूरी नहीं हुई थी उस समय नीतीश जी के चुनाव का समय था, उन्होंने भूमि पूजा कर दी थी, हम राज में थे, राबड़ी देवी के राज में हमने जमीन और पानी देने का कमिटमेंट किया था। नवी नगर में 5300 करोड़ रुपए की लागत से 1000 मेगवाट का एमओयू, एग्रीमेंट हुआ है इससे बिजली, जो हम कन्ज्यूम करते हैं, 90 प्रतिशत बिजली को रेल नेटवर्क सिस्टम में लेंगे। उड़ीसा, झारखंड, बिहार, मध्य प्रदेश में इस बिजली द्वारा इस काम को आगे बढ़ाएंगे। हम काम करने जा रहे हैं, हमें सस्ती बिजली मिलेगी और हमारा बजट अच्छा हो जाएगा।

तटीय रेल में यार्ड, मरम्मत लाईन, मालगाड़ी परीक्षा, संरचना और रचना के विकास के लिए दक्षिण-पश्चिम रेलवे के अंतर्गत सुविधा का प्रस्ताव है। हम समय से पहले चिट्ठी लिखते हैं, खाद विभाग, एफसीआई को चिट्ठी लिखते हैं कि कांडला पोर्ट या जहां से इम्पोर्ट कर रहे हैं या सामान ला रहे हैं, समय से पहले इम्पोर्ट करके दें ताकि रेलवे हर राज्य में खाद को पहुंचाए, ऐसा नहीं होने पर फिर उलटी दिशा में जाना पड़ता है और डम्प कर देते हैं। इससे किसानों के बीच में खाद को लेकर हाहाकार और मारामारी होती है। हमने देखा है कि गेहूं पोर्ट पर रखा हुआ होता है, हमें काम चाहिए, हम ढोने के लिए तैयार हैं, जहां कहो हम पहुंचाने के लिए तैयार हैं, हमें समय रहते जब तक नहीं मिलेगा, तो वही बात होगी - क्या वर्षा जब कृषि सूखा नहीं, जब कृषि समाप्त हो जाएगी, जब बुआई और रोपण का समय खत्म हो जाएगा तो लोग फर्टीलाइजर के बिना भूखा मरेंगे। इस पर बहस होनी चाहिए, हम बहस के लिए तैयार हैं, हम सबसे बड़े ट्रांसपोर्टर हैं, हम इस काम को आगे बढ़ाना चाहते हैं। हमारे देश की सरकार ने गेहूं 1000 रुपए समर्थन मूल्य निर्धारित किया। [r92]चावल का धान का समर्थन मूल्य हमने निर्धारित किया और हम किसानों को साढ़े सात हजार स्टेशनों पर कृषि आउटलेट देने जा रहे हैं, हम किसानों को बाजार देने जा रहे हैं। इस तरह हम से हम इन चीजों पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। रेलवे हमेशा रात-दिन, चौबीसों घंटे इस काम में लगे हुए हैं। मैं आप सभी के प्रति पुनः आभार व्यक्त करना चाहता हूं। हमारा देश आगे बढ़ रहा है। सभी लोगों के साथ, सारे भेदभावों को भूलकर भारतीय रेल आगे बढ़ रही है।

उपाध्यक्ष महोदय, बहुत जगहों पर हमारे माननीय सांसदों ने मांग की है। केरल के माननीय सांसद, जब सेतम डिवीजन का गठन हो रहा था तो काफी लोगों को हमने बुलाया। चेन्नई के सारे लोगों को हमने कहा, केरल में हमने कहा कि निश्चित रुप से हम उन तमाम संभावनाओं को देख रहे हैं कि हम वहां क्या पैकेज दें। क्योंकि केरल में

लगे तो समझिये बिहार में लगा। चेन्नई में लगे तो समझिये केरल में लगा। हम देश के अंदर कोई भेदभाव नहीं करते हैं। एक जगह से दूसरी जगह हमारा हुनर और हमारा स्किल फैलकर काम करता है, इसमें देश की समृद्धि है। हमारी मान्यता है कि जो सामान हम देश में बना सकते हैं, उसके लिए हमें विदेश पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। इसलिए व्हील का कारखाना हो, इलैक्ट्रिक कोच का कारखाना हो, यह देखा गया है कि अंडरग्राउंड मैट्रो का फैशन है, ठीक है, आप चलाइये। हमें इस पर विरोध नहीं है। इस स्टैंडर्ड गेज को हमने कहा कि इसे ब्रोड गेज करिये। यह सारा काम हमारी रेलवे सस्ते में करने के लिए तैयार है, सारा काम हम कर देंगे। लेकिन हम लोगों को काम नहीं मिला। हम बाहर पर डिपैन्डैन्ट हैं। हम बाहर से लोको ले रहे हैं, सामान ले रहे हैं। हमारे देश में इंजिनियरों की या हुनर की कोई कमी नहीं है। आखिर यह मैनपावर का क्या इस्तेमाल होगा। देश में जो अनइम्पलायमैन्ट है, इसका समाधान कैसे होगा? हमारे ट्रेनिंग सैन्टर्स भी नहीं हैं। रेलवे में हम ट्रेनिंग करा रहे हैं। हम ड्राइवरों की ट्रेनिंग करा रहे हैं। जो हमारे अफसर हैं, डी.आर.एम. रैंक से लेकर जी.एम से लेकर बोर्ड के मैम्बर तक को हम फ्रांस आदि देशों में और सारी दुनियां में भेज रहे हैं कि जाकर ट्रेनिंग लो। सब जगह जाकर देखों। हमारा भाई बगल का पड़ोसी चीन हमसे आगे बढ़ गया। सारी दुनिया के मार्केट को चीन कैप्चर कर रहा है। भारत क्यों नहीं? इसलिए हमें नकल नहीं करना चाहिए, बल्कि हमें सीखना भी चाहिए। लेकिन इस देश का दुर्भाग्य है, हम सबके परिवार का दुर्भाग्य है कि हम यह नहीं सोचते हैं कि हमारा पड़ोसी कैसे बढ़ा। हम भारत के लोग यह सोचते हैं कि हमारा पड़ौसी कैसे बढ़ा, इसकी टांग खींचो, इसकी लैग पुलिंग करो। कोई भी आदमी, माननीय सांसद या मंत्री के लिए आजकल कोई न कोई चीजों में टी.वी. आदि में ऑपरेशन आदि हो जाता है। किसी ने स्टिंग आपरेशन कर दिया। अब मोबाइल फोन आ गया। राधाकृष्णन बाबू, मैं मोबाइल फोन नहीं रखता। यह दिमाग को खराब करेगा। यह दिमाग में दर्द करता है। एम.पी. है, मंत्री है, कहीं से किसी ने फोन किया। हमारी बोली बोलकर मुम्बई के फिल्मी कलाकार को बिहार में बुलाकर रुपये ठग लिये। लालू यादव बोल रहे हैं, हैलो, हमारे फिल्मी कलाकार कितने ज्ञानी हैं, बिना वैरिफाई किये हुए चल दिये। वहां पैसा ले लिया। जब आपको फोन आता है तो इस फोन को प्रणाम करिये। फोन पर बोला मैं यह बोल रहा हूं। किसी एक आदमी ने हमें बहुत पहले फोन किया कि मैं सी.जे.आई. बोल रहा हूं। उस समय अहमदी साहब सी.जे.आई. थे। हमने कहा कि सी.जे.आई. साहब का फोन है तो लाओ। हमने कहा - आदाब हुजूर, आदाब हुजूर। लेकिन वह सी.जे.आई. नहीं थे। हम समझ रहे थे कि हमें कोई ठग रहा है। लेकिन हमने भी डर के मारे आदाब हुजूर कहा। लेकिन दोबारा हम फोन टिकाकर रखे थे कि अब दोबारा इसका फोन आया तो टेलिफोन पर हम इनकी मरम्मत करेंगे[b93]। टेलीफोन आता है, कौन आदमी कहां लगाकर रखे हुए हैं, जान छुड़ाने के लिए आदमी बोल देता है कि ठीक है, टीक है, हो जाएगा। वह ठीक है, ठीक में गया। वही देखा गया है कि ठीक है, ठीक है, हो जाएगा। इनसे बचिए और हमारा देश आगे बढ़े। हम आई.टी. का विरोध नहीं करते हैं। इसलिए मैं आग्रह करता हूं कि इस पर मुहर लगाई जाए, अनुमति दी जाए, इसे पास किया जाए और महोदय ने जो हमें आनन्दपुर साहब वाला जो सवाल है,...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : वह जो मैंने आपसे आनन्दपुर साहब को हजूर साहब से मिलाने के लिए कहा था।

श्री लालू प्रसाद : जी हां महोदय, उसे हमने अभी क्लोज नहीं किया है। वह अभी ओपन है। हम इस बारे में आपसे बात करके और रेलवे अधिकारियों से बात करके जरुर हम लोग इसे देखेंगे। आनन्दपुर साहब हम लोगों की पीठ है। इसे हम लोग जरूर देखेंगे।

उपाध्यक्ष महोदय : गुरु गोविन्द जी का 300 साला पूरे हो रहे हैं। इसीलिए हम कह रहे हैं कि आपका नाम होगा।

श्री लालू प्रसाद : सर, इसे पास किया जाए और फिर हम बेहतर बजट फरवरी में देंगे। फरवरी में जो भारतीय रेल का जो बजट आएगा, वह एक बहुत बेहतर बजट होगा और आम आदमी से लेकर, किसान से लेकर, गांव से लेकर, खेत और खलिहान से लेकर और सभी लोगों को यह देश में हम लोग भारतीय रेल की ऐसी छाप छोड़ेंगे कि हमारा देश आगे लगातार बढ़ेगा । आप सभी को मैं बहुत शुक्रिया देता हूं।

MR. DEPUTY-SPEAKER: I shall now put the Supplementary Demands for Grants (Railways) for 2007-08 to the vote of the House.

The question is:

"That the supplementary sums not exceeding the amounts shown in the third column of the Order Paper be granted to the President of India, out of the Consolidated Fund of India, to defray the charges that will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 2008, in respect of the head of the Demand entered in the second column thereof against Demand No. 16."

The motion was adopted.

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

"That this House approves the recommendations contained in Paras 54,55,56,57,58,59,60 and 61 of the Sixth Report of Railway Convention Committee (2004) appointed to review the rate of dividend payable by the Railway Undertaking to General Revenues etc., which was presented to the Lok Sabha on 26th April, 2007."

The motion was adopted.

20.48 hrs.